ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 जून 2025
वर्ष 35, अंक 127, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु 14

ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता 12


## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, एजेंसी




- मई माह में पिछले साल से 16.4 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी
- अप्रैल में पहुंचा था 2.37 लाख करोड़ के सर्वकालिक स्तर पर

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट इंडिया के साझेदार एमएस मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है।

## सेना में वर्दी से बड़ा नहीं धर्म...बर्खास्त अफसर को राहत नहीं

### धार्मिक आधार पर परेड में भाग लेने से इन्कार करने वाले ईसाई सैन्य अधिकारी ने दायर की थी याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी




- कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सेना में धर्म से पहले राष्ट्र
- सभी धर्मों का सम्मान सेना के समन्वित काम के लिए जरूरी

दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इन्कार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किए जाने के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट ने यह कहते हुए सैन्य अधिकारी की याचिका खारिज कर दी कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं लेकिन याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट ने अपनी याचिका में तीन मार्च, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है। याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रतिकूल परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करने वालों के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि दिखने में एकरूपता तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सशस्त्र बल के सुसंगठित, अनुशासित तथा समन्वित कामकाज के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बल धर्म से पहले राष्ट्र को रखते हैं।

#### पादरी के समझाने पर भी नहीं माना

याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक जरूरतों और परेड के लिए सिर्फ एक मंदिर और एक गुरुद्वारा रखे हुए है। उसने खुद को ईसाई धर्म का अनुयायी बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान मंदिर के सबसे भीतरी भाग में जाने से छूट मांगी थी। सेना के अफसरों ने अदालत को बताया कि ईसाई अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट को समझाने के प्रयास किए, उसे एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने उसे समझाया कि अपने कर्तव्य के तौर पर सर्व धर्म स्थल में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा लेकिन इसके बावजूद वह अपने रुख पर अडिग रहा।

### एक नजर

#### सरिस्का टाइगर रिजर्व में जन्मे चार बाघ शावक

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनके साथ ही बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वहीं सरिस्का में शावकों की संख्या भी बढ़ गई है। एसटी 19, सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है जिसने चार शावकों को जन्म दिया है।

#### मान ने पश्चिमी वायु कमान में संभाला पदभार

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। राष्ट्रपति के अति विशिष्ट सेवा पदक और वायु सेना पदक से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे।

#### ऑनलाइन डेटिंग एप्स से लूट में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन डेटिंग एप्स के जरिए लोगों को फंसाकर कर लूटपाट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर में शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# भारत पर जो हाथ डालेगा उसे कर देंगे पूरी तरह नष्ट : धनखड़

### उपराष्ट्रपति बोले-ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने दुनिया को दिया यह संदेश

- आगरा में अहिल्याबाई स्मृति अभियान की संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी के साथ हुए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा



लोगों का अभिवादन करते उपराष्ट्रपति धनखड़ और सीएम योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा, जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह नष्ट करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से यह संदेश भारतीय सेना ने दुनिया को दे दिया है। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए आह्वान किया कि उनकी तरह हमलोग भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को आगरा के जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। कार्यक्रम में संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे आदि मौजूद रहे।

#### अहिल्याबाई की तरह योगी भी कर रहे कार्य

धनखड़ ने कहा कि जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है। आज यूपी का मतलब सुशासन व कानून का राज है।

#### अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने इनके पुनरुद्धार का कार्य किया। कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बदलावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे।

## डीसीएम और पिकअप की टक्कर में 5 लोगों की मौत

### चित्रकूट में झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर हुआ हादसा

- सात अन्य लोग हुए घायल पिकअप के उड़ गए परखचे

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



भीषण हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर रविवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वालों में ज्यादातर बैंड बाजा कंपनी के कर्मचारी थे, जो पिकअप से एक बारात में जा रहे थे।

कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम रविवार दोपहर लगभग 12 बजे रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत बांधी के आगे भखरवार मोड़ के पास सामने से आ रही पिकअप से भिड़ गई। इससे दोनों वाहन आपस में फंस गए और लोगों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए। इसमें बैठे लोग खून से लथपथ होकर फंस गए। डीसीएम भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने जेसीबी की मदद से दोनों वाहनों को अलग किया और दोनों वाहनों में फंसे 13 लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों में से तीन को जिला अस्पताल से प्रयागराज रिफर कर दिया गया।

रास्ते में एक और घायल ने दम तोड़ दिया। इस तरह कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामू साहू (26) ग्राम बल्हौरा थाना मऊ, दुर्गा (36) ग्राम हन्ना के मजरे शिवरतन का डेरा, बच्चा (40) निवासी सखौहा, उनैन (25) निवासी बल्हौरा, संतराम उर्फ राजा (40) के रूप में हुई है। मृतक रामू पिकअप का मालिक था, जो बारात के लिए बैंड बाजा वालों को लेकर जा रहा था। घायलों में इमरान (32) निवासी कुंडा (प्रतापगढ़) डीसीएम चालक है। उसने रास्ते में सवारियां बैठा ली थीं। इसके अलावा दूधनाथ (45), शादिम (25), देवनाथ (42), रजवा (25) और शक्ति (25) सभी पहाड़ी निवासी, हीरो अली (25) घायल हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, विधायक अविनाश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, शिक्षक नेता बराती लाल पांडेय ने घटनास्थल और रामनगर सीएचसी में पीड़ितों को ढांढस बंधाया।

## अब्बास अंसारी की विस सदस्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दी है दो साल की सजा

**अमृत विचार :** नफरती भाषण मामले में सजा की घोषणा के बाद मऊ विधानसभा क्षेत्र (356) से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है।

अब्बास की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 के तहत स्वतः समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने पर उप्र. विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी आधार पर अब उस सीट पर उपचुनाव होगा। इस संबंध में राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने रविवार को ही अधिसूचना जारी कर दी। चुनाव आयोग को भी अधिसूचना की प्रति भेज दी गई है।

मऊ विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद उनकी रिक्त घोषित सीट के लिए चुनाव आयोग उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करेगा। ऐसे में इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सभी दलों की नजरें होंगी। अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। तब सुभासपा व सपा का चुनावी गठजोड़ था। सीट वितरण समझौते में सपा के अब्बास अंसारी को सुभासपा ने अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दिया था। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीत गए और उसके बाद नफरती भाषण दिया था, जिसके तहत मऊ की एमपी व एमएलए कोर्ट ने शनिवार को उन्हें दो साल की सजा सुनाई। दरअसल, अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने से पहले भी वर्तमान 18वीं विधानसभा में पांच सदस्यों की विधायकी जा चुकी है। इनमें इरफान सोलंकी, आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां, राम दुलार, विक्रम सैनी शामिल हैं। यह सभी अलग-अलग दलों से वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे।

## रिश्वतखोरी में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

- सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित आवास से दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आईआरएस के 2007 बैच के अधिकारी सिंघल ने कुल 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

25 लाख रुपये की पहली किस्त शनिवार को मोहाली स्थित उनके आवास पर पहुंचाई जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और हर्ष कोटक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो सिंघल के मोहाली स्थित आवास पर उनकी ओर से रिश्वत ले रहा था। सीबीआई ने कहा कि रिश्वत मांगने के अलावा भुगतान न करने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई करने, भारी जुर्माना लगाने और उत्पीड़न की धमकी भी दी गई थी। सिंघल को नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

## गुटखों के प्लास्टिक पैक पर एनजीटी का केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्लास्टिक पाउच में गुटखा बिक्री रोकने के निर्देश का पालन नहीं

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के सख्त अनुपालन के संबंध में केंद्र से जवाब मांगा है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील की दलीलों पर गौर किया कि अक्टूबर 2021 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 25 ऐसे निर्माताओं को निर्देश जारी किए थे, जिनमें पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने तक तुरंत परिचालन बंद करना शामिल था, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा कि वकील अनुज अग्रवाल के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। इनमें यह भी शामिल है कि प्लास्टिक से बने पाउच का उपयोग गुटखा, तंबाकू और पान मसाला के भंडारण, पैकिंग या बिक्री के लिए नहीं किया जाएगा।

## वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ




- विमान ईंधन के दाम भी तीन प्रतिशत घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, दिल्ली में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 प्रतिशत घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है।

## उपचुनाव के लिए पहली बार मतदाता सूची में संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए फैसला

निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी।

आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीट पर जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी।

## गुजरात के कृषि मंत्री बच्चुभाई खाबड़ का बेटा गिरफ्तार

- मनरेगा घोटाले से जुड़े एक मामले में हुई कार्रवाई

**दाहोद।** गुजरात के पंचायत और कृषि राज्य मंत्री बच्चुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को मनरेगा से संबंधित मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। उसे मनरेगा कार्यों से जुड़े एक अन्य मामले में कुछ दिन पहले ही जमानत मिली थी। बलवंत और उसके भाई किरण खाबड़ को अप्रैल में उनके खिलाफ दर्ज पहली प्राथमिकी के मामले में 29 मई को जमानत दी गई थी। पुलिस उपाधीक्षक जगदीशसिंह भंडारी ने बताया कि बलवंत को रविवार को गिरफ्तार किया गया जब दाहोद ''बी'' संभाग पुलिस ने शनिवार को उसके खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि 31 मई को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, खाबड़ की कंपनी को 2022-23 में दाहोद जिले के धनपुर तालुका के भानपुर गांव में मनरेगा के तहत आवंटित कार्य पूरा किए बिना 33.86 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ था।

## डांटने का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

### उच्चतम न्यायालय ने आरोपी स्कूल छात्रावास के प्रभारी को किया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है।

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं।

जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी बड़ी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।

#### केवल गलती में सुधार के लिए थी फटकार

आरोपी व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

## एक नजर

### सपा नेता का अश्लील वीडियो वायरल

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र का मामला है जहां पर सपा नेता का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह एक युवती साथ अश्लील हरकतें करते नजर आ रहे। वहीं, युवती शराब की बोतल हाथ में पकड़े दिख रही है। वह बेड पर सपा नेता की गोद में बैठी है। वीडियो में दिख रहा सपा नेता रामसागर उर्फ मुखिया यादव है। वह मेजा लोहारी का रहने वाला है और साधन सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष थे। वीडियो में सामने आने के बाद डीसीपी यमुना नगर विवेक चंद्र यादव ने मामले में मेजा थाने में रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। वहीं, सपा नेता मुखिया यादव कहना है कि यह वीडियो फर्जी है।

### जीएनएम दाखिले के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू

**लखनऊ:** नर्सिंग कॉलेजों में संचालित जीएनएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित केंद्रीयकृत परीक्षा संपन्न होने के बाद कॉलेज आवंटन के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों से यूपीजीईटी-2025 पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले के लिए केंद्रीयकृत प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा संपन्न हो चुकी है।

# एसएएफ क्षेत्र में 3 हजार करोड़ का होगा निवेश

## 18 से अधिक कंपनियां इकाइयां स्थापित करने को तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 18 से अधिक कंपनियों ने सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) इकाइयां स्थापित करने में गहरी दिलचस्पी दिखायी है। इन फर्मों ने सामूहिक रूप से यहां इस क्षेत्र में 3,000 करोड़ से अधिक के निवेश की रुचि दिखाई है। इनमें ग्रीनको, एएम ग्रीन्स, ई20 ग्रीनफ्यूल्स, न्यू एरा क्लीन टेक और मालब्रोस ग्रुप समेत डेढ़ दर्जन से अधिक कंपनियां शामिल हैं। इससे राज्य के वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग और प्रशस्त होगा।

- **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी की राउंडटेबल बैठक**

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) के विनिर्माण में अवसरों की खोज के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में एक उच्च-स्तरीय राउंडटेबल का आयोजन किया। इस बैठक में प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति विशेषज्ञ शामिल हुए, जिन्होंने इस उभरते हुए हरित ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

**किसानों को मिलेगा सीधा लाभ :** इस नीति के अमल में आने के बाद स्थानीय कृषि क्षेत्रों से सीधे कच्चा माल खरीदने से, यह क्षेत्र ग्रामीण आय को बढ़ाने और बेहतर मूल्य दिलाने में मददगार होगा।

### यूपी में लंबित जीएसटी मामलों का होगा समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में निवेशकों को सुविधाएं प्रदान करने और नीति संबंधी बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से जुड़े मुद्दों पर एक उच्च-स्तरीय सत्र का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को लंबित जीएसटी प्रतिपूर्ति मामलों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाले प्रोत्साहन और जीएसटी प्रतिपूर्ति में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य निवेशकों के लिए एक सहज और सुविधाजनक वातावरण बनाना है। जीएसटी मुद्दों का शीघ्र समाधान उद्योग के विश्वास को मजबूत करेगा और हमारी नीतियों को ठोस परिणामों में बदलने में मदद करेगा। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों की लंबित जीएसटी संबंधी चिंताओं को हल करना, राज्य के प्रोत्साहन तंत्र में स्पष्टता लाना और उत्तर प्रदेश को उद्योग-अनुकूल निवेश गंतव्य के रूप में और अधिक सशक्त बनाना था। बैठक में प्रमुख उद्योग जगत के हितधारकों, अग्रणी जीएसटी विशेषज्ञों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। वरुण बेवरेजेज, बलरामपुर चीनी मिल्स और पसवाड़ा पेपर्स लिमिटेड सहित कई प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि, साथ ही पिकअप और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी भी इस चर्चा में शामिल हुए।

## आपत्तिजनक टिप्पणी पर एसडीओ कटहरा निलंबित

**प्रयागराज, अमृत विचार।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने प्रयागराज के कटहरा फीडर (हंडिया) में तैनात उपखंड अधिकारी (एसडीओ) विजय कुमार यादव को देर शाम निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उप खंड अधिकारी की लगातार मिल रही शिकायतों और अनुशासनहीनता पर की गई है। निलंबन आदेश मुख्य अभियंता (प्रवर्तन), पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी ने एमडी शंभू कुमार ने जारी किया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि एसडीओ विजय कुमार यादव का व्यवहार क्षेत्र के उपभोक्ताओं के प्रति अनुचित, अमर्यादित और विद्युत विभाग की गरिमा के प्रतिकूल रहा है। वह उपभोक्ताओं से ना केवल अभद्र भाषा में बात करते हैं, बल्कि जातिगत टिप्पणियां भी करते हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय तिवारी ने बताया कि उनके भाई प्रो संतोष तिवारी ने भी एसडीओ की शिकायत की थी। बिजली की शिकायत दर्ज कराने गए प्रो. संतोष तिवारी के साथ भी एसडीओ विजय यादव ने दुर्व्यवहार किया था।

## ढाई बीघे तालाब पर अवैध कब्जा, जांच शुरू

संवाददाता, प्रयागराज

- **क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर एसडीएम सोरांव ने शुरू की कार्रवाई**

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अटरामपुर में ढाई बीघा के सरकारी तालाब पर आसपास के दबंगों ने कब्जा कर घर सहित अन्य निर्माण शुरू कर दिया है जबकि बारिश के दौरान आसपास का पानी तालाब में एकत्र होता था। क्षेत्रीय लोगों ने सोरांव के एसडीएम हीरालाल सैनी ने तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत किया था। एसडीएम हीरालाल सैनी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू करवा दिया है, इससे दबंगों में हड़कंप मच गया है।

प्रयागराज - लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग नवाबगंज से सटा हुआ अटरामपुर गांव है जहां पर आसपास का बारिश का पानी एकत्र होने के लिए ढ़ाई बीघा का सरकारी तालाब है। इस तालाब के आसपास रहने वाले दबंग लोग अब तालाब को पाटकर उस पर मकान सहित अन्य अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। इससे आसपास के लोग परेशान हो गये है कि सरकारी तालाब पटने से बारिश का पानी अब कहां जाएगा। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने सोरांव एसडीएम हीरालाल सैनी से मामले की शिकायत करते हुए कब्जा करने वाले दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। एसडीएम सोरांव हीरालाल सैनी के निर्देश पर क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक और लेखपालों की टीम ने सरकारी तालाब का निरीक्षण कर एसडीएम सोरांव को तालाब पर हो रहे अवैध कब्जे की जानकारी दी है। सोरांव एसडीएम हीरालाल सैनी ने अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश देते हुए अवैध कब्जा शीघ्र हटाने का निर्देश दिया है। इससे दबंगों में हड़कंप मच गया है।

उधर, क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सरकारी तालाब पर कब्जा होने से बारिश का पानी गांव के सैकड़ों लोगों के घर में घुस जाएगा और उनका रहना मुश्किल हो जाएगा। सभी लोगों ने सोरांव एसडीएम हीरालाल सैनी को शीघ्र कार्रवाई शुरू करने के लिए धन्यवाद किया है।


**नोटिस नमूना आम**

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय लालगंज रायबरेली

वाद संख्या टी 202510580402150 सन.ई

विशम्भर सिंह आदि – वादी/प्रार्थी

बनाम

बलबीर सिंह आदि प्रतिवादी /विपक्षी गण

1. बलबीर सिंह पुत्र स्वर्गीय बजरंगी सिंह, 2. धर्मेंद्र सिंह, 3. योगेंद्र सिंह, 4.रामेंद्र सिंह पुत्रगण स्व. बजरंगी सिंह, 5. बलराम सिंह पुत्र शिवनारायण सिंह, 6. अकबाल बहादुर सिंह, 7. अनूप सिंह , 8. केशव सिंह , 9. हनुमंत लाल सिंह पुत्रगण गोवर्धन सिंह, 10. श्रीमती देवरती पत्नी स्व0 गोवर्धन सिंह, 11.अमरेंद्र बहादुर सिंह, 12.कृष्ण बहादुर सिंह, 13. चंद्र बहादुर सिंह, 14. विजय बहादुर सिंह पुत्रगण बाबू सिंह, 15. अभिजीत सिंह, 16. प्रदीप सिंह पुत्र गण सूर्य बहादुर सिंह, 17 . लाल बहादुर सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह उपरोक्त समस्त निवासी गण ग्राम सिंघौर तारा पर. सरेनी तह. लालगंज जिला रायबरेली 18. उदय प्रताप सिंह पुत्र लल्लन साहब उर्फ शत्रु साल सिंह निवासी बेनी माधवगंज पर. सरेनी तह. लालगंज रायबरेली, 19 .राजेश सिंह पुत्र काली प्रसाद निवासी चक गौर, 20. गांव सभा सिंघौर द्वारा ग्राम प्रधान सिंघौर तारा पर. सरेनी तह. लालगंज रायबरेली चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 116 उ.प्र.रा. संहिता 2006 अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 17 माह 06 सन 2025 ई को दिन में 10 बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 27.माह...05 सन.25... ई को जारी की गई।

हस्ताक्षर

पीठासीन अधिकारी

न्यायालय लालगंज रायबरेली।


# पीडीए, आवास विकास रिंग रोड को सेक्टरों में बांटकर करें विकास

**प्रयागराज, अमृत विचार।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज प्रयागराज में थे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिया। उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन रिंग रोड के आसपास सेक्टरों में बांटकर विकास करने का अफसरों को निर्देश दिया है।

उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए)और आवास विकास परिषद को रिंग रोड के आसपास विकास की योजना तैयार करने का शीघ्र निर्देश दिया है। डिप्टी सीएम ने रिंग रोड के आसपास एक किमी दायरे में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवासीय, व्यावसायिक गतिविधियां, मनोरंजन, खेल-कूद के दृष्टिगत योजना तैयार करने का सुझाव दिया। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा अमितपाल शर्मा को एस्टेट लैंड पर अवैध प्लॉटिंग रोकने के लिए नियमित निगरानी के साथ भूमाफियाओं पर कार्रवाई और शहर के विस्तारित क्षेत्र में ग्राम सभा की जमीन को कंटीले तार से घेरने का निर्देश दिया।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बैठक में जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर डिप्टी सीएम ने



अफसरों के साथ सर्किट हाउस बैठक करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद। अमृत विचार

- **विद्युत विभाग की समस्याओं के निस्तारण पर दें जोर**

विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता से पूछताछ की और आपूर्ति सुधारने के लिए अधिक कनेक्शन वाले इलाकों में ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने, पारदर्शी बिल देने का निर्देश दिया। मुख्य अभियंता ने विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एप जारी करने की जानकारी दी। एप को गूगल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप के जरिए उपभोक्ताओं को एकाउंट - कनेक्शन नंबर से लॉगिन कर लोड बढ़ाने, बिल डाउनलोड करने, बिल जेनरेट व भुगतान करने तथा अन्य सुविधाएं ऑनलाइन मिलेंगी।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बैठक में बारिश से पहले अभियान चलाकर नालों की सफाई कराने, महाकुम्भ की लंबित परियोजनाओं का काम गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। नगर निगम को एनएचएआई के साथ समन्वय बनाकर मार्गों की लाइटें समय से जलाने, महाकुम्भ के दौरान लगाए गए पौधों को सूखने से बचाने, हर घर नल के काम में तेजी लाने के साथ तीन साल से अधिक एक ही पटल पर कार्यरत पटल सहायकों का ट्रांसफर करने, तहसील, थाना व ब्लॉक स्तर पर जनता की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, विधायक (फाफामऊ) गुरु प्रसाद मौर्या, विधायक (फूलपुर) दीपक पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल, डीएम रविंद्र कुमार मांदड़, पीडीए उपाध्यक्ष डॉ. अमित पाल शर्मा, सीडीओ हर्षिका सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# उत्तर मध्य रेलवे ने लगाए एक लाख पौधे

**प्रयागराज, अमृत विचार।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े का आयोजन चल रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । सभी स्टेशनों पर, कॉलोनी, कारखाने और डिपो सहित अन्य स्थानों पर जैसे- आम, नीम, पीपल, अमला, शरीफा, कटहल, कनेर सहित अन्य हाइब्रिड मियावाकी या क्लस्टर प्लांटेशन लगाया जा रहा है। कुछ स्थानों पर प्लांटेशन इत्यादि के बचाव के लिए फेंसिंग, ड्रिप इरीगेशन, की व्यवस्था की गई । प्रयागराज, झांसी, आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधको तथा कर्मचारियों ने 40,000, 35,000, 25,000 पौधारोपण किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय (एनसीआर) में पौधारोपण कार्यक्रम महाप्रबंधक उपेंद्र चन्द्र जोशी की मार्गदर्शन में तथा प्रधान मुख्य इंजीनियर एस सी जैन के देखरेख में संपन्न हुआ । रेलगांव कॉलोनी में कुल 6,000 पौधे लगाए गए। इस पौधारोपण के लिए लोकल नर्सरियों से तथा वन विभाग से विभिन्न किस्म के पौधे लिए गए थे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक एवं श्रीमती जेएस लाकरा ने पौधा लगाकर किया। प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिमेष कुमार सिन्हा ने सभी को हरित शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में गंगा टास्क फोर्स के कर्नल अरविंद प्रसाद संकरन (कमान अधिकारी) के दिशा निर्देशन तथा लेफ्टिनेंट कर्नल मिलन मिश्रा के अगुवाई में पौधरोपण कार्यक्रम को संपन्न कराया गया जिसमें सूबेदार सर्वेश, सूबेदार महेंद्र, हवलदार सत्येंद्र इत्यादि टीम के सदस्य उपस्थित थे। उनकी तरफ से लगभग 30 लोग एवं 200 पौधो का सहयोग दिया गया। श्रीमती लाकरा एवं श्रीमती अय्यर के द्वारा सफाई कर्मियों को स्टील की बोतले एवं कपड़े के थैले बांटे गए और सभी बच्चो को उपहार भी प्रदान किए गए। इसका उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करना है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 1296261 वर्ष 2011 का अंक पत्र सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **अरविन्द कुमार पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम अमेठिया पो0 हरिहरपुर थाना टडियांवा जिला हरदोई।**

**सूचना**

सूच्य हो कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड में पॉलिसी संख्या 13071261 में मेरा नाम YOGESH KUMAR YADAV S/O SHIV PRAKASH लिखा हुआ है। जबकि अन्य अभिलेखों में YOGESH S/O SHIV PRASAD लिखा है। यह दोनों मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है और मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना और समझा जाता है। YOGESH S/O SHIV PRASAD R/O LALAU KHEDA, DEEH, UNNAO, UP-209801

**सूचना**

मैंने अपना नाम धर्मेश कालड़ा पुत्र श्याम सुंदर से बदलकर राधव कुमार पुत्र श्याम सुंदर कर लिया है। भविष्य में मुझे राधव कुमार के नाम से ही जाना और पहचाना जाए। **राधव कुमार पुत्र श्याम सुंदर निवासी 5 ई-40 बी.पी. थर्ड फ्लोर सूर्या हॉस्पिटल के पास फरीदाबाद हरियाणा।**

**सूचना**

सूचित हो कि कुन्दन पुत्र बुधई के छह बेटे हैं। जिसमें पुत्र लक्ष्मन और बहू शकुंतला परिवार के लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं। साथ ही परिवार के काम में कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। लक्ष्मन और शकुंतला का चाल चलन भी ठीक नहीं है। जिसके चलते बेटे व बहू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब दोनों के द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **कुन्दन पुत्र बुधई निवासी ग्राम तप्पेसिपाह मथुरापुरवा थाना जरवल रोड बहराइच।**

**सूचना**

मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश Versh Trivedi (वर्षा त्रिवेदी) नाम दर्ज हो गया था। जबकि सही नाम varsha (वर्षा) हैं जोकि अन्य सभी अभिलेखों में दर्ज है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **विवेक कुमार त्रिवेदी निवासी – ग्रा. एकडला, विजुआमऊ पो. लालपुर कमलापुर सीतापुर**


# सपा ने भरी हुंकार, कहा लहराएगा परचम

**नैनी/प्रयागराज, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी शहर दक्षिणी विधानसभा के चक भटाई, नैनी में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रत्याशी फूलपुर अमरनाथ मौर्या ने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा का परचम लहराएगा।

इसी तरह हमारे कार्यकर्ता लगे रहेंगे तो आने वाले समय में सपा की प्रदेश में सरकार अवश्य बनेगी। हम लोगों को मेहनत कर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना है। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सैयद इख्तियार हुसैन ने की। कार्यक्रम संयोजक धीरेंद्र यादव उर्फ धीरू के नेतृत्व में एक दर्जन कई दलों के कार्यकर्ताओं ने सपा की सदस्यता लिया। अतिथियों का स्वागत शहर दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष पीर मोहम्मद अजहर ने किया। संचालन चौधरी देवीलाल एवं अंकित यादव चंचल ने की। इस अवसर पर राम मिलन यादव, मो शरीफ, वजीर खान, हरिओम साहू, बब्बन दुबे, शशांक त्रिपाठी, प्रभात कुमार, संतोष यादव, रवि गुप्ता, सुभाष केसरवानी, राजेश गुप्ता, मोहम्मद गौस, रविंद्र यादव, राजेश यादव, भोले पाल, जितेंद्र गुप्ता, दिनेश प्रजापति, त्रिलोकी, राज सोनकर, लियाकत अली, अजय यादव, मो इश्तियाक, राजू, महेश यादव, सतीश श्रीवास्तव, दीपक केसरवानी, गोपाल यादव, मुकेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## विजेता टीम को मिला गोल्ड कप

**प्रयागराज।** एनजीआईटी इंस्टिट्यूट की ओर से विद्यार्थियों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एसटीपी ग्राउंड, मेहंदोरी में आज किया गया। टूर्नामेंट में संस्थान की दो टीमें टीम 'ए' और टीम 'बी थी। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षक श्रीनारायण यादव तथा वरिष्ठ कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र के करकमलों से हुआ। उन्होंने अनुशासन और टीम वर्क का संदेश दिया। मैच के अंत में टीम 'ए' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयी ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को गोल्ड कप और उप विजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## वर्ग पहेली- 449

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा। 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।

4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।

5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।

7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।

2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।

3. नयापन, नूतनता।

5. अच्छे या शुभ दिन।

6. खाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।



### वर्ग पहेली -448 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | ड़ु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 20.37 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- मघा 22.56 तक तत्पश्चात पूर्वा फाल्गुनी।

**मेष** – आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

**वृष** – आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। जॉब इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे।

**मिथुन** – आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। ऑफिस में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**कर्क** – आज इससे आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

**सिंह** – आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वह आपको काफी परेशान करेगा।

**कन्या** – आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**तुला** – आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लेना हितकर होगा। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**वृश्चिक** – आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। पुराने रुके हुए कार्य शुरू हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**मकर** – आज आपके खर्चों में कमी आएगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** – आज रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**मीन** – आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

## सुडोकू -173

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | | 6 | | | | | |
| | 3 | | | | | | 2 | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 172 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# 540 अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड प्रवेश परीक्षा

## शांतिपूर्ण ढंग से सात केन्द्रों पर निपटी परीक्षा, सीसीटीवी की रही निगरानी, अफसरों ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



जीजीआईसी बाराबंकी में बीएड प्रवेश परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रविवार को जिले के सात परीक्षा केन्द्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। दो पालियों में हुई परीक्षा से कुल 540 अभ्यर्थियों ने किनारा किया। सीसीटीवी की निगरानी के साथ ही आला अफसर परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते रहे।

रविवार को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए राजकीय बालिका इंटर कालेज व राजकीय इंटर कालेज बाराबंकी, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज, जवाहरलाल नेहरु मेमोरियल पीजी कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक जहांगीराबाद, जमील उर रहमान क़िदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख सहित कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ ही परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिये प्रति दो परीक्षा केंद्रों के लिए एक केंद्र प्रतिनिधि, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। रविवार को बीएड प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 और द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई। प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा में कुल 3120 परीक्षार्थियों में 2844 उपस्थित जबकि 276 अनुपस्थित रहे, वहीं दूसरे प्रश्नपत्र की परीक्षा में 2856 उपस्थित और 264 अनुपस्थित रहे।

बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के नामित नोडल जिला समन्वयक जनेस्मा डिग्री कालेज के प्राचार्य डा सीताराम सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। एएसपी दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीओ नगर सुमित त्रिपाठी, सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव आदि ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

## एक नजर

### 4 वाहन सीज, नियमों के उल्लंघन पर 4 का चालान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने निजी वाहनों के अवैध व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। लखनऊ-बाराबंकी हाईवे पर की गई कार्रवाई में विभाग ने 4 वाहनों को सीज किया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला और यात्री/मालकर अधिकारी रवि चंद्र त्यागी की टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान टीम ने पाया कि आर्टिगा और बोलेरो सहित 4 निजी वाहनों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इन वाहनों को थाना मोहम्मदपुर चौकी पर सीज कर दिया गया। साथ ही नियम उल्लंघन के लिए 4 चालान भी काटे गए।

### इनवर्टर, मोटर समेत 2 लाख का सामान जला

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मसुरिहा चौराहे पर रविवार सुबह एक बिजली की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस हादसे में दुकान में रखा करीब दो लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के मालिक वसीम मोहम्मदपुर खाला थाना के मसुरिहा ग्राम पंचायत के रज्जापुरवा के रहने वाले हैं। शनिवार शाम को वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। रविवार सुबह दुकान से धुआं निकलता देख राहगीरों ने वसीम को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। इस आग में दुकान में रखे इनवर्टर, तीन स्टेबलाइजर, करीब दस मोटर, बिजली के तार, विभिन्न उपकरण और पंखे जलकर नष्ट हो गए।

### एक दुकान में दो बार चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र की जनता के सहयोग से बीएनएस में वांछित आकाश कुमार निवासी मौथरी थाना सतरिख को गिरफ्तार किया व इसके पास से चोरी के 1600 रुपये बरामद किए। पूछताछ से पता चला कि आरोपी ने कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सफेदाबाद स्थित हार्डवेयर की दुकान से सामान व नकदी चोरी की थी। इसे बेचकर चोर ने इसी दुकान से फिर हार्डवेयर का सामान चोरी किया था।

### तीन जोड़े फिर साथ रहने को हुए राजी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला थाना प्रभारी व महिला परामर्श केन्द्र की काउंसिलिंग के बाद 3 दम्पति एक बार फिर साथ रहने के लिए राजी हो गए। रविवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्षों के लोग उपस्थित हुए। महिला थाना, महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप 3 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

### 200 ग्राम पोस्ता छिलका के साथ आरोपी पकड़ा गया

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** रामसनेहीघाट पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर राम हेत निवासी भावनियापुर खेवली को लालपुर मोड़ के पास शनिवार की रात को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 200 ग्राम पोस्ता छिलका बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सड़क दुर्घटनाओं में 3 की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अलग अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

टिकैतनगर के मोहल्ला धधवारा निवासी राम सिंह चौहान (60) शनिवार देर रात साइकिल से बाईपास मार्ग स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के पास केन में दूध लेकर डेरी पर देने जा रहे थे। सड़क पार करते समय बाइक सवार ने रामसिंह की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राम सिंह और दूसरी बाइक सवार संजय (32) घायल हो गए। सीएचसी दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां से ट्रामा सेंटर रेफर हुए रामसिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दारापुर के पास हाईवे पर हुई। दारापुर के रहने वाले मनोज गौतम (37) शनिवार की रात लगभग 10 बजे बाइक से गांव की ओर लौट रहा था। गोरखपुर से जयपुर जा रही बस ने बाइक सवार मनोज को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक को गिरफ्तार कर लिया।

सूरतगंज प्रतिनिधि के अनुसार, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसौली गांव निवासी शिवपाल (35) शनिवार देर शाम घर वापस आ रहा था। सूरतगंज-मोहम्मदपुर खाला मार्ग पर अज्ञात वाहन ने शिवपाल को टक्कर मार दी। घायल बाइक सवार शिवपाल को सीएचसी भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

एक और हादसा बाराबंकी-रामनगर हाईवे पर हुआ। रविवार की भोर करीब तीन बजे भाड़ा लेकर ट्रक रामनगर की ओर जा रहा था। मसौली चौराहा के निकट महाराज ढाबा के सामने पहले से खड़े वाहन में ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक क्षतिग्रस्त होने के साथ चालक रमापति (24) पुत्र संतोष निवासी ग्राम रहेनटोला थाना नानपारा जिला बहराइच व खलासी सलमान (28) पुत्र शेख अली निवासी ग्राम नारायणपुर थाना इकौना जिला श्रावस्ती घायल हो गए। लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया। यहां से डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया है।

# मोनू हत्याकांड के दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब एक सप्ताह पूर्व शहर में युवक को छत से फेंककर हत्या के दो और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इस घटना में दो को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

शहर के आवास विकास कालोनी स्थित आवास विकास की कांशीराम कॉलोनी में गत सोमवार रात कालोनी की चौथी मंजिल पर मोनू (25) को उसके ही दोस्त छत पर बुलाकर ले गए। यहां पर पहले से ही निहाल, महताब, टेनी, आकिब व अन्य के बीच झगड़ा चल रहा था। इस दौरान मोनू का भाई भी मौजूद था। मोनू ने झगड़ा शांत कराने के लिए बीच-बचाव किया, तभी महताब, निहाल आदि ने मोनू को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। आरोप लगा कि मोनू के दोस्त महताब, निहाल, टेनी, आकिब आदि ने कहासुनी के बाद उसे चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। मोनू ने लोहिया में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने इस मामले में महताब व निहाल को पकड़ लिया था। इस क्रम में दो अन्य आरोपी अर्सलान पुत्र मो. बसीर निवासी दक्षिणी टोला बंकी व आकिब पुत्र फिरोज निवासी काशीराम कालोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## संदिग्ध आरोपी को थाने से छोड़ा सीएम से शिकायत

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पकड़े गए संदिग्ध को थाने से छोड़ने की शिकायत सीएम समेत अन्य अफसरों से की गई है। वहीं पुलिस ने कहना है कि ठोस साक्ष्य न मिलने पर छोड़ा गया था। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के पण्डित पुरवा मजरे हरक्का के अनूप पांडेय ने एक माह पहले उसके घर हुई चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद चोर का पता लगाकर नामजद तहरीर भी दी। पुलिस ने नामजद आरोपी राजेश तिवारी को पकड़ा और 24 घंटे बाद उसे छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला का कहना है कि साक्ष्य नहीं मिलने पर आरोपी को छोड़ा गया।

# बिल्डर से 99 लाख की जालसाजी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**दिया धोखा**

» जमीन दिलाने के नाम पर ठगों ने हड़प ली रकम

**अमृत विचार :** शहर में एक बिल्डर से 99 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। 93 एकड़ जमीन का स्वामित्व दिखाते हुए रुपये ले लिए गए लेकिन जांच में जमीन पर कब्जा अन्य का हुआ मिला। बिल्डर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पूर्वांचल बिल्डर्स एंड इन्फ्राडेवलपर्स के प्रोपराइटर राजकुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि नवाबगंज तहसील क्षेत्र में स्थित 93 एकड़ भूमि को फर्जी मालिकाना दावा करते हुए अतीक राइन नामक व्यक्ति और उसके सहयोगियों शहाबुद्दीन, अजीत राय सहित अन्य लोगों ने उन्हें धोखे से फंसाया। जमीन का नोटरी एग्रीमेंट, रजिस्ट्री के जरिए 99.20 लाख रुपये की ठगी की गई।

पीड़ित ने यह भी बताया कि संबंधित भूमि पर कब्जा वास्तविक काश्तकारों का है और अतीक राइन की कोई वैध स्वामित्व की स्थिति वहां नहीं है। शिकायतकर्ता ने खुलासा किया कि अतीक राइन ने उन्हें कई बार झूठे वादों में उलझाकर रजिस्ट्री के स्टाम्प भी खरीदवाए, जिसका उपयोग तक नहीं हुआ। बाद में राजकुमार सिंह को कथित रूप से असली मालिकों से मिलवाया गया और दोबारा उनसे पैसे लेकर रजिस्ट्री कराई गई लेकिन भूमि पर कब्जा आज तक नहीं मिल सका है।

अतीक राइन द्वारा दिए गए एक समझौता पत्र में स्वयं स्वीकार किया गया है कि उन्होंने राजकुमार से 85.20 लाख रुपये लिए हैं और वापसी की बात कही है। शिकायतकर्ता ने जब अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें धमकी दी गई कि अगर कहीं शिकायत की, तो जान से मार दिया जाएगा। राजकुमार सिंह ने अब पूरे मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए आरोपितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने, गिरोह का भंडाफोड़ करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## सात साल बाद पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसरांय थाना पुलिस ने 7 वर्षों से लापता चल रहे एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने के साथ ही 23 साल से लापता एक हिस्ट्रीशीटर का सत्यापन किया है।

थाना बदोसरांय पुलिस द्वारा 23 वर्षों से लापता चल रहे हिस्ट्रीशीटर भागीरथ का सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान ज्ञात हुआ कि हिस्ट्रीशीटर भागीरथ उपरोक्त गोण्डा के थाना कटरा बाजार के चौहान पुरवा गांव में नाम बदलकर मजदूरी कर रहा था। साथ ही थाना पुलिस ने 7 साल से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर बुंदेला दीक्षित उर्फ रवि दीक्षित पुत्र निर्मल दीक्षित ग्राम आमनियापुर थाना बदोसरांय को गिरफ्तार किया।

# फंदे से लटकते मिले युवती समेत दो लोगों के शव

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग अलग जगहों पर एक युवती समेत दो लोगों के शव फंदे से लटके मिले। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पहली घटना बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम रमसहांय की है। रविवार की सुबह इस गांव के रहने वाले शेष नारायण तिवारी की 22 वर्षीया पुत्री शिल्पी का शव घर के एक कमरे में रस्सी से बने फांसी के फंदे से लटकता मिला। सुबह 5 बजे सोकर उठे चाचा बृजेश ने यह दृश्य देखा तो अवाक रह गये। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दूसरी घटना दरियाबाद थाना क्षेत्र की है। क्षेत्र के ग्राम बन्ने तले निवासी हरिप्रसाद लोधी के पुत्र मिन्नी (32) का शव गांव में ही अमरूद की बाग में पेड़ से लटकता मिला। शव की पहचान कर बाग मालिक ने परिवारवालों को घटना की सूचना दी। परिजनों के अनुसार मिन्नी मानसिक मंदित था। पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या की दोनों ही घटनाओं में कारणों का पता नहीं चल सका है।

## लूट की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**बाराबंकी: अमृत विचार :** थाना फतेहपुर पुलिस ने दो दिन पूर्व हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए 3 लुटेरों को गिरफ्तार किया है। टीम ने इनके कब्जे से लूट की एक बाइक व एक तमंचा, कारतूस बरामद किया।

फतेहपुर पुलिस ने रविवार को लूट की घटना का खुलासा करते हुए अशोक कुमार, मनीष कुमार, मनमोहन यादव निवासी रामनिवाजपुरवा थाना फतेहपुर को साढ़ेनहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से लूट की बाइक व एक तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ से पता चला कि आरोपियों ने बरामद बाइक 30 मई को गुरसेल नहर पटरी से राह चलते एक व्यक्ति से छीन ली थी।

# पिटाई कर विवाहिता को फंदे से लटकाने का प्रयास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ससुराल में कार व नकदी की मांग को लेकर प्रताड़ित की जा रही विवाहिता को पीट कर फंदे से लटकाने की कोशिश की गई। आरोप है कि चौकी पुलिस ससुराल पक्ष के दबाव में आकर पीड़िता की सुनवाई नहीं कर रही। एसपी के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सतरिख के छत्रपाल मजरे दुलहीपुर की रहने वाली प्रियंका रावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 20 अप्रैल 2024 को अमित कुमार से साथ हुआ था। प्रियंका का कहना है कि विवाह के समय उसके परिजनों ने अपनी हैसियत से अधिक दहेज दिया। इसके बावजूद पति अमित कुमार, सास पदमा, देवर सुमित और अभय, ननद ममता, रेनू, और लक्ष्मी कार और एक लाख रुपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। बताया कि 19 अप्रैल को उसे बेरहमी से पीटकर अशोभनीय व्यवहार किया गया। उसने कोतवाली नगर पुलिस को तहरीर दी थी, जिस पर समझौता करा दिया गया। आरोप है कि 27 मईकी रात ससुरालीजनों ने उसे पीटा और फंदे पर लटकाकर जान से मारने की कोशिश की। उसका शोर सुनकर मोहल्ले वालों ने मायका पक्ष को सूचना दी। मौके पर पुलिस तो पहुंची, परंतु चौकी गदिया पुलिस ने मेडिकल कराया, न ही एफआईआर दर्ज की।

**उत्साह** | नागरिकों ने पूर्व सांसद उपेंद्र रावत पर पुष्पवर्षा कर किया धन्यवाद, 87 करोड़ से पूरा होगा प्रोजेक्ट

# ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति मिलने से बंकी के लोगों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



आवास पहुंचकर पूर्व सांसद को धन्यवाद देते बंकी के नागरिक। अमृत विचार



बंकी पहुंचे पूर्व सांसद का स्वागत करते स्थानीय नागरिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बंकी-बाराबंकी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण को रेलवे मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। यह प्रोजेक्ट 87 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत के प्रयासों से यह स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने के बाद बड़ी संख्या में बंकी के नागरिक पूर्व सांसद के आवास पहुंचे। उन्होंने फूलमाला पहनाकर पूर्व सांसद को बधाई दी। साथ ही बंकी जाते समय भी रेलवे स्टेशन और बंकी क्रॉसिंग पर व्यापारियों और नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर पूर्व सांसद उपेंद्र रावत का स्वागत किया। ओवरब्रिज निर्माण से आसपास के 50 गांवों के लोगों को लाभ होगा। यह प्रोजेक्ट 50 साल के लंबे इंतजार के बाद मंजूर हुआ है। अतिव्यस्त रूट पर स्थित होने के कारण यह क्रॉसिंग अधिकतर समय बंद रहती है। इस मौके पर पूर्व सांसद के निजी सचिव दिनेश चन्द्र रावत, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ जिला संयोजक नवीन राठौर, विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनूप कुमार यादव, श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिवस्वामी वर्मा, शिव कुमार शर्मा, सुनील कुमार मौर्या, देवराज त्रिपाठी, राहुल जायसवाल, सतीश जायसवाल, विद्या सागर शर्मा, मनीष गौतम सभासद, राहुल रावत सभासद, रजी सिद्दीकी सभासद, आशीष अवस्थी बूथ अध्यक्ष, उत्कर्ष जायसवाल बूथ अध्यक्ष, अनीता सिंह, रामू लोधी, खुशीराम यादव पूर्व वाइस चेयरमैन, इरफान, टोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नगरवासी उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण माहौल में मनायें त्योहार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बकरीद को लेकर जिले भर में शांति समिति की बैठकों में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गयी। रविवार को भी अलग अलग जगहों पर बैठक हुई।

थाना हैदरगढ़ में सीओ समीर कुमार सिंह, थाना जैदपुर में सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव ने बकरीद त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत सभी धर्म के धर्मगुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। निन्दूरा प्रतिनिधि के अनुसार बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर घुंघटेर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई।

## सार-संक्षेप

### 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों पर मंथन



बैठक करते कमेटी के प्रबंधक व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** मालिनपुर वार्ड स्थित गायत्री शक्ति पीठ मंदिर पर रविवार को 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। मंदिर कमेटी के प्रबंधक डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी ने बैठक की अध्यक्षता की। बाराबंकी शक्तिपीठ से आए सत्य प्रकाश प्रजापति और राम शंकर गुप्ता ने गोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुरु कृपा से यह अवसर मिला है। उन्होंने सभी से यज्ञ के प्रचार-प्रसार में सहयोग की अपील की। नवंबर में होने वाले इस यज्ञ के लिए बनीकोडर ब्लॉक के तीर्थ स्थलों से जल और रज एकत्र की जाएगी। इस जल और रज का उपयोग कुंड निर्माण में किया जाएगा। बैठक में सुरेंद्र बहादुर सिंह, राणा वीर सिंह, ज्ञानेंद्र पाल, अशोक सराफ, राम किशुन, प्रदीप द्विवेदी, संतराम, रंजीत तिवारी, सर्वजीत वर्मा, रवि सिंह और विवेक सूर्यवंशी सहित गायत्री परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### पंचांग पूजन के बाद निकली कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बरैय्या स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में बाल स्वरूप भगवान श्रीराम की विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम रविवार से शुरू हुआ। पहले दिन पंचांग पूजन और देव आह्वान के बाद कलश यात्रा निकाली गई। पीले वस्त्र पहने महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलीं। मंगल गीतों और राम के जयकारों के बीच यात्रा रामजानकी मंदिर से शुरू हुई। यह यात्रा बाबापुरवा, फूलपुर, मुख्य चौराहे, पुलिस चौकी और हनुमान चौराहे होते हुए बभनवां स्थित सुमली नदी तक पहुंची। महिलाएं नदी से जल भरकर 125 वर्ष पुराने श्रीरामजानकी मंदिर लौटीं। आचार्य त्रिपुरारी बाजपेई ने मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की। कस्बे में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत किया गया। मंदिर के प्रबंधक और यजमान संजय वर्मा ने बताया कि दूसरे और तीसरे दिन नित्य पूजन होगा। चौथे दिन प्राण प्रतिष्ठा और पांच जून को हवन पूजन व प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम में बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार वर्मा, पुजारी उमाशंकर मिश्रा, जगदीश कुमार, अजय कुमार, अरविंद कुमार वर्मा, सर्वोदय सिंह और विकास सिंह मौजूद रहे।

### पौने तीन साल के धरने के बाद बौद्ध भिक्षुओं को मिली जीत



बौद्ध भिक्षु को भूमि का पट्टा सौंपते एसडीएम फतेहपुर। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बौद्ध भिक्षुओं को लंबे संघर्ष के बाद न्याय मिल गया। जिले के गन्ना संस्थान परिसर में गांधी जी की प्रतिमा के सामने पौने तीन साल से चल रहा धरना रविवार को समाप्त हो गया। फतेहपुर के एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बौद्ध भिक्षुओं को भूमि का पट्टा देकर मामले का समाधान किया। यह मामला फतेहपुर तहसील के ग्राम पपेहरा का है। 20 वर्ष पहले तत्कालीन प्रधान शत्रोहन लाल ने महेंद्र लोधी को गांव की 125 ऐरी जमीन प्रस्ताव बनाकर दी थी। महेंद्र लोधी ने वहां आश्रम बनाया। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं भी स्थापित कीं। बाद में गांव के एक व्यक्ति ने 25 ऐरी भूमि पर कब्जा कर लिया। इस विवाद में महेंद्र लोधी पूरी जमीन से हाथ धो बैठे। महेंद्र लोधी और बौद्ध भिक्षुणी संग शीला ने 5 अगस्त 2022 से गन्ना कार्यालय परिसर में धरना शुरू किया। डीएम शशांक त्रिपाठी ने मामले को सुलझाने के लिए एसडीएम सदर आनंद तिवारी और फतेहपुर एसडीएम कार्तिकेय सिंह को नियुक्त किया। अब दोनों को पट्टे की भूमि आवंटित कर दी गई है। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन करने और राशन कार्ड बनवाने की सुविधा भी दी जा रही है। प्रशासन ने बौद्ध भिक्षुओं को उनके गांव भी पहुंचा दिया है।

### समर्थकों के साथ भाजपा नेता ने मनाया जन्मदिन



भाजपा नेता राकेश वर्मा 'कर्रा' को बधाई देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा 'कर्रा' ने रविवार को अपने परिजनों एवं समर्थकों के साथ लखपेड़ाबाग स्थित आवास पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। समर्थकों ने गुलदस्ता भेंट कर, गले मिलकर, एसएमएस, व्हाट्सअप, फेसबुक, इन्स्टा ग्राम व ट्विटर के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, डॉ विवेक सिंह वर्मा, पूर्व प्रत्याशी डॉ रामकुमारी मौर्य समेत कई भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बधाइयां दी।

### कंप्यूटर लाइब्रेरी बनी छात्रों के लिए वरदान : गोप



लाइब्रेरी का अवलोकन करते सपा के वरिष्ठ नेता गोप। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम सभा बड़ागांव पंचायत भवन में स्थापित कंप्यूटर लाइब्रेरी छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण संसाधन बन गई है। यह लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की सहायता कर रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनकी तैयारी के बारे में जानकारी ली। पूर्व मंत्री ने ग्राम प्रधान की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, नसीम, कीर्ति, सानू सिंह सहित कई ग्रामवासी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पालिकाकर्मी को कार से टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर में बड़ा डाकघर मार्ग पर कार से नगर पालिका के प्रकाश निरीक्षक को टक्कर मारने वाले आरोपी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। बता दें कि विधायक की पास लगी एक कार ने बीते दिन नगर पालिका के प्रकाश निरीक्षक स्कूटी सवार अंकुल सेठ को टक्कर मार दी थी। लिपिक की मौत के बाद खासा हंगामा भी हुआ। घटना को लेकर कोतवाली नगर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपी मिश्रिख के हुमायुंपुर निवासी तरुण मिश्रा पुत्र आदित्य कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह ने बताया कि उसने कार पर विधायक पास का फर्जी स्टीकर लगाया था। घटना के समय वह अपने दो दोस्तों के साथ घूम रहा था। इसी दौरान कार से टक्कर हो गई।

# श्रीसीताराम के आगमन पर स्वर्णिम हुआ राम मंदिर का भव्य शिखर

अयोध्या कार्यालय

- 108 कलश में सरयू जल लेकर महिलाएं आज निकालेंगी शोभा यात्रा
- कल से शुरू होगा द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव



राम मंदिर का स्वर्णजड़ित शिखर बनकर तैयार।



161 फीट ऊंचा है भूतल से मंदिर का शिखर

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में माता जानकी संग श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के आगमन से पूर्व मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मंगलवार से शुरू तीन दिवसीय दूसरे प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के पूर्व मंदिर के शिखर को स्वर्ण जड़ित कर दिया गया है। सूर्य की रोशनी में जगमगाता स्वर्ण शिखर इसकी आभा पर चार चांद लगा रहा है।

भूतल से 161 फीट ऊंचा शिखर मंदिर की भव्यता को अलौकिक व अद्भुत स्वरूप प्रदान कर रहा है। मंदिर में भूतल पर भगवान श्रीरामलला विराजमान हैं तो प्रथम तल पर वह मां जानकी व चारों भाइयों व परम भक्त हनुमानजी के साथ विराजमान होंगे। इसमें माता सीता व प्रभु श्रीराम सिंहासन पर विराजमान हैं, भक्त हनुमान व भाई लक्ष्मण प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर बैठे हैं, जबकि भरत व शत्रुघ्न सिंहासन के दोनों दिशाओं में खड़े हैं। पांच जून को विधि पूर्वक वैदिक आचार्य द्वारा राम दरबार समेत अन्य मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर उत्तर भारत का सबसे अलौकिक व स्वार्णिम मंदिर है। दो जून को कलश यात्रा के द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत होगी। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में चल रहे सभी कार्य पूर्ण रूप से समाप्त हो गए हैं, अब मंदिर निर्माण संबंधी सभी उपकरण हटाने का कार्य किया जा रहा है।

### आज कलश यात्रा के साथ होगी उत्सव की शुरूआत

द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दो जून को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। जो लता चौक, नया घाट, छोटी देवकाली, श्रृंगारहाट, भक्ति पथ, दशरथ महल, अमावा मंदिर होते हुए रंग महल मंदिर बैरियर के रास्ते मंदिर परिसर में प्रवेश करेगी। इसमें महिलाएं 108 कलशों में पवित्र सरयू का जल लेकर जन्मभूमि परिसर पहुंचेंगी। तीन जून से पं. दीनदयाल नगर के कर्मकांडी विद्वान पं. जयप्रकाश व बस्ती के आचार्य अमरनाथ के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्य के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू होगा। सर्वप्रथम मूर्तियों के निर्माण संबंधित प्रायश्चित पूजा होगी और सभी देव मंदिरों पर 11 वैदिक आचार्यों द्वारा अनुष्ठान शुरू होगा। मंदिर परिसर में बने दो हवन कुंड में वैदिक आचार्य श्रीराम रक्षा स्त्रोत आदि मंत्रों से आहुति डालेंगे। पं. इंद्रदेव ने बताया कि दो जून को सरयू जल से यज्ञशाला शुद्धिकरण के बाद सभी आचार्य अपने अनुष्ठान की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे।

# कई केंद्रों पर मरीजों की भीड़, कई पर पसरा सन्नाटा

## जिले के 64 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा आरोग्य मेला, बुखार व अन्य रोगों के मरीजों को मिलीं निःशुल्क दवाएं

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के तहत रविवार को जिले के 64 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए इन शिविरों में मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। कई केंद्रों पर मरीजों की भीड़ रही तो कई पर बहुत कम संख्या में मरीज आए।

इस दौरान ग्रामीणों को सर्दी, खांसी, बुखार, पेट दर्द, उल्टी-दस्त व वायरल फीवर जैसी सामान्य बीमारियों से संबंधित परामर्श और उपचार मिला। अधिकारियों ने कई केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले भर में कहीं शिविरों में मरीजों की भीड़ रही, तो कई जगहों पर स्वास्थ्यकर्मी मरीजों की राह देखते नजर आए।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिकरा मे मरीज का इलाज करतीं डॉ. शालिनी।



गौरा पीएचसी मरीज को देखते अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार वर्मा।

**60 मरीजों की जांच, वायरल और पेट दर्द के मरीज अधिक :** पीएचसी अकबरपुर में एएमओ डॉ. अख्तर हुसैन और फार्मासिस्ट जयप्रकाश की निगरानी में आरोग्य मेला संपन्न हुआ। यहाँ करीब 60 मरीजों की जांच की गई। मरीजों में पेट दर्द, वायरल फीवर, उल्टी-दस्त जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं।

**चार स्वास्थ्य केंद्रों पर चला शिविर :** मछरेहटा ब्लॉक क्षेत्र के परसदा, लौली, मधवापुर व भिठौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार ने सभी केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। मरीजों की जांच कर जरूरतमंदों को दवाएं वितरित की गईं।

**गांजर में मरीजों को मिला उपचार :** रामपुर मथुरा इलाके में पारा रमनगरा पीएचसी में डॉ. दीपक ने बताया कि अब तक 16 मरीजों को उपचार दिया गया है। बांसुरा पीएचसी में डॉ. अनिल कुमार सिंह और फार्मासिस्ट सुरेंद्र पाल की मौजूदगी में 12 मरीज दवाएं लेकर जा चुके थे। चांदपुर व गौरा पीएचसी पर भी डॉक्टरों की उपस्थिति में शिविर चला।

**टिकरा में 22, जहांगीराबाद में मात्र 7 मरीज पहुंचे :** बिसवां क्षेत्र में पीएचसी टिकरा पर डॉ. शालिनी के नेतृत्व में 22 मरीजों की जांच की गई। जहांगीराबाद पीएचसी पर डॉ. लक्ष्मी गौतम द्वारा सिर्फ 7 मरीजों का परीक्षण किया गया। यहां मरीजों की संख्या काफी कम रही।

# यूपी में दम तोड़ चुकी कानून व्यवस्था : अजय राय

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- भाजपा नेताओं के वायरल वीडियो पर कसा तंज, बोले- नैतिक पतन के 140 सबूत सामने

**अमृत विचार:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय रॉय ने भाजपा सरकार और पुलिस-प्रशासन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए और भाजपा नेताओं के अश्लील वीडियो को नैतिक पतन का उदाहरण बताया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। लगातार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति से यह संदेश जा रहा है कि सरकार खुद कानून-व्यवस्था को गंभीरता से नहीं ले रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने हाल ही में वायरल हो रहे भाजपा नेताओं के अश्लील वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा का असली चेहरा अब जनता के सामने आ गया है। उन्होंने दावा किया कि अब तक 140 वीडियो सामने आ चुके हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि ऐसी परिस्थिति में सरकार किस नैतिकता की बात कर रही है। अब वक्त आ गया है कि ऐसी सरकार को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाए, जो महिलाओं की गरिमा की रक्षा करने में विफल रही है।



रिटायर्ड फौजी से जानकारी लेते अजय राय साथ में सांसद सीतापुर राकेश राठौर।

### रिटायर्ड फौजी के घर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**सीतापुर, अमृत विचार :** प्रदेश अध्यक्ष अजय रॉय महोली स्थित रिटायर्ड फौजी विमल कश्यप के आवास पहुंचे। रिटायर्ड फौजी ने राघवेंद्र बाजपेई हत्याकांड को लेकर पुलिस प्रताड़ना की पूरी जानकारी ली। पीड़ित ने दावा किया कि 55 दिन तक उसे अवैध हिरासत में रखा गया। अजय रॉय ने उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि इस अन्याय के खिलाफ आपकी लड़ाई में हम पूरी मजबूती से साथ हैं। उन्होंने प्रशासनिक ज्यादती की निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सांसद राकेश राठौर और पूर्व विधायक इंदल कुमार रावत भी मौजूद रहे।

# कहीं बदली ने दी राहत कहीं धूप ने छीना चैन

**सीतापुर, अमृत विचार:** शहर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मौसम ने करवट ली। हल्की बदली और ठंडी हवा ने गर्मी से कुछ राहत दी। वहीं दूसरी ओर महमूदाबाद, बिसवां, लहरपुर व रामपुर मथुरा जैसे बाढ़ और कटान प्रभावित इलाकों में चिलचिलाती धूप ने लोगों का जनजीवन प्रभावित किया।

रविवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मौसम बदला नजर आया। आसमान में हल्के बादलों की चादर और ठंडी हवाओं ने गर्मी से परेशान लोगों को कुछ हद तक राहत दी। हालांकि, जिले के अन्य हिस्सों में तस्वीर अलग ही रही। महमूदाबाद, बिसवां, लहरपुर और रामपुर मथुरा जैसे इलाके, जो हाल ही में बाढ़ और कटान की समस्या से जूझे हैं, वहां धूप की तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया।

दोपहर होते-होते तापमान तेजी से बढ़ा। खेतों में काम कर रहे किसान और बाहर मेहनत करने वाले मजदूर सबसे ज्यादा परेशान नजर आए। रामपुर मथुरा क्षेत्र से किसानों ने बताया कि तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से खेतों में काम करना मुश्किल हो गया है। वहीं, कई ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति भी बाधित रही, जिससे गर्मी और ज्यादा झेलनी पड़ी।

## सार-संक्षेप

### युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में केस

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** आत्महत्या से पहले वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की है। उधर, प्रभावी कार्रवाई के तहत पोस्टमार्टम कार्रवाई को भी अंतिम रूप दिया गया। बता दें कि मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र का रंजीतपुर निवासी सुरेश सिंह का 18 वर्षीय पुत्र पिंटू सिंह लुधियाना स्थित फैक्ट्री में काम कर रहा था। काम के दौरान रिश्तेदारों से उसने इलाज के लिए दिए पैसे मांगे थे। आरोप है कि 25 मई को उसके साथ इन्हीं लोगों ने मारपीट कर दी। जिससे क्षुब्ध होकर पिंटू सिंह ने जहर खाकर वीडियो और बनाया और बाद में उसकी मौत हो गई। वायरल वीडियो को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने संज्ञान लिया। एसपी के आदेश पर पंकज सिंह, बब्बू सिंह, जानी सिंह और रामशरण सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

### बागवानी योजनाओं में अनुदान, पंजीकरण शुरू

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला उद्यान अधिकारी राज श्री ने बताया है कि उद्यान विभाग द्वारा खरीफ मौसम में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत विभिन्न बागवानी योजनाएं संचालित की जाएंगी। इसके तहत केला, पपीता, आम, अमरूद, करौंदा, कटहल और खरीफ प्याज रोपण तथा संरक्षित खेती के अंतर्गत पॉलीहाउस और शेडनेट हाउस निर्माण के कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के अंतर्गत कृषकों को कुल इकाई लागत का 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा, जिससे किसानों को आधुनिक व लाभकारी खेती अपनाने में सहयोग मिलेगा। इच्छुक कृषकों को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उद्यान विभाग की वेबसाइट dbt.uphorticulture.in पर पंजीकरण कराना होगा।

### किसानों को मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला उद्यान अधिकारी राजश्री ने बताया कि उद्यान विभाग में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत आगामी खरीफ मौसम में उद्यान रोपण कार्यक्रम-केला, पपीता, आम, अमरूद, करौंदा, कटहल, खरीफ प्याज रोपण तथा संरिक्षत खेती अन्तर्गत पॉलीहाऊस व शेडनेट हाऊस निर्माण के कार्यक्रम विभाग द्वारा संपादित कराये जायेंगे, जिसमें कृषकों को कुल इकाई लागत का 40 से 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जायेगा। इच्छुक कृषक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रपत्र यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी व पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, मोबाईल नम्बर के साथ एकीकृत बागवानी विकास मिशन के कार्यक्रम के लिए उद्यान विभाग की बेवसाईट dbt.uphorticulture.in पर पंजीकरण कराना होगा।

### प्राकृतिक खेती पर्यावरण के लिए लाभकारी : अरुण

**सीतापुर, अमृत विचार :** विशेष सचिव नगर विकास विभाग अरुण प्रकाश ने आकांक्षात्मक विकास खंड बिसवां अंतर्गत ग्राम पंचायत कदुनी के विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। स्मार्ट क्लास की व्यवस्था तथा स्वच्छता से संबंधित शौचालय और स्वच्छ पेयजल जैसी सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके साथ ही अरुण प्रकाश ने आंगनबाड़ी केंद्र का भी दौरा किया। उन्होंने उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कमुआ में प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों से उनकी विधियों की जानकारी ली। अरुण प्रकाश ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर विकास खंड बिसवां के बीडीओ सुमित सिंह, एबीपी/सीएम फेलो ओंकार प्रसाद गुप्ता सहित ब्लॉक स्तरीय सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसपी (जीआरपी) ने बाराबंकी स्टेशन का किया निरीक्षण



बाराबंकी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते एसपी (जीआरपी) रोहित मिश्र।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी (जीआरपी) रोहित मिश्र ने रविवार को जीआरपी थाना बाराबंकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था, प्लेटफार्म ड्यूटी, स्काउट ड्यूटी, विभिन्न रजिस्टरों की जांच, अपराध की स्थिति और लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। एसपी ने जीआरपी बैरक, रिकॉर्ड रूम, शस्त्रागार आदि का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आरपीएफ और रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की आवश्यकता बताई और कहा कि बेहतर तालमेल से ही सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की जा सकती है।

### सुमन महिला मोर्चा अध्यक्ष व रामा बनी जिला महामंत्री



मनोनयन पत्र के साथ पदाधिकारी। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल ने संगठन विस्तार को लेकर प्रदेश अध्यक्ष रामजी तिवारी ने रामनगर में आयोजित बैठक में कई नियुक्तियां कीं। सुमन अवस्थी को जिला महिला मोर्चा का अध्यक्ष और रामा तिवारी को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। साथ ही शिवा तिवारी को रामनगर नगर अध्यक्ष बनाया गया। सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे गए। बैठक में रामजी तिवारी ने बताया कि उनका दल 1857 के क्रांतिकारियों की याद में बना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. प्रदीप शुक्ला, प्रीति शुक्ला, विनीता दीक्षित, माधुरी दीक्षित, तहसील अध्यक्ष अंकित चौहान, शिवम तिवारी और मोनिका दीक्षित सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 500 ग्राम गांजा और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने आदर्श चतुर्वेदी पुत्र श्रीराम चतुर्वेदी निवासी ग्राम परसौना थाना कोल्हुई बाजार जनपद महाराजगंज को ग्राम बस्ती निकट तालाब पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। टीम ने इसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया। यहीं की पुलिस टीम ने अभियुक्त सतीश पुत्र नत्थाराम निवासी ग्राम खसपरिया थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से दो जिन्दा कारतूस बरामद किए।

# रहस्यमय परिस्थितियों में दो किशोरियां लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** किशोरियों के लापता होने की दो अलग-अलग घटनाओं से परिजन दहशत में हैं। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

पहली घटना थाना जैदपुर क्षेत्र के एक गांव की है। जहां रहने वाले एक युवक की 16 वर्षीया बहन 20 मई को दोपहर करीब 12 बजे घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों के अनुसार, एक महिला द्वारा मोबाइल नंबर से कॉल कर खुद को आरती बताते हुए दावा किया गया कि किशोरी उसके पास है और वह जानकीपुरम लखनऊ में है। जब युवक उसी दिन लखनऊ पहुँचा और संपर्क करना चाहा, तो कॉल रिसीव नहीं की गई। जैदपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरी घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के बड़ेल प्रदर्शनी मेला की है, जहां 29 मई की रात मेला देखने गई एक गांव के रहने वाले व्यक्ति की 20 वर्षीय पुत्री लापता हो गई। पिता ने आरोप लगाया है कि एब्लाक पुत्र इसराईल उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया, और इस कार्य में बल्लम पुत्र रईस, वसीक पुत्र निसारू और आकिब पुत्र शमीम अहमद ने उसकी मदद की।

## चारा मशीन चुराते पकड़ा गया चोर

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर थाना क्षेत्र में खेत में लगी चारा मशीन चोरी कर ठेले पर लेकर जा रहा चोर रंगे हाथों पकड़ लिया गया। घटना शनिवार दोपहर एक बजे ग्राम रेवतीपुरवा की है। गांव के बाहर खुले में रखी चारा मशीन को एक युवक ठेलिया पर लादकर ले जाने की कोशिश कर रहा था। गांव निवासी दिवस कुमार और अमित ने उसे रोकने की कोशिश की, तो वह ठेलिया छोड़कर भागने लगा। दोनों युवकों ने साहस दिखाते हुए उसका पीछा किया और करीब 100 मीटर दूर पक्की सड़क पर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद समीर बताया। ग्रामीण आरोपी और चोरी का सामान लेकर थाना जैदपुर पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई।

# सरकारी जमीन पर दबंग का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**मनमानी**

- शिकायत करने पर दी जाती है झूठे केस में फंसाने की धमकी
- मामले की जिलाधिकारी से की गई शिकायत

**अमृत विचार :** नवाबगंज तहसील क्षेत्र में राज्य सड़क परिवहन निगम व अस्पताल के नाम दर्ज जमीन पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया। मामले की शिकायत डीएम से करते हुए यह भी कहा गया है कि दबंग कब्जेदार विरोध व शिकायत करने वालों को धमकी, मारपीट व झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहा।

क्षेत्र के ग्राम जरूवा मजरे दनियालपुर निवासी रंजीत कुमार ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर ग्राम सफेदाबाद स्थित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की जमीन तथा अस्पताल के नाम दर्ज भूमि पर अवैध कब्जे की जांच की मांग की है।

शिकायत में बताया गया है कि हाईवे किनारे स्थित गाटा संख्या 106 (0.0630 हेक्टेयर) जमीन परिवहन निगम के नाम एवं गाटा संख्या 107 (0.0760 हेक्टेयर) जमीन अस्पताल के नाम दर्ज है। इन दोनों बेशकीमती सरकारी जमीनों पर ग्राम दनियालपुर निवासी रमेश बैसवार ने अवैध कब्जा कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि रमेश बैसवार दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है और उसने धीरे-धीरे इन जमीनों पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया।

शिकायत में बताया गया है कि रमेश बैसवार ने न सिर्फ इन दो सरकारी भूमि पर, बल्कि ग्राम भूहेरा की गाटा संख्या 337 (0.341 हेक्टेयर, नवीन परती) और गाटा संख्या 62 (0.044 हेक्टेयर, चकमार्ग) सहित कई अन्य जमीनों पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। जब कोई ग्रामीण इस कब्जेदारी का विरोध करता या शिकायत करने का प्रयास करता है तो रमेश बैसवार उसे जान से मारने की धमकी, मारपीट करने के साथ ही झूठे मुकदमों में फंसा देता है। शिकायतकर्ता ने डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

## दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के विजय नगर मोहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक की मोटरसाइकिल दिनदहाड़े चोरी हो गई। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जकरिया मजरे बुधवारा निवासी शिवशंकर ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिवशंकर 30 मई की शाम अयोध्या रोड स्थित मुनेश्वर की दुकान पर समोसा लेने गए थे। उन्होंने अपनी हीरो मोटरसाइकिल दुकान के सामने खड़ी की थी। कुछ ही मिनटों बाद जब वह समोसा लेकर बाहर निकले, तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने बताया कि मोटरसाइकिल लॉक नहीं थी, इसलिए चोरों ने आसानी से हाथ साफ कर दिया।

**कार्यक्रम** जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया ओपन जिम का उद्घाटन, योग और व्यायाम से हुई शुरुआत

# समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने सीखे व्यंजन बनाने के तरीके

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत चल रहे समर कैंप में अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया। दिन की शुरुआत आधे घंटे के योग और व्यायाम सत्र से हुई। इसके बाद छात्रों को केक, टोमैटो सूप और बेसन का ढोकला बनाने की विधि सिखाई गई। छात्रों ने स्वयं इन व्यंजनों को बनाया और चखा भी। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में ओपन जिम का उद्घाटन किया। डीआईओएस ने छात्रों की पाक कला की सराहना की। जिला समन्वयक अखिलेन्द्र सिंह ने दिनभर कार्यक्रम की निगरानी की। वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्य ने राजकीय हाई स्कूल मित्तई का दौरा किया। अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। इनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा, सतरिख, राजकीय इंटर कॉलेज जैदपुर, राजकीय हाई स्कूल घुँघटेर, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज बरौली जाटा, पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी आदि शामिल हैं।



उद्घाटन के बाद ओपन जिम में एक्सरसाइज करते डीआईओएस। अमृत विचार



पीएमश्री जीजीआईसी फतेहपुर में छात्राओं ने बनाया भाषा वृक्ष। अमृत विचार

### कहानी लेखन के बाद विद्यार्थियों ने बनाया भाषा वृक्ष

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समर कैंप में विद्यार्थियों ने रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने भाषा वृक्ष का निर्माण किया, जिसमें शब्द, वाक्य और भाव जैसे भाषाई तत्वों को प्रतीकात्मक रूप दिया गया। डायरी लेखन के जरिए छात्रों ने अपनी भावनाओं और अनुभवों को लिपिबद्ध किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया।

## एक नजर

### सदरपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा तमंचे के साथ शातिर

सीतापुर, अमृत विचार : सदरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान धनपाल के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो मिस कारतूस बरामद कीं। आरोपी के विरुद्ध थाना सदरपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए 11 वांछित

सीतापुर, अमृत विचार : छह थानों की पुलिस टीमों ने कुल 11 वांछित व वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पाक्सो, मारपीट, अवैध गतिविधियों व न्यायालय में लंबित मामलों से जुड़े अपराधी शामिल हैं। मछरेहटा, संदना, कमलापुर, महोली, तंबौर और रेउसा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को पकड़ा।

### पाइपलाइन से बह रहा पानी, ग्रामीण बेहाल

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :रामपुर मथुरा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम छतौनी में स्वच्छ पेयजल मिशन की लापरवाही उजागर हुई। भगवतीपुर से बांसुरा मार्ग पर स्थित इस गांव में पिछले दो वर्षों से पाइपलाइन फटी पड़ी है, जिससे लगातार पानी रिस रहा है और सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीण छंगा लाल, नौशाद, रफीक आदि ने बताया कि यह पाइपलाइन देशी लौकिया ग्राम पंचायत से होकर छतौनी तक आती है। पाइप लाइन से पानी रिसने की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। मार्ग पर जलभराव के कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# गणित व सामान्य ज्ञान के प्रश्नों ने उलझाया

## चार केंद्रों पर आयोजित हुई बीएड प्रवेश परीक्षा, प्रथम पाली में 162 व द्वितीय पाली में 165 ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता सीतापुर



आरएमपी महाविद्यालय में पहली पाली की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

**अमृत विचार:** नगर के चार केंद्रों पर आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुई। परीक्षा की प्रथम पाली में 162 और द्वितीय पाली में 165 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

नगर के आरएमपी महाविद्यालय, आरआरडी इण्टर कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज और पं. दीनदयाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीएड प्रवेश परीक्षा के आयोजन हुए। प्रथम पाली में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थी प्रातः 9:00 बजे से पहले ही आ गए। आरएमपी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रजनीकांत के निर्देशन में परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेकर ही केंद्र के भीतर प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली 9:00 बजे से 12:00 बजे तक चली। कुल चार परीक्षा केंद्रों में कुल 162 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली 2:00 बजे से आरंभ हुई और 5:00 बजे तक चली। द्वितीय पाली में कुल 165 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 1527 परीक्षा पंजीकृत थे। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अधीनस्थ दोनों ही पालियों में सक्रिय रहे। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों पर भी निगरानी रखी गई। परीक्षा के नोडल अधिकारी और जीडीसी प्राचार्य रवींद्र द्विवेदी का कहना है कि परीक्षा में कोई भी नकल करता हुआ नहीं पकड़ा गया।

**बायोमेट्रिक से कराई गई पहचान :** परीक्षा केंद्र में प्रवेश पाने वाले परीक्षार्थियों के गेट पर प्रवेश पत्रों की जांच हुई। आधार कार्ड भी चेक किये गए। इसके बाद सभी को बायोमीट्रिक का सामना करना पड़ा। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सभी को प्रवेश मिल सका।

### केंद्रों पर पुलिस बल रहा मौजूद, हेल्प डेस्क ने दी राहत

परीक्षा केंद्रों के बाहर कोतवाली नगर पुलिस के अलावा आसपास थानों का पुलिस बल मौजूद रहा। क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर के अलावा खैराबाद, रामकोट सहित अन्य थानों का पुलिस फोर्स मौजूद था। बस स्टाप और रेलवे स्टेशन के पास हेल्प डेस्क बनाए गए थे। इनकी सहायता से गैर जनपद जाने वाले अभ्यर्थियों और अभिभावकों को मदद मिली।

# ईंट भट्ठे के पास मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस और मौके पर मौजूद ग्रामीण।

**अमृत विचार:** रामकोट थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध हालत में ईंट भट्ठे के पास मिला। परिजनों ने शरीर पर चोटों के निशान देखकर हत्या का आरोप लगाते हुए मृतक के भतीजे के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

रामकोट थाना क्षेत्र के दारानगर गांव में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव से कुछ दूरी पर स्थित ईंट भट्ठे के नजदीक एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान गांव वासी सत्यपाल (38) पुत्र कल्लू के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम सत्यपाल का अपने छोटे भाई के बेटे कुलदीप से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौच भी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि उसी विवाद के चलते कुलदीप ने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी। मृतक के सिर पर गहरी चोट के निशान पाए गए हैं। सीओ सिटी अमन सिंह भी मौके पर पहुंचे और जानकारी हासिल की। सीओ सिटी का कहना है कि फारेंसिक टीम ने साक्ष्यों का संकलन किया है। परिवार के लोगों का आरोप है कि मृतक सत्यपाल का अपने ही भतीजे कुलदीप के साथ विवाद हुआ था, शंका है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी है।

# बस स्टॉप पर महिला से अभद्रता, पति को पीटा

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**दबंगई**

- महमूदाबाद में बस कंडक्टर ने की छेड़छाड़, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टॉप पर एक महिला से अभद्रता और उसके पति के साथ मारपीट हुई। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

बताते हैं कि महमूदाबाद स्थित रोडवेज बस स्टाप पर दंपति लखनऊ जाने के लिए पहुंचे थे। महिला का पति पास की दुकान से सामान लेने गया था। आरोप है कि तभी वहां मौजूद एक बस कंडक्टर ने महिला से अश्लील बातें करनी शुरू कर दीं। महिला के विरोध के बावजूद कंडक्टर नहीं रुका। पति के लौटने पर महिला ने घटना की जानकारी दी। जब युवक ने कंडक्टर से बात करने की कोशिश की तो उसने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित दंपति ने महमूदाबाद कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल अनिल सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है, कार्रवाई की जाएगी।

# पानी टंकी का निर्माण कराने वाला ठेकेदार गिरफ्तार

- चुनका गांव में पानी की टंकी ढहने का मामला

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** पहला विकास खंड क्षेत्र के चुनका गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी ढहने के मामले में प्रशासन की सख्ती देखने को मिली। घटिया निर्माण के आरोप में ठेकेदार को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी जल निगम के अधिशासी अभियंता की रिपोर्ट पर दर्ज हुए मुकदमें के आधार पर की गई।

गौरतलब है कि पानी से भरी टंकी के अचानक गिरने की घटना ने शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया था। डीएम अभिषेक आनंद ने घटना की जांच के लिए समिति गठित की थी। जांच में निर्माण कार्य में लापरवाही और गुणवत्ता में भारी गड़बड़ी की पुष्टि हुई। जांच में भी यह बात सामने आई कि टंकी निर्माण में मानक का पालन नहीं किया गया था। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट अधिशासी अभियंता को सौंपी। इसके आधार पर महमूदाबाद कोतवाली में शनिवार को लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र के भिटहरी निवासी ठेकेदार विजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव की देखरेख में गठित टीम ने आरोपी को चिनहट से गिरफ्तार किया।

# चोरी के तार के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** महोली पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी का बिजली तार और तमंचा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या, लूट, गैंगेस्टर और आर्म्स एक्ट समेत दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं।

महोली पुलिस ने लहरपुर के नबीनगर निवासी लवकुश उर्फ प्रिंस को कुसैला-पाताबोझ मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी में पुलिस को 30 किलो बिजली तार, एक तमंचा और एक कारतूस मिला। महोली सीओ विशाल गुप्ता ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि तार उसने सहिमापुर और नंदापुरवा खमरिया के बीच से चोरी किया था।

# सेथराम में फोर्स तैनात, 25 पर केस

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**बढ़ी सख्ती**

- अंत्येष्टि स्थल के निर्माण का ग्रामीणों ने किया था विरोध
- प्रशासनिक कर्मियों के साथ की गयी थी हाथापाई

**अमृत विचार:** रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र के सेथराम गांव में एक दिन पहले हुए बवाल को लेकर पुलिस ने रपट दर्ज कर ली है। ऐसे में गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन की टीम से मारपीट करने वाले गांव से फरार हैं। इनकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं।

रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत सरैंय्यां मसूदपुर गांव के मजरा सेथराम में अंत्येष्टि स्थल बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। ऐसे में मारपीट भी हुई। आरोप है कि दबंगई करते हुए नायब तहसीलदार राकेश कुमार, राजस्वकर्मियों और प्रधान के साथ मारपीट की गई। जिसको लेकर एसआई छोटेलाल की ओर से संजय गिरी सहित 20-25 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

उधर, बवाल करने वाले वारदात के बाद गांव से फरार हो गए, हालांकि आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी गई लेकिन आरोपी पकड़े नहीं जा सके।

गांव में दूसरे दिन रामपुर मथुरा थाने के अलावा आसपास थानों का पुलिस बल मौजूद था। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि बलवाइयों की तलाश की जा रही है। गांव में स्थितियां पूरी तरह से सामान्य है। पुलिस बल तैनात है।

### मंदिर में थे 52 मठ

जिस पौराणिक मंदिर के निकट अंत्येष्टि स्थल बनने जा रहा था, उस मंदिर में 52 मठ होने बताए गए हैं। हालांकि वर्तमान में मंदिर में केवल चार मठ ही शेष रह गए हैं। ग्रामीण इस प्राचीन मंदिर के करीब बनाए जाने वाले अंत्येष्टि स्थल का विरोध कर रहे थे। बता दें कि मंदिर का भूमि क्षेत्रफल 84 बीघे का दावा ग्रामीण कर रहे हैं।

# शारदा नदी में डूबने से युवक की मौत

**हादसा**

संवाददाता, तंबौर, सीतापुर



हादसे के बाद नदी किनारे खड़ी पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तंबौर थाना क्षेत्र के बरेती गांव में शारदा नदी में नहाते समय एक ग्रामीण की डूबने से मौत हो गई। कई घंटे की तलाश के बाद शव बरामद किया गया। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की।

तंबौर के बरेती गांव निवासी राजकुमार (40) पुत्र केदारी शारदा नदी में नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नहाते वक्त उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में समा गया। राजकुमार की चीख-पुकार सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़े और डूबने से बचाने का प्रयास किया। सफल न होने पर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद राजकुमार का शव नदी के गहरे पानी से बरामद किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# शांति और सौहार्द से मनाएं त्योहार

**तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार:** तम्बौर थाना परिसर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। अध्यक्षता सीओ सुशील कुमार यादव ने की।

क्षेत्राधिकारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। अफवाहों या विवाद से बचें और प्रशासन का सहयोग करें। सीओ ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। कहीं भी कोई समस्या या संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# दो घरों से हजारों का माल समेट ले गए चोर

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** चोरों ने शनिवार की रात ढोलई कला गांव में दो घरों को निशाना बनाया। रात के अंधेरे में घर में घुसकर नकदी और माल समेट ले गए।

ढोलई कलां निवासी चित्रसेन के मुताबिक, वे अपने परिवार के साथ घर पर थे। रात में चोरों ने घर के पीछे से नकब लगाई और अंदर घुस गए। घर में रखे जेवरात, कपड़े व कुछ अन्य घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। अगला निशाना पड़ोसी रामसिंह के घर को बनाया। सुबह आंख खुली तो गृहस्वामी को घटना का पता चला। सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी लेकर जांच पड़ताल शुरू की। सिलसिलेवार हो रही वारदातों को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस पिकेट पर सवाल खड़े किये हैं।

**मई माह में 5 चोरियां, खुलासा एक का भी नहीं :** मई माह के भीतर इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में पांच से छह से चोरियां हुई हैं। इनमें से एक का भी खुलासा नहीं हो सका। पानी टंकी से चौबीस बैटरियों की चोरी की घटना, काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र के कमोलिया गांव में तीन घरों से चोरी की बड़ी वारदात, इमलिया सुल्तानपुर के करीब एक घर से चोरी की घटना तथा ढोलई कलां गांव में हुई चोरी की घटना शामिल है।

# छिनैती की साजिश रचते तीन शातिर गिरफ्तार

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** मानपुर पुलिस ने छिनैती व चोरी की योजना बना रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल, दो बाइक और चोरी में इस्तेमाल होने वाले सामान बरामद किए गए हैं।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मानपुर पुलिस टीम ने दासापुर मोड़ के पास से तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने पूर्व में मानपुर कस्बे में दो साइकिल सवारों से मोबाइल फोन छीनने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार आरोपियों में वाहिदापुर निवासी हर्षित यादव व दुर्गेश गुप्ता और सिष्टीपुर निवासी मोहित शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से दो मोबाइल, दो बाइक, एक चाभियों का गुच्छा, पेचकस, प्लास, लोहे की सरिया और टॉर्च बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा बीएनएस में केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की।

**बैठक**

बिसवां ब्लाक की विभिन्न ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

# विशेष सचिव ने की विकास कार्यों की समीक्षा

संवाददाता सीतापुर



उपज का निरीक्षण करते विशेष सचिव अरुण प्रकाश। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नीति आयोग के आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष सचिव एवं नोडल अधिकारी अरुण प्रकाश द्वारा जनपद के बिसवां विकास खंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित 14 नंबर क्लब पीटीसी में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की।

आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन एवं बुनियादी सुविधाओं से संबंधित 50 संकेतकों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिन संकेतकों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उनके त्वरित सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बाद में बिसवां ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। मेरी पंचायत मेरा अधिकारी अभियान के अंतर्गत आकांक्षा उत्पाद की ब्रांडिंग, भगवानपुर माफी में कौशल विकास केंद्र एवं ओडीओपी इकाई, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, एमसीपी कार्ड वितरण, कामापुर में सीएचसी, डिजिटल लाइब्रेरी व महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पाद निर्माण, भुड़कुड़ी में पेयजल व्यवस्था, महमूदपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, रामाभारी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा कन्दुनी में विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र जैसी व्यवस्थाओं का निरीक्षण शामिल रहा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, परियोजना निदेशक अनिल कुमार चौधरी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी तिलक सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### नगर पालिका ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर



निःशुल्क शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराते नगर पालिका अध्यक्ष। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पालिका कार्यालय में किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने अपने ब्लड प्रेशर की जांच करा कर किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सुधीर वर्मा, डॉ. मनीष वर्मा, डॉ. वैशाली, डॉ. ऑस्कर मोनू, डॉ. एसआर राजपूत व उनकी टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दीं। आयोजक हाजी जावेद अहमद ने बताया कि क्षेत्र में चल रहे वायरल फीवर के प्रकोप से नगर वासियों को राहत देने के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 123 मरीजों की स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से लल्लन खान, उस्मान खान, नबी अंसारी, मोहम्मद आलम, छोटे खां, सैफुल्लाह खान, देवीलाल, विजय कश्यप, निहाल कुरैशी, प्रांजुल मिश्रा, निसार अहमद सहित भारी संख्या में मरीज उपस्थित थे।

### नैनो उर्वरकों का प्रयोग करें किसान : शिव शंकर



कार्यक्रम को संबोधित करते कृषि अधिकारी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर, गेरूहा व बेनीसरायं में किया गया। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के वैज्ञानिक डॉ. शिशिरकांत सिंह, डॉ. आनंद सिंह, कृषि विभाग से श्याम सिंह, राजकुमार वर्मा, पंकज कुमार पटेल, विशाल सिंह, गंगाराम, सर्वेश गौतम, धर्मपाल पंकज कुमार प्रथम व द्वितीय ने प्रतिभाग कर किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती के लिए जागरूक किया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिव शंकर ने खरीफ फसलों से संबंधित धान की उन्नति प्रजाति व धान की सीधी बुवाई डीएसआर मैथेड, जैव उर्वरक एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग पर जानकारी दी। उन्होंने कृषिकों को ड्रोन द्वारा नैनों उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। इस मौके पर पंकज पटेल सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा ने फसलों में लगने वाले रोग एवं कीट से बचाव के लिए फसलों की बुवाई से पूर्व बीज एवं भूमि शोधन के लिए जागरूक किया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नीलू वर्मा, रामगोपाल, रामसिंह, रजनीश वर्मा, मो आलम, योगेंद्र वर्मा, संजीव कुमार, यासीन सहित बड़ी संख्या किसान उपस्थित थे।

### किसानों ने सीखे आय बढ़ाने के गुर

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम मुगलपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि वैज्ञानिकों की टीम के द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. आनंद सिंह ने आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी और किसानों को अपनी आय को बढ़ाने के लिए पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन आदि योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती करने व कृषि संकल्प अभियान के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने किसानों को कृषि को बढ़ावा देने तथा किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में बेहटा लालपुर फॉर्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के द्वारा सहयोग किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### खैराबाद-परसेंडी मार्ग चौड़ीकरण में नियमों की अनदेखी



मार्ग पर कराया जाता जाता निर्माण कार्य। अमृत विचार

**मानपुर, सीतापुर,अमृत विचार :** खैराबाद-परसेंडी मार्ग चौड़ीकरण निर्माण में नियमों की अनदेखी हो रही है। इसको लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किये हैं। मामला बिरैचा गांव की इंटरलॉकिंग से जुड़ा हुआ है। खैराबाद – परसेंडी मार्ग का चौड़ीकरण हो रहा है। इसमें नियमों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, मार्ग निर्माण में खंभों को नहीं हटाया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान उपयोग में लाया जा रहा सामान भी गुणवत्ता से इतर है। रोलर न चलाकर आरसीसी बिछाने का काम हो रहा है। ग्रामीणों का भी कहना है कि गलत निर्माण कार्य से जब कोई भारी वाहन सड़क पर निकलेगा तब सड़क बहुत जल्दी ही धंस जाएगी। विभागीय जेई नीरज कुमार का कहना है कि गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। जल जीवन मिशन योजना के तहत डाली गई पाइप लाइन ने मार्ग को खस्ताहाल किया है। इसके कारण कई स्थानों पर गड्ढे हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप लाइन के कारण हुए गड्ढों से हादसे हो रहे हैं।

### पूर्व एमएलसी के भाई का निधन

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छरासी से तीन बार रूढ़ा प्रधान रहे राधेश्याम मिश्रा उर्फ मन्नर महराज का करीब 80 वर्ष की आयु में उनके पैतृक निवास रूढ़ा में निधन हो गया। राधेश्याम मिश्रा उर्फ मन्नर महराज पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष, पूर्व एमएलसी पं. रामगोपाल मिश्रा के छोटे भाई थे। इनके तीन पुत्र तथा एक पुत्री हैं। राधेश्याम मिश्रा उर्फ मन्नर महराज की निधन की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग गांव जमा हो गए। अंतिम दर्शन के दौरान पूर्व एमएलसी पं. रामगोपाल मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख कसमण्डा विजयशंकर मिश्रा उर्फ बड़े भैया, पूर्व गन्ना समिति चेयरमैन राधेश्याम मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख कसमण्डा उमाशंकर मिश्र, ओमकार नाथ मिश्र, जिला संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट अनिकेत सिंह, वरिष्ठ गन्ना अधिकारी जवाहरपुर चीनी मिल चन्द्रप्रकाश मिश्रा सहित अन्य शामिल रहे।

### पत्रकारों को धमकाया तो देंगे कड़ा जवाब : रविंद्र

**सीतापुर, महमूदाबाद, अमृत विचार :** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एप्जा) द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा मुख्य अतिथि और चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में राघवेंद्र वाजपेई हत्याकांड को लेकर आवाज उठाने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में मिश्रा ने कहा कि यदि कोई भी हमारे पत्रकार साथियों को धमकाने की कोशिश करेगा, तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज हैं। संचालन महामंत्री अर्पित शुक्ला ने किया। स्वागत भाषण संगठन अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने दिया। इस मौके पर चंद्रभूषण शुक्ला, कृतार्थ मिश्रा, रामप्रवेश, संजय वर्मा, अतुल वर्मा, अमरीश गुप्ता, प्रदीप वर्मा, रितेश रस्तोगी, नीरज जायसवाल, दिनेश नाग, नरेंद्र यादव आदि थे।

### पत्रकार से मारपीट में किसान नेता पर केस दर्ज

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** पत्रकार हिमांशु शुक्ला से मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पत्रकार ने आरोप लगाया कि किसान नेता पुष्पेंद्र प्रताप सिंह समेत 5 लोगों ने आंगनबाड़ी भर्ती से जुड़ा वीडियो चलाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर कोठी पेट्रोल पंप के पास बुलाकर गाली-गलौज की और लात-घूंसे से पिटाई की। जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पुष्पेंद्र समेत पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेलकर्मियों के आठ घरों को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का सामान पार

## आधुनिक रेल कोच कारखाने की आवासीय कॉलोनी में चोरी की वारदात से कर्मचारियों में दहशत

### सुरक्षा की खुली पोल

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल कोच कारखाने के आवासीय कॉलोनी में चोरों ने एक के बाद एक करके आठ घरों को निशाना बनाते हुए सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दिया। घटना की जानकारी होते ही सबके होश उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बारीकी से जांच किया। हालांकि अभी तक कोई सफलता नहीं लग सकी है।

मॉडर्न रेल कोच कारखाने के आवासीय परिसर में रविवार को सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब चोरों ने कई घरों में घुसकर लाखों का सामान पार कर दिया। टाइप-2 क्षेत्र में स्थित आधा दर्जन से अधिक घरों को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी की घटना उन घरों में हुई, जिनके परिवार छुट्टियों में बाहर गए हुए थे। इसमें रेल कोच कर्मी अजीत कुमार, रामेश्वर मीणा, मनोज कुमार, राजेश्वर सिंह, जयदेव मीना, महताब आदि के घर शामिल हैं। बड़े पैमाने में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया गया, लेकिन रेलवे पुलिस फोर्स और रेल कोच प्रशासन के जिम्मेदारों को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल चोरी में हुए नुकसान का सटीक आंकलन नहीं हो पाया है। वहीं इस घटना से रेल कोच के कर्मचारियों में दहशत का आलम व्याप्त है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय पुलिस और रेल कोच फैक्ट्री के आरपीएफ विभाग की टीम संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है। चोरी कितने की हुई है इसका पता नहीं लग सका है।


बाउंड्रीवाल पर सुरक्षा के लिए लगाए कंटीले तार, जिसे चोरों द्वारा काटा गया।


चोरी के दौरान लगाई गई सेंध।


कमरे का तोड़ा गया कुंडा।

### दो घरों से लाखों का सामान किया पार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे नोखे राय मजरे बेहटा कला गांव में दो घरों से चोरों ने लाखों का सामान पार कर दिया। गांव के राम सुमेर सिंह पुत्र राम नरायण सिंह और जगत सिंह पुत्र गजराज सिंह के घरों में घुसे चोरों ने जेवरात समेत नगदी उठा ले गए। जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। घटना से पीड़ित लोगों ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चोरों ने उनके घर में घुसकर चोरी की घटना की है। राम सुमेर के घर से चोरों ने 5500 रुपये के साथ सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, पायल, अंगूठी आदि जेवरात उठा ले गए। वही जगत सिंह के घर से छह हजार रुपये के साथ चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र, पायल आदि पार कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल का तहकीकात करते हुए जल्द चोरों को पकड़ने की बात कही है।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में कल्ली पश्चिम ने शील्ड पर जमाया कब्जा


प्रथम ग्रामीण नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम के खिलाड़ी।

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** कस्बे के महराजगंज रोड पर प्रथम ग्रामीण नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। इनके बीच आठ लीग मैच, चार क्वार्टर फाइनल, दो सेमी फाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच को छोड़कर सभी मैच चार-चार ओवर के कराए गए। फाइनल मैच पांच ओवर का हुआ। इसमें कल्ली पश्चिम लखनऊ और बिशनपुर बछरावां के बीच खेला गया।

कल्ली पश्चिम लखनऊ ने पहले बैटिंग करते हुए बिशुनपुर बछरावां टीम को 49 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें बिशनपुर बछरावां टीम निर्धारित पांच ओवर में 45 रन ही बना सकी। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज अविरल रहे। उन्होंने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी और विशिष्ट अतिथि शिरीष कुमार, लक्ष्मीकांत रावत मौजूद रहे। मैच के समापन मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि आशीष कुमार उर्फ बाबी, संजय सिंह, आयोजक वैभव पटेल, आकाश, लंकेश, अनुज, देवेश, आशुतोष, अमन, सुमित, धनंजय, राजू, रंजीत, संदीप, प्रदीप, दीपक, अभिनव, गौरव, हर्ष, बाबा डीजे, श्यामू लाइट आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जिले के पांच शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार सम्मान

**रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में शिक्षा के क्षेत्र में अनुपम व अनूठे प्रयोगों के जरिये बच्चों को शिक्षित करने वाले जनपद के पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। इनमें दो शिक्षक महराजगंज व तीन बछरांवा क्षेत्र के शामिल हैं। इस उल्लेखनीय सफलता को लेकर शिक्षकों में खुशी का माहौल है। मथुरा जनपद के केशवधाम (वृन्दावन) में शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस कार्यशाला में अंतर्राज्यीय शिक्षकों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इसमें जनपद के बछरांवा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गूजरपुर के प्रधानाचार्य डॉ. राघवेंद्र शुक्ल, सहायक अध्यापक चेतन प्रताप सिंह, मलिकपुर सरैया की साजिया परवीन के अलावा महराजगंज क्षेत्र के सलेथू की पुष्पा विक्रम व राईमऊ की रजनी सिंह शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों को अखिल भारतीय शैक्षिक नवाचार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा शाल व मेडल देकर सम्मानित किया गया। जनपद वापसी पर इन सभी शिक्षकों को बधाई देने वालों का तांता लगा है।


समारोह में सम्मानित किए गए शिक्षक।

### नवादेय विद्यालय में प्रशिक्षण शिविर आयोजित


प्रशिक्षण शिविर में मौजूद कैडेट्स। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बावन बुजुर्ग बल्ला महाराजगंज में 66बटालियन एनसीसी के द्वारा 30 मई से 8 जून 2025 तक चलने वाले 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का प्रारम्भ शुक्रवार को हुआ। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन सभी एनसीसी कैडेटों की बायोमैट्रिक करके उनके पत्राजातों का विधिवत परीक्षण किया गया। दूसरे दिन कैम्प कमांडेन्ट कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल द्वारा एनसीसी कैडेटों एवं समस्त स्टाफ को प्रशिक्षण सम्बन्धी दिशा निर्देश प्रदान किए गए। तीसरे दिन रविवार को कौशल विकास संस्थान की टीम द्वारा कौशल विकास की प्रेरणा विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में विक्रमादित्य सिंह पाल, नरेश कुमार, दिनेश कुमार, राजनरायन, रत्नेश कुमार, प्रकाश चन्द्र, सौरभ कुमार, जगमोहन, दर्शन सिंह, डब्बल सिंह व 486 कैडेट्स मौजूद रहे।

### किसानों को दी आधुनिक खेती की जानकारी


कार्यक्रम में उपस्थित किसान। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत 29 मई से 12 जून तक कुल 15 दिनों तक प्रतिदिन तीन ग्राम पंचायतों में किसानों की वैज्ञानिकों के साथ विचार– विमर्श हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके क्रम में रविवार को विकासखण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत पन्हौना में भाजपा मण्डल अध्यक्ष की उपस्थिति में कार्यक्रम किया गया। वहीं, रामपुर पवारा में और विकासखण्ड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत निगोंहा, मोहइया केसरिया, ब्रह्मनी तथा विकासखण्ड तिलोई की ग्राम पंचायत रजनपुर, छतुहंवा, रमई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकासखण्ड मुसाफिरखाना की ग्राम पंचायत सरैया उर्फ मुसाफिरखाना देहात में विकासखण्ड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन संदीप कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी अमेठी, मुख्य अतिथि दिनेश प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। विकासखण्ड स्तरीय गोष्ठी में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक/ अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र नवीनत कुमार मिश्रा ने किसानों को जैविक खेती के सम्बन्ध में, भूमि संरक्षण अधिकारी ने भूमि संरक्षण की रणनीति के सम्बन्ध में समस्त किसानों को विनय कुमार वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में उन्नत कृषि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में लगभग 180 से 220 किसानों ने प्रतिभाग किया।

### डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत, चालक गिरफ्तार


बुधराम।

**मुसाफिरखाना, अमेठी,अमृत विचार।** रविवार को मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के रामशाहपुर में डंपर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। रामशाहपुर स्थित मुख्यद्वार के पास अनियंत्रित डंपर ने उसे टक्कर मार दी। इस दौरान उधर से गुजर रहे बाइक सवार बुधराम निवासी रामशाहपुर पर अचानक मलबा गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बुधराम को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह व क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### करंट से युवक की मौत

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार।** गौरीगंज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पुरे दर्जन रोहसी बुजुर्ग में शनिवार रात ग्राम पाल का पुरवा में डीजे बजाने गए शिवम पुत्र नन्हे बाबू की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार की रात हल्की बारिश हो रही थी। शिवम बारात में डीजे की व्यवस्था में जुटा हुआ था। उसी दौरान असावधानीवश वह 11 हजार वोल्ट की हाई वोल्टेज बिजली लाइन की चपेट में आ गया। हादसे की खबर मिलते ही शिवम के परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। आनन–फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज–बछरावां मार्ग पर कुत्ते को टहलाने निकली वृद्ध महिला को नशे में धुत्त बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना महराजगंज–बछरावां मार्ग की बीते 20 मई की रात आठ बजे की है। कस्बे के राम–जानकी मंदिर के सामने के निवासी शुभम साहू ने बताया कि उसकी बुजुर्ग मां पालतू कुत्ते को टहलाने निकली थी। आरोप है कि पीछे से शराब के नशे में अनियंत्रित व तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उसकी मां को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर बाइक व बाइक सवार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक

**अमेठी, अमृत विचार।** तीन दशक तक पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे अमेठी ब्लॉक के गांव भगवानपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप तिवारी का रविवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र व गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिले में एक प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में उन्होंने करीब दो दशक तक काम किया। उनका कार्य व्यवहार लोगों की प्रति हमेशा अच्छा रहा और सरल स्वभाव होने के नाते लोग उन्हें सम्मान देते थे। उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार अरविंद श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, रविंद्र तिवारी, मकसूदन, अमरीश मिश्रा, संजीव भारती, गिरीश तिवारी, ललित कुमार, लालजी तिवारी, रमन पांडे आदि ने शोक जताया है।

### पागल कुत्ते ने दो दर्जन लोगों पर बोला हमला

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार को क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ते के काटने से हड़कंप मच गया। पागल कुत्ते ने गांव से लेकर कस्बे तक घूम–घूम कर लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को निशाना बनाया। एक के बाद एक घायल सीएचसी पहुंच कर अपना उपचार करा रहे हैं। पागल कुत्ते के घूमने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। रविवार को सुबह से घूम रहे एक पागल कुत्ते ने गांव से लेकर कस्बे तक लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को हमला बोलकर जख्मी कर दिया। रविवार सुबह से ही सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पर कुत्ते द्वारा कटे गए मरीज दिन भर आते रहे। पागल कुत्ते के काटने से सेनपुर की क्रांति पत्नी संतू, शिवदुलारी पत्नी राकेश, कलंदरगंज निवासी सीता पत्नी रामफेर, सदन, कस्बा निवासी साहिल, विनोद, हरिशंकर सिंह, जमुना, फूलमती, बाबू मुस्तकीम, अवि पुत्री विजय मूर्तकिल, सुखदेव, राम सेवक, प्रज्ञांशु, पुत्तीलाल सहित लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को कुत्ते ने अपना शिकार बनाया। सीएचसी पहुंचे सभी मरीजों को चिकित्सक संजय राय द्वारा उपचार किया गया। वही अधिशाषी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि नगर पंचायत के कर्मचारियों की लगाया गया है। जल्द ही पागल कुत्ते को पकड़वाया जाएगा।

# किशोर से कुकर्म का वीडियो वायरल, रिपोर्ट हुई दर्ज

**संवाददाता, अमेठी,अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बुजुर्ग का किशोर के साथ कुकर्म करते वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने पीड़ित की मां की तहरीर पर केस दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र पीपरपुर के एक गांव निवासी बुजुर्ग ने मंदबुद्धि किशोर को बहला-फुसलाकर अप्राकृतिक कुकर्म करने का घिनौना कार्य किया। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार समाचार पत्र नहीं करता। वायरल वीडियो रविवार दोपहर का बताया जा रहा है। किशोर की मां ने वृद्ध रामसेवक सरोज निवासी दुलहिनपुर थाना रामगंज पर बेटे को बहला-फुसलाकर अप्राकृतिक कुकर्म करने की तहरीर रामगंज पुलिस को दी है। वायरल वीडियो जहां चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं लोग इसकी निंदा कर रहे हैं। पुलिस ने नामजद तहरीर पर बुजुर्ग को हिरासत में ले लिया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**बोले जिम्मेदार**

सीओ अमेठी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि रामगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत निवासी पीड़ित की मां द्वारा उसके पुत्र से उन्हीं के गांव के एक व्यक्ति द्वारा अप्राकृतिक दुष्कर्म करते हुए पॉक्सो एक्ट समेत पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नामित अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर की जा रही अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

# बैठक में पदाधिकारियों को किया मनोनीत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय सगरा तिराहा पर जिले के पूर्व पदाधिकारियों की बैठक हुई।

जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने अपना त्यागपत्र वापस लेने एवं पुनः पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। कहा पार्टी विरोधी एवं संगठन के विरुद्ध गतिविधि में संलग्न लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। अमेठी की भंग कार्यकारणी को नया आयाम देते हुए जिले की चारों विधानसभाओं में संगठन को मजबूती देने के लिए पदाधिकारियों से विचार करने के बाद प्रत्येक विधानसभा स्तर पर दायित्व सौंपा गया। इसके तहत जिला कार्यकारणी में अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, उपाध्यक्ष (चार) गौरीगंज विधानसभा से धर्मेश मिश्रा, तिलोई विधानसभा से मलखान सिंह केनाम की घोषणा की गयी। शेष जगदीशपुर एवं अमेठी विधानसभा से एक-एक उपाध्यक्ष को मनोनीत किया जाएगा।

जिला महासचिव धर्मेन्द्र नाथ शुक्ल के नाम की एवं कोषाध्यक्ष के रूप में संदीप कसौधन के नाम की घोषणा की गयी। विधानसभा स्तर पर चर्चा के बाद जिलाजीत पांडेय को गौरीगंज विधानसभा अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। विधानसभा तिलोई के लिए सुरेश गुप्ता, अशोक सेन विधानसभा अध्यक्ष एवं अशोक सेन के प्रस्ताव पर सतीश को विधानसभा तिलोई का प्रभारी मनोनीत किया गया। विधानसभा जगदीशपुर के प्रभारी के लिए जिलाजीत पांडेय के प्रस्ताव पर भी सुरेश चंद्र गुप्ता को विधानसभा जगदीशपुर का प्रभारी मनोनीत किया गया। अमेठी विधानसभा के लिए अध्यक्ष व प्रभारी शीघ्र ही मनोनीत किए जाएंगे। प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मुनौव्वर अली पूर्व व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव पूर्व की भीति अपने अपने पदो पदों पर बने रहेंगे। राम निरंजन कोरी को अमेठी विधान सभा के एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। विधानसभा स्तर पर एक-एक उपाध्यक्ष महासचिव, सचिव एवं संगठन मंत्री जो पार्टी कार्यों में रुचि रखें उनका चयन करके जिला महासचिव को सूचित करें। संचालन जिला महासचिव धर्मेन्द्र नाथ एडवोकेट ने किया। जिला अध्यश हरिशंकर जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।



अमेठी स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक करते आप कार्यकर्ता।

### तालाब में डूबने से बालिका की मौत

**सिंहपुर, अमेठी अमृत विचार।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के अंतर्गत सिंहपुर विकास खंड के गांव निवासी रोहित निर्मल की 11 वर्षीय पुत्री कामनी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह पशुओं को चराने निकली थी। ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है और पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाबों की सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध किए जाने की मांग की है जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# कुशल प्रशासक थीं अहिल्याबाई होल्कर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी कार्यालय गौरीगंज में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा व सादगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके आदर्शों, जनकल्याणकारी नीतियों और महिला सशक्तिकरण में दिए गए योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। संचालन सपा जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा द्वारा किया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर ने विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म, नीति और जनकल्याण की भावना से राज्य का संचालन किया। उन्होंने समाज में समरसता, न्याय और विकास की मिसाल कायम की जिससे आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। राजेश मिश्र प्रवक्ता ने बताया कि लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन विलक्षण विभूतियों में से हैं जिन्होंने अपने अद्वितीय शासन कौशल, धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक समरसता के मूल्यों को स्थापित किया। उन्होंने विकास और जनकल्याण को शासन का आधार बनाकर यह सिद्ध कर दिया कि एक महिला भी कुशल प्रशासक बन सकती है।

जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर नारी सशक्तिकरण, न्याय प्रिय शासन और जनकल्याण की प्रतीक थीं। उन्होंने उस दौर में भी नारी नेतृत्व की मिसाल कायम की जब समाज में महिलाओं की भूमिका सीमित मानी जाती थी। उनके कार्यकाल में समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिला और उन्होंने मंदिर, घाट, धर्मशालाओं व सड़कों का निर्माण कर जनसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर तिलोई विधानसभा प्रभारी पंधारी यादव, जिला महासचिव अरशद अहमद, महिला सभा की जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह, सूबेदार यादव, घनश्याम सिंह, उदय प्रताप सिंह, सपा छात्रसभा के जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला, जियालाल फौजी, विमलेश सरोज, समेत अनेक समाजवादी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।


किसानों को जानकारी देते कृषि विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

### विकसित संकल्प कृषि यात्रा पहुंची मुहैय्या केसरिया

**फुरसतगंज अमेठी, अमृत विचार।** रविवार को विकासखंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत मुहैय्या केसरिया में "विकसित संकल्प कृषि यात्रा" का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल यादव और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला मंत्री मनोज जायसवाल एवं आरपी यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान राकेश मौर्या ने की। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा जगदीशपुर से आए वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने किसानों को जैविक खेती की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने महिला किसानों को घर पर अचार, मुरब्बा और मोटे अनाजों के प्रयोग, पोषण और आर्थिक लाभों की जानकारी दी। साथ ही खरीफ सीजन में बोई जाने वाली फसलों, उनसे जुड़ी बीमारियों, कीट नियंत्रण एवं खरपतवार प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। कृषि बीज भंडार प्रभारी अनिल कुमार ने NFSM, आत्मा योजना, कृषि यंत्रीकरण, खेत तालाब योजना, मृदा स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण योजना, बीज ग्राम योजना, FPO सहित प्रधानमंत्री योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम, दलहन–तिलहन योजना और बीज व दवाओं पर मिलने वाले अनुदानों की जानकारी दी।

# योग करने से स्वस्थ और निरोगी होता है व्यक्ति : डॉ. प्रवेश


राणा बेनी माधव बक्श सिंह पार्क में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर में मौजूद लोग।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मुंशीगंज सई नदी किनारे शहीद स्मारक, राणा बेनी माधव बक्श सिंह पार्क में मातृ भूमि सेवा मिशन इकाई की ओर से रविवार को योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. प्रवेश कुमार चौधरी रहे। शिविर में इकाई के जिला संयोजक प्रदीप पांडेय, संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन, योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप आदि ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। प्रो. डा. चौधरी ने कहा कि वे मातृ भूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा पिछले तीन वर्षों से कराए जा रहे योग प्रशिक्षण शिविर से बहुत प्रेरित और प्रभावित होकर यहां आए हैं। इस मौके पर प्रदीप पांडेय, योगाचार्य बृजमोहन, योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# शहर की सड़कों पर अतिक्रमण से जाम जैसे हालात


घंटाघर से कैपरगंज को जाने वाली सड़क पर खड़े वाहन और लगे फल के ठेले।


कैपरगंज बाजार में बींचो–बीच सड़क पर खड़े वाहन। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के अंदर घनी मार्केट की प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमण के चलते दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। ट्रैफिक के भार के मुताबिक सड़कें चौड़ी हैं लेकिन कहीं आधी तो कहीं उससे भी ज्यादा सड़क पर अतिक्रमण लोगों का सफर मुश्किल कर रहा है। बीच सड़क लगने वाले फलों के ठेले लोगों का रास्ता रोक रहे हैं। यही नहीं ठेलों के साथ-साथ बीच सड़क पर दो पहिया व चार पहिया वाहन पार्क कर लोगों ने सड़क को ही पार्किंग स्थल बना दिया है।

नगर कोतवाली के नाक के नीचे से होकर गुजरने वाली घंटाघर से कैपरगंज सड़क अपना हाल बयां करती है। ये शहर की प्रमुख सड़कें रात में लगभग 20 से 30 फीट चौड़ी नजर आती हैं। वह बाजार खुलते ही 8 से 10 फीट रह जाती है। सड़कों पर कहीं गाड़ियां खड़ी दिखाई देती हैं तो कहीं टेम्पो व ई-रिक्शा का कब्जा रहता है। लगभग सभी चौराहों पर पुलिस व यातायात पुलिस व्यवस्था संभालने के लिए तैनात रहती है। ट्रैफिक पुलिस के सामने की जाने वाली मनमानी की कीमत लोगों को लंबे जाम में फंसकर चुकानी पड़ती है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से डिग्री कालेज चौराहा होते हुए जिला अस्पताल से सुपर मार्केट व कैपरगंज की सड़क लगभग 30 फीट चौड़ी है। कहने को यह सड़क ट्रैफिक भार के मुताबिक राहगीरों के लिए पर्याप्त है लेकिन सुबह होते ही ये सड़कें आधे से भी कम हो जाती हैं। हाथी पार्क से लेकर सुपर मार्केट चौराहे तक की सड़क भी कम चौड़ी नहीं है लेकिन ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में चाट-पकौड़े व जूस की दुकानें अतिक्रमण को बढ़ावा दे रही हैं।

> समय–समय पर अतिक्रमणकारियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। शहर के अंदर पार्किंग स्थल न होने से उत्पन्न होने वाली जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को लगाया गया है।
>
> –अमित सिंह, सीओ सदर, रायबरेली।

# भूमाफियाओं की दबंगई से त्रस्त दंपति ने किया आत्मदाह का प्रयास

## पति के साथ पेट्रोल से भरी पिपिया लेकर थाने पहुंची महिला को देख मचा हड़कंप

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** जमीनी विवाद के प्रकरण में शिकायत करने तहसील पहुंची एक महिला ने खुद पर व अपने पति के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की है। हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने दौड़ कर महिला के हाथ से पेट्रोल का डिब्बा और माचिस को छीन कर बड़ी घटना घटित होने से बचा लिया। शोरगुल सुनकर घटनास्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिला और उसके पति को समझा बुझाकर थाने ले गई। महिला का आरोप है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से उसकी जमीन पर भूमाफिया अवैध तरीके से कब्जा कर रहे है। शिकायत के बावजूद भी करवाई नहीं की जा रही है।

रविवार को धरई पनाहनगर गांव की रहने वाली नीतू अपने पति कृष्ण कुमार के साथ जमीनी विवाद के मामले में शिकायत करने तहसील पहुंची थी। मामले में राजस्व कर्मियों द्वारा लापरवाही बरते जाने की वजह से नाराज पीड़िता ने अपने व अपने पति के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। महिला को अपने ऊपर पेट्रोल डालते देखकर तहसील परिसर में हड़कंप मच गया है। आसपास खड़े लोगों ने दौड़ कर उसके हांथ से ज्वलनशील पदार्थ की पिपिया को छुड़ा कर किसी तरह महिला और उसके पति की जान बचाई। महिला ने बताया कि पालहीपुर गांव में उसकी बैनामा की जमीन है। जिस पर विपक्षी अंकुर पाण्डेय निवासी मंशा का पुरवा मजरे किठावा, अमित शुक्ला निवासी कोडरी व अर्पित सिंह निवासी कपूरी पुर उसकी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिए है। पीड़िता ने बताया कि कई दिनों से तहसील से लेकर कलेक्टर के दफ्तर तक चक्कर काट रही है, परंतु उसकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है। रविवार को पुनः शिकायत लेकर तहसील आई थी, लेकिन कोई मामले को सुनने को तैयार नहीं था। कार्रवाई न होने से नाराज पीड़िता ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश करने लगी। पीड़िता का आरोप है की राजस्व कर्मी,भू-माफियाओं के साथ मिलकर उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करवा रहे है। हल्का लेखपाल मुझे जमीन छोड़ कर भाग जाने की धमकी देते है। कहते है जमीन छोड़कर भाग जाओ नहीं इसमें एक दो की हत्या हो जाएगा। डिप्टी कलेक्टर चंद्र प्रकाश का कहना है कि पीड़िता द्वारा लेकर आई ज्वलनशील पदार्थ को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। महिला के जमीनी कागजात की जांच की जा रही है। अगर उसकी जमीन है तो कब्जेदारों से उसकी जमीन मुक्त करवाई जाएगी।


आत्मदाह करने वाले दंपति से बातचीत करती पुलिस। अमृत विचार

**टली घटना**

लोगों ने दौड़ कर छीना पेट्रोल का डिब्बा व माचिस

# अध्यक्ष और बीडीओ ने मेधावियों का किया सम्मान


मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते बीडीओ गगनदीप सिंह और भाजपा नेता अनूप पांडे।

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज की हाई स्कूल की छात्रा अदिति चौधरी और बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज की इंटर की छात्रा शिखा अग्रहरि को बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने सम्मानित किया।

छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मेधा को सम्मान मिलने से उसमें और अधिक कुछ कर गुजरने की भावना जागृत होती है। इसके साथ ही अन्य बच्चों में भी प्रेरणा का संचार होता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह आगे चलकर राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाएंगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और भाजपा नेता अनूप पांडे ने भी बालिकाओं को शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी पर बालिकाओं को पुरस्कृत करने का कार्यक्रम किया गया है। इस अवसर पर अतुल त्रिपाठी, देवेश अग्निहोत्री, अनंत विजय सिंह, मोहम्मद याकूब खान, विजय सिंह, अवनीश पांडे आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र से होमगार्ड को किया सम्मानित


होमगार्ड राजेश सिंह को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार को थाना खीरों के परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अच्छे टर्नआउट और सराहनीय कार्य करने वाले वरिष्ठ होमगार्ड राजेश सिंह को प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, जिला कमांडेंट होमगार्ड संजय कुमार शर्मा आदि द्वारा प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त और उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र खीरों के गांव पाहो निवासी होमगार्ड राजेश सिंह वर्ष 1988 में होमगार्ड के पद पर नियुक्त हुए थे। अपने लगभग 37 वर्षों के लम्बे सेवाकाल में अपनी सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, लगन और परिश्रम के साथ अपनी सेवाओं से सभी को प्रभावित किया। उनके सराहनीय कार्य और अच्छे टर्नआउट के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र और उपहार भेंटकर सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त निरीक्षक विनय कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार शर्मा, आरक्षी राहुल कुमार, दशरथ कुमार, महिला आरक्षी सुधा, प्लाटून कमांडर धर्मेन्द्र कुमार सिंह, रनर सतनेश कुमार, होमगार्ड शिवबहादुर यादव, अमित कुमार शुक्ला, श्रीप्रकाश, वीरेन्द्र कुमार सिंह, मेवालाल, चन्द्रकान्त शुक्ला आदि सहित सभी पुलिसकर्मी और होमगार्ड के जवान उपस्थित थे।.

### उत्कृष्ट कार्य के लिए होमगार्ड सम्मानित


होमगार्ड को सम्मानित करते पुलिस अधिकारी।

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली में रविवार को होमगार्ड राम कुमार यादव को उनके उत्कृष्ट कार्य और व्यवहार के लिए सम्मानित किया गया। पीसी इंद्रमणि सिंह की पहल के तहत हर महीने की पहली तारीख को बेहतर प्रदर्शन करने वाले होमगार्ड को सम्मानित किया जाता है। मई माह में राम कुमार यादव ने अपनी ड्यूटी, कार्य व्यवहार और टर्न आउट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव और पीसी इंद्रमणि ने राम कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र और उपहार प्रदान किया। साथी होमगार्डों ने भी फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में राजेश कुमार राय, रमेश मौर्य, रामयश मौर्य, राम भुवन सिंह, दिनेश सिंह, राम प्रकाश, धर्मदास, रामदास, रमेश मिश्रा, रामकुमार सिंह, राजेश सिंह, तेज कुमार, राम प्रताप यादव, सुरेश कुमार, कमलाकांत, रामकुमार यादव और लाल बहादुर सहित अन्य होमगार्ड उपस्थित रहे।

### आरोग्य मेले में 72 मरीजों का किया उपचार


रविवार को हरदी टीकर पीएचसी में आरोग्य मेले में उपचार करते चिकित्सक।

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 72 मरीजो ने का उपचार किया गया। चिकित्सक सुफैल अहमद ने बताया कि आरोग्य मेले में खांसी, जुखाम, बुखार, बीपी, शुगर, पेट दर्द आदि रोगों के मरीजों का उपचार किया गया। मेले में 37 पुरुष, 28 महिलाएं व सात बच्चों का उपचार किया गया। सभी को निशुल्क रूप से दवा वितरण किया गया।

### करणी सेना के प्रदेश महामंत्री का जोरदार स्वागत


करणी सेना प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह का स्वागत करते लोग।

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के गुमावां में करणी सेना के प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह का भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन करणी सेना के बाराबंकी जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह के नेतृत्व में किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह पूरे गजराज मजरे गुमावां में श्रीमद्भागवत कथा के समापन के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथा वाचिका संध्या भरद्वाज जी ने सनातन धर्म की महत्ता, सामाजिक मूल्यों और नारी शक्ति के आदर्शों पर गूढ़ विचार प्रस्तुत किए। उनकी ओजस्वी वाणी और प्रेरणादायक प्रसंगों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह ने करणी सेना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि करणी सेना केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज में संस्कृति, सम्मान और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से संगठन की विचारधारा को आत्मसात करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि करणी सेना हमेशा राष्ट्र, संस्कृति और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रही है और आगे भी रहेगी। इस मौके पर दुर्गेश सिंह, शिवम पाण्डेय, विपुल सिंह, अजय सिंह, ध्यानू पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, टिंकू सिंह, रुद्रदेव सिंह, सोनू सिंह, शिव जहान सिंह, अनुज अवस्थी, हर्षित, मनीष सिंह, एपी सिंह, अर्पित, विशाल भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, जांच शुरू

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** मांगलिक कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो एक शादी समारोह का लग रहा है। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कई लोगों के बीच में आसमान की ओर बंदूक करके हर्ष फायरिंग करते हुए एक युवक साफ नजर आ रहा है। चंदापुर थाने की पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में हर्ष फायरिंग कर रहे युवक की पड़ताल की गई। बताया गया कि वायरल हो रहा वीडियो वर्ष 2022 का है। वीडियो में अमेठी जनपद के गौरीगंज थाना क्षेत्र के अन्नी बैजल गांव निवासी अर्पित सिंह द्वारा स्टेज़ पर हर्ष फायरिंग करने का वायरल वीडियो ढाई साल पहले का है। चंदापुर थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि वीडियो की जांच में पता चला कि गौरीगंज के अन्नी बैजल गांव निवासी हुकुम सिंह की पुत्री की शादी वर्ष 2022 में हुई थी। इस दौरान हर्ष फायरिंग करने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के सम्बन्ध में विधिक कार्रवाई करने के लिए गौरीगंज पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है। मुरैनी गांव के देवनाथ सिंह की बंदूक जमा करा दी गई है। शस्त्र धारक के सम्बन्ध में पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

### जून में मिलेगा जुलाई माह का राशन, वितरण में परिवर्तन

**रायबरेली, अमृत विचार।** गरीबों के राशन वितरण व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नित नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जून में ही जुलाई माह के राशन वितरण करने का निर्देश दे दिया गया है। शासन से पत्र आने के बाद डीएसओ के निर्देश पर सदर पूर्ति निरीक्षक प्रदीप मिश्रा ने सभी कोटेदारों को नियमानुसार वितरण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि किसी कीमत पर कार्डधारकों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि जून माह का राशन 10 तारीख तक वितरण किया जाएगा। इसके बाद जुलाई माह का वितरण होगा, जिसकी तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कोटेदार राशन लेने के लिए आने वाले कार्डधारकों को इस बाबत सूचित कर दे, ताकि किसी तरह भ्रम की स्थिति ना रहे। गौरतलब है कि जिले में करीब साढ़े पांच लाख कार्डधारक है। इसमें एक लाख एक हजार अंत्योदय कार्डधारक है। हर बार वितरण के दौरान निर्धारित तिथि में परिवर्तन करना पड़ता था। इसकी वजह सभी कार्डधारकों तक अनाज पहुंचाना है। इस बार जुलाई माह के अनाज को जून में ही वितरण करने का निर्णय लिया गया है।

## एक नजर

### चंद्रकांत को जिले की मिली कमान

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय दर्जी महासभा संगठन की ओर से चंद्रकांत काकुस्थ को रायबरेली का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू नामदेव ने कहा कि चंद्रकांत के मनोनयन से जिले में संगठन को मजबूती मिलेगी। साथ ही समाज के हित में कार्य तेजी से होंगे। अध्यक्ष बनने पर चंद्रकांत ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि संगठन से मिली जिम्मेदारी को पूरी ईमानदार से निर्वहन करूंगे। अखिल भारतीय दर्जी महासभा संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को दर्जियो तक पहुंचाते हुए संगठन को पूरे जिले से में गतिशीलता प्रदान करूंगा।

### संगीतमय राम कथा का आयोजन आज से

**रायबरेली, अमृत विचार।** गंगागंज क्षेत्र के ग्राम लालूपुर खास स्थिति आस्तिक देव मंदिर के निकट संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जाएगा। आज शोभायात्रा के साथ संगीतमय राम कथा का शुभारम्भ होगा। तीन जून को शिव विवाह, चार जून को राम जन्मोत्सव, पांच जून को राम विवाह व छह जून को राम वनगमन, सात को सबरी प्रसंग व आठ जून को हनुमान चरित्र, नौ जून को लंका विजय व दस जून को राज्याभिषेक की कथा आचार्य पंडित कृष्ण कुमार शास्त्री श्रोताओं को संगीतमय राम कथा का रसपान कराएंगे। संगीतमय राम कथा के समापन पर ग्यारह जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### मां विंध्यवासिनी के दर्शन कर टेका मत्था

**लालगंज ,रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत सदस्य और पीपल ट्री वेंचर्स के मैनेजर अनंत विजय सिंह, आरएसएस धर्म जागरण के जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला, वरिष्ठ प्रवक्ता देवेश अग्निहोत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता धनेश प्रताप सिंह ने विंध्याचल पहुंचकर जहां गंगा स्नान किया वहीं मां विंध्यवासिनी के मंदिर में पहुंचकर मां के चरण कमलों में माथा टेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी मंदिरों के दर्शन किया और मां के मंदिर की परिक्रमा भी की। सभी ने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से सरकार ने विंध्यवासिनी धाम को सजाने और संवारने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर त्रयंबक नाथ तिवारी, रवींद्र आदि मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत विनायकपुर गांव में 25 वर्षीय युवक ने साड़ी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दिया। मृतक अनुज कुमार पुत्र रामखेलावन का विवाह बीते दो सप्ताह पहले हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था जबकि उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके बाद दोनों पक्षों की सहमति से विवाह हुआ था। इसके बाद अनुज कुमार किसी बात को लेकर नाराज हो गया। साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। सुबह परिजनों ने अनुज कुमार का शव को देखा तो सूचना बछरावां पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक जितेश सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस सेवा में चयनित युवाओं को किया गया सम्मानित


पुलिस में चयनित युवा और साथ में नगर पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पंचायत बछरावां के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बछरावां क्षेत्र की पुलिस सेवा में चयनित 21 नवयुवकों को अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आप ही लोग नए राष्ट्र का निर्माण करेंगे और समाज की निचले स्तर के व्यक्ति को भी न्याय उपलब्ध कराने के लिए काम करेंगे। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संकल्पित नव भारत के अनुरूप लक्ष्य की प्रप्ति करेंगे। वही इस मौके पर पुलिस में चयनित प्रभात कुमार यादव, अमन चंद्रा, राजेश पटेल, सूर्य प्रकाश, रोहित, सचिन साहू, जयशंकर विश्वकर्मा, विशाल कुमार साहू, आदित्य वर्मा, अक्षांश पटेल, हिमांशु, सूर्य प्रकाश, राहुल कुमार, शैलेश चंद्र, सौरभ कुमार, कमलेंद्र, राहुल वर्मा, अनुज गौतम, रंजीत कुमार, सचिन गौतम व अन्नू सिंह मौजूद रही। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन अंकुर चौधरी ने किया। वही इस मौके पर नगर पंचायत कर्मी सर्वेश कुमार उर्फ मंशू, भिखारी लाल व सौरभ कुमार मौजूद रहे।

# सैनिकों ने सदर विधायक को किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली


सदर विधायक अदिति सिंह को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा 25 मई को सदर विधानसभा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा एवं शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया था। इस यात्रा का उद्देश्य सैनिकों के मनोबल को बढ़ाना और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों एवं नागरिकों ने सहभागिता की। आज के कार्यक्रम के अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह को सैनिकों के सम्मान एवं मनोबलवर्धन के लिए उनके निरंतर प्रयासों और योगदान के लिए राही ब्लॉक सभागार में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में सैकड़ों सैनिकों के साथ-साथ जिले के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी बनाया। उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था, रायबरेली ने इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, सैनिकों के सम्मान और एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष दल बहादुर सिंह, जितेन्द्र सिंह, अमरेश त्रिपाठी, राम प्रताप शुक्ला, राजाराम यादव, अजय कुमार, ओम प्रकाश त्रिवेदी, जितेन्द्र जायसवाल, राज कुमार वर्मा, सुन्दर लाल यादव, राघवेन्द्र सिंह, एसपी सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## लग्गूवीर बाबा मन्दिर में भंडारा आयोजित


लग्गूवीर बाबा मन्दिर में पूजा करते भक्त।

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के गूढ़ा स्थित लग्गूवीर बाबा मन्दिर में भण्डारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का आयोजन मानव कल्याण के उद्देश्य से गूढ़ा गांव के रहने वाले राकेश पटेल द्वारा किया गया। सुन्दरकाण्ड पाठ के पश्चात दोपहर एक बजे कन्याभोज से शुरु हुआ भण्डारा शाम तक चलता रहा। भण्डारे में दूर-दराज़ से आए श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। भण्ड़ारे में सपा विधायक श्याम सुन्दर भारती, जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, भानु प्रकाश पटेल, बृजेंद्र चौधरी, देवतादीन पासवान, ओमप्रकाश रावत, शिवशंकर वर्मा, विजय बहादुर आदि लोग उपस्थित रहे।

## जेडी ने रायपुर नेरुवा में विकास कार्यों की देखी जमीनी हकीकत

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली


रायपुर नेरुवा गांव में विकास कार्य का निरीक्षण करते जेडी एसएन सिंह।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा का जॉइंट डायरेक्टर एसएन सिंह ने औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत देखी। जेडी ने सबसे पहले मुख्यमंत्री पुरस्कार योजनान्तर्गत निर्मित दुकानों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए दुकानदारों से बातचीत की। उसके बाद सामुदायिक शौचालय, ओपन जिम का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से पूछा। वहीं आरआरसी सेन्टर, प्राथमिक विद्यालय और स्मार्ट क्लास एवं बहुउद्देशीय पंचायत भवन को देखा। कराए गए गुणात्मक पूर्ण विकास कार्यों एवं बातचीत में मिले ग्रामीणों के फीडबैक से वे संतुष्ट दिखे, जिसको लेकर जेडी ने ग्राम प्रधान रतीपाल रावत की सराहना की।

जॉइंट डायरेक्टर ने कहा कि अन्य प्रधानों को रायपुर नेरुवा ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों से सीख लेनी चाहिए। ग्राम प्रधान रतीपाल रावत द्वारा जेडी को बुके देकर एवं साल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत शिवगढ़ मोहित सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अंजली वर्मा, खण्ड प्रेरक दीपा मिश्रा, सीई राहुल चौधरी, पंचायत सहायक पूनम, सफाई कर्मचारी संतोष कुमार, ग्रामीण रामदेव, चन्द्रभान विजय कुमार रावत, राजन, अजय कुमार, अर्जुन प्रसाद, राजेश कुमार, दिनेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## सड़कों पर नहीं अदा की जाएगी नमाज : सीओ


नसीराबाद थाने में बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष, मौजूद अन्य।

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें प्रधानों ने होने वाली मीटिंग का बहिष्कार कर दिया। सलोन सीओ यादवेंद्र ने कहा कि जहां पर कुर्बानी हो रही हैं निरीक्षण किया जाए, कुर्बानी होने के बाद बचे हुए अवशेषों को गड्ढे में मिट्टी डाल दिया जाए। सुवर पालकों को नोटिस भेजवाने की बात कही है। सीओ ने नगर पंचायत प्रतिनिधि मो. आदिल से कहा कि कस्बे में प्रचार वाहन से कुर्बानी में लोगों को सावधानी संबंधित जानकारी देने के साथ उन्हें यह भी बताया कि सड़कों पर नमाज नहीं अदा की जाएगी। प्रधान संघ अध्यक्ष बृजपाल पासवान ने बताया कि नसीराबाद देहात ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तुलसी राम पासी को 15 मई को थानाध्यक्ष कमलेश कुमार द्वारा फर्जी मामले में जेल भेजा गया था।

# ओपन जिम की स्थापना कराकर पूरा किया वादा : राकेश सिंह

संवाददाता, जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोगों को सेहतमंद रखने के लिए जगतपुर कस्बे के प्राथमिक स्कूल के सामने खेल मैदान में जिला पंचायत द्वारा ओपन जिम स्थापित कर स्थानीय ग्रामीणों को सौंप दिया गया है। जिसमें दस प्रकार के उपकरण लगाए गए हैं।

वहीं हेवतहा नेवढ़िया के खेल मैदान में भी ओपन जिम की स्थापना हो गई है। जिला पंचायत द्वारा स्थापित ओपन जिम के उपकरण स्थापित किए गए। ओपन जिम में क्रास ट्रेनर, एयर वाकर, रोवर, राइडर, सर्फ बोर्ड, पेट के रोग के लिए एडा मिनरल बोर्ड, स्टेपर विद ट्विस्टर, कंधों के लिए आर्मवीर, चेस्ट एंड सोल्जर प्रेस आदि स्थापित की गई है। इस जिम में पहले दिन बच्चे ने झूलानुमा उपकरण पर मस्ती की। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने बताया कि जिला पंचायत चुनाव के दौरान उनके द्वारा युवा, नौजवानों, मातृ शक्ति से किया गया वायदा आज ओपन जिम की स्थापना कराकर पूरा कर दिया है। इसी क्रम में दो की स्थापना हो चुकी है और आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। कस्बे के प्रमोद कुमार, सैनी, राजकुमार सोनी, राजबहादुर विश्वकर्मा, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह, अंकुश यादव ने जिला पंचायत सदस्य के द्वारा कराए गए कार्य की सराहना की है।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख ने पीड़िता को दी आर्थिक सहायता


महिला की समस्या को सुनते पूर्व ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह।

संवाददाता, सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार।** आज के अर्थ प्रधान युग में जहां लोग पैसों की खातिर कुछ भी करने से गुरेज नहीं करते हैं। नेता और जनप्रतिनिधि आपदा विपदा की स्थिति में पीड़ितों के घर अपनी राजनैतिक गर्म करने पहुंच जाते है। वहीं क्षेत्रवासियों को अपने परिवार का सदस्य मानने वाले सतांव विकास खंड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह मानवता की ऐसी मिशाल पेश कर रहे है, जिसकी समस्त क्षेत्र वासी हृदय से सराहना कर रहे है।

बीते शुक्रवार की रात क्षेत्र के कोरिहर गांव निवासी रिंकू पासवान व उसके मित्र विजय पासवान और मोनू पासवान मोटर साइकिल से घर वापस आ रहे थे। अघौरा गांव के समीप एक कार ने तीनों को टक्कर मार दी थी। इस घटना में रिंकू की मृत्यु हो गई थी। वहीं विजय और मोनू का इलाज अभी चल रहा है। सूचना पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने रविवार को मृतक रिंकू व घायल विजय और मोनू के परिवारजनों से मिलने पहुंचे। मृतक के परिवारजनों को एक लाख और घायलों के परिवारजनों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। पीड़ित परिजनों को ढ़ाढ़स भी बंधाया कि आप लोग परेशान ना हो मै हर परिस्थिति में साथ खड़ा हूं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख के इस उदार व्यवहार की समस्त क्षेत्रवासी जमकर सराहना कर रहे हैं।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट

भारत जहां तेजी से विकास कर रहा है, वहीं चिंता की बात है विदेशी कंपनियां भारत में निवेश किए गए धन को वापस अपने देश ले जा रही हैं। यह प्रवृत्ति भारत में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के स्तर को कम कर रही है। इसका मतलब है कि भारत में विदेशी निवेश की शुद्ध मात्रा कम हो रही है। एफडीआई को लेकर हाल के सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई सिर्फ 0.4 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 10.1 अरब डॉलर था। यानी इसमें करीब-करीब 96 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, सकल एफडीआई यानी कुल विदेशी निवेश में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अब 81 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। नेट एफडीआई में गिरावट से साफ है कि भारत में भले ही निवेश आया हो, लेकिन उसी समय बड़ी मात्रा में पैसा बाहर भी गया है। सवाल उठता है कि क्या विदेशी कंपनियों में धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं। हालांकि एफडीआई में कमी सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। शुद्ध एफडीआई की कमी से भारत में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वास्तव में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक आवश्यक चालक है क्योंकि वे नौकरी बाजार, तकनीकी ज्ञान के आधार को बढ़ावा देते हैं और गैर-लोन वित्तीय संसाधन प्रदान करते हैं। 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत में आर्थिक उदारीकरण शुरू हुआ और तब से भारत में एफडीआई में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके बाद एक करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। सरकार ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और प्रोत्साहन भी दिए हैं, जैसे ' मेक इन इंडिया' पहल। साथ ही देश में एफडीआई को आकर्षित करने के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाता है जैसे कि गतिशील कारोबारी माहौल और उदार क्षेत्रीय नीतियां। निवेश में गणितीय अवधारणाओं को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निवेश निर्णयों में मदद करता है और जोखिमों को कम करता है। निवेश नीतियों में सुधार करने से निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने और जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। जब तक विदेशी कंपनियों के अनुकूल देश में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं करेंगे, तब तक बहुत अधिक निवेश की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# बदलते भारत को चाहिए तेज, तकनीकी रक्षा रणनीति


योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत की वायुशक्ति और रक्षा तैयारियों को लेकर हाल के दिनों में कुछ गंभीर सवाल उठाए गए हैं और ये सवाल किसी और नहीं, बल्कि स्वयं देश के सर्वोच्च वायुसेना अधिकारी ने उठाए हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का यह बयान कि 'एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं होती' केवल एक क्षोभ नहीं, बल्कि उस हताशा और यथार्थ का प्रतिबिंब है, जिसे भारतीय सशस्त्र बल दशकों से झेल रहे हैं। घरेलू रक्षा उत्पादन को लेकर किए गए वादों, घोषणाओं और नीतियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है, खासकर तब, जब देश को अपने पड़ोसी देशों के साथ लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में सात मई को भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए हवाई हमले के बाद उपजे हालात ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि भारत को तत्काल और निर्णायक सैन्य क्षमताओं की आवश्यकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिनों तक चले ड्रोन हमले, मिसाइल वार और सीमाओं पर भारी गोलाबारी के बाद दोनों देशों ने भले ही 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा कर दी, लेकिन इस टकराव ने देश की सामरिक तैयारी को लेकर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस पूरे परिदृश्य में वायुसेना प्रमुख का यह कथन कि 'हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा ही नहीं हो सकता?' बहुत कुछ कहता है। भारत वर्षों से 'मेक इन इंडिया' के जरिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि आज भी भारत को अपने हथियारों, लड़ाकू विमानों, टैंकों और यहां तक कि इंजन तक के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में 83 तेजस एमके-1 ए विमानों की डिलीवरी पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है। 2021 में हुए समझौते के अनुसार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इन्हें डिलीवर करना था, लेकिन अभी तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है। इसी तरह 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की डिलीवरी भी सितंबर 2025 तक पूरी होनी थी, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें भी देरी तय है। वायुसेना प्रमुख का कहना है कि केवल निर्माण नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' की आवश्यकता है यानी भारत को सिर्फ असेंबलिंग नहीं, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के जरिए रक्षा क्षेत्र को खड़ा करना होगा। रक्षा विशेषज्ञ राहुल बेदी का आकलन और अधिक चिंता बढ़ाने वाला है। उनके अनुसार, रक्षा मंत्रालय की व्यवस्था इतनी धीमी और जटिल है कि किसी भी रक्षा परियोजना को पूरा होने में औसतन 7-10 साल लग जाते हैं।

> एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती।

मिसाल के तौर पर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) की मंजूरी अभी हाल में ही दी गई है, जो भारत का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, अभी भी प्रोटोटाइप चरण में है। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है और उत्पादन 2035 से शुरू होने की संभावना है। उसके बाद इसे वायुसेना में शामिल होने में कम से कम तीन साल और लगेंगे। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो भी इस परियोजना को पूरा होने में 13 वर्ष लगेंगे। भारत और रूस के बीच 2007-08 में शुरू हुआ एफजीएफए परियोजना का करार भी नाकाम रहा। भारत ने इस परियोजना पर 11 साल तक समय और धन खर्च किया, लेकिन 2018 में इससे बाहर हो गया। वहीं रूस ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और आज 'सुखोई-57' के रूप में उसका स्टेल्थ फाइटर सामने है। यदि भारत इससे जुड़ा रहता तो आज उसके पास भी एक उन्नत स्टेल्थ लड़ाकू विमान होता। जब हम भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या को देखते हैं, तो यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृति के बावजूद वर्तमान में वायुसेना के पास केवल 30 स्क्वाड्रन ही हैं, जिनमें से दो से तीन स्क्वाड्रन अगले एक-दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाली है यानी निकट भविष्य में वायुसेना की ताकत केवल 28 स्क्वाड्रन तक सीमित रह सकती है। यह संख्या चीन और पाकिस्तान के संयुक्त खतरे को देखते हुए बेहद अपर्याप्त है।

वायुसेना ने 2018-19 में 114 लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छह वर्ष बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई है। इसका मतलब है कि हमारी सुरक्षा जरूरतें नीति-निर्धारकों की प्राथमिकता में नहीं हैं। राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की कहानी भी देरी और जटिलताओं का उदाहरण है। 2007-08 में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर 2016 में हुए और डिलीवरी 2018 से शुरू हुई। इसी तरह तेजस लड़ाकू विमान पर बातचीत 1981 में शुरू हुई थी, लेकिन इसके पहले वर्जन को आने में 40 साल लग गए और वह भी तब, जब उसका 45 प्रतिशत हार्डवेयर आज भी इंपोर्टेड है। इसका इंजन अमेरिका से आता है और सबसे अहम बात यह है कि अब तक भारत अपने किसी भी प्रमुख लड़ाकू विमान, टैंक या हेलीकॉप्टर के लिए स्वदेशी इंजन विकसित नहीं कर पाया है।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती। ग्लोबल फायर पावर की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान 12 वें स्थान पर है। भारत के पास 22 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक, 4,201 टैंक, लगभग डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन और 3,975 तोपें हैं। वायुसेना के पास 2,229 विमान हैं, जिनमें 513 लड़ाकू विमान शामिल हैं, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन की संख्या जरूरत से कम है। यही वह अंतर है, जो तकनीकी और रणनीतिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से केवल 1.80 लाख करोड़ रुपये आधुनिकीकरण और नए हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राशि चीन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए अपर्याप्त है।

बहरहाल एयरचीफ मार्शल की यह टिप्पणी कि 'अब समय है डिजाइन इन इंडिया का' अपने आप में एक नई सोच को जन्म देती है, जब तक हम केवल 'असेंबलिंग' करते रहेंगे, आत्मनिर्भरता दूर का सपना ही बनी रहेगी। 'मेक इन इंडिया' का सपना तभी साकार होगा, जब भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन की संपूर्ण प्रणाली (डिजाइन, विकास, उत्पादन और परीक्षण) को सक्षम बनाएगा, लेकिन जिस तरह की देरी, नीति-निर्धारण में अनिर्णय और तकनीकी निर्भरता अब तक देखी गई है, उससे स्पष्ट है कि भारत को एक 'बोल्ड डिफेंस रिफॉर्म' की जरूरत है। स्वदेशी तकनीक और स्वदेशी रणनीतिक औद्योगिक क्षमताएं विकसित करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और सेना, सभी को मिलकर एक ठोस रोडमैप बनाना होगा।

इस पूरे विमर्श में एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को केवल बयान भर न समझा जाए, यह देश की सुरक्षा नीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## प्रसंगवश

# जेठ


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जेठ शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव है, जो 'बड़े' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। हिंदू कलेंडर में इस नाम का एक महीना होता है। साथ ही यह एक रिश्ते का भी नाम है। किसी स्त्री के पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं। जेठ महीना हिंदू वत्सर का तीसरा मास है और यह नामकरण इसलिए हुआ, क्योंकि इसकी पूर्णिमा को चंद्र देव ज्येष्ठा नक्षत्र पर होते हैं।

इस समय गर्मी चरम पर होती है। जायसी कवि 'पद्मावत' में कहते हैं," जेठ जरै जग चलै लुवारा। उठहिं बवंडर परहिं अंगारा"।। और उनकी वियोगिनी रानी नागमती की स्थिति यह है: "चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।।" इस मास में यदि खूब तपन हो, तभी सही रहता है। बारिश अच्छी होती है।

घाघ कहते हैं,"जेठ मास जब तपै निरंता। तब जानौ वरषा बलवंता", किंतु यदि इसमें पुरवाई हवा चलें, तो वर्षा क्षीण होती है,'जब जेठ चलै पुरवाई। तब सावन धूरि उड़ाई"। जेठ में जब थोड़ा पानी बरस जाता है, तो उसे 'दवंगरा' कहते हैं। पहले यातायात के साधन न के बराबर थे। पैदल या बैलगाड़ी ही थी, अतः इस महीने में यात्राएं वर्जित थीं। जहां तक जेठ के रिश्ते की बात है, तो इसकी बड़ी मर्यादा स्थापित है। छोटे भाई की पत्नी न केवल उन्हें घूंघट काढ़ती है, बल्कि वह उस पाटा पर भी नहीं बैठ सकती, जिस पर ज्येष्ठ भोजन आदि के लिए बैठे हो। इतना ही नहीं, उनका नाम लेना तो दूर, जेठ शब्द कहने पर भी दोष लग जाता है।

एक कथा के अनुसार एक महिला के जेठ का नाम 'कपूर' था। वह पंसारी की दूकान पर कपूर खरीदने गई। अब न तो वह कपूर शब्द कह सकती थी और न ही जेठ। अतः वह कुछ यों बोली, "बैसाखै ऊपर उइ लगैं, जिनकी हमैं है लाज। ऐ बनिया! हमैं वो देव, जामें आवै षास सुवास"।। दुकानदार समझ नहीं पा रहा था। संयोग से वहां एक कवि खड़े थे,तो वे समझ गए और दुकानदार से कहा,"गुप्ता जी! ये शायद कपूर मांग रही हैं, इनके जेठ का यही नाम है"। महिला बोली, हां! ऐसा ही है, तब उसे सौदा मिल पाया। अब बड़ों में भगवान विष्णु इंद्र के छोटे भाई मान्य हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी जी ज्येष्ठ जी से कितनी दूरी बनाकर रखतो हैं, इसकी कोई स्पष्ट कथा उपलब्ध नहीं है।

# देश में जासूसी का मायाजाल


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरुआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं।

ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संपर्कों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा था। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था।

कुछ साल पहले एटीएस ने मध्य प्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता? हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचाकर रैकेट का पर्दाफाश जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी, लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजिटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंजा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। अतएव डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# मानव संस्कृति का विकास


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मानव संस्कृति की विकास धारा दो किनारों के बीच में बहती रही है और बह रही है। एक किनारा मनुष्य जैसा है अर्थात् यथार्थ और दूसरा किनारा है- मनुष्य जैसा होना चाहिए अर्थात् आदर्श। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं कि इस द्वंद्व के बीच ही मानव संस्कृति का विकास हुआ है और हो रहा है। जैसा होना चाहिए वाला पक्ष अर्थात् आदर्शवाद एक तो है नहीं, उसमें बहुत मतभेद और संघर्ष हैं।

इस संघर्ष का कारण सत्ता है, वह सत्ता धर्म के तंत्र की हो अथवा धन के तंत्र की हो या राज्य के तंत्र की। कितने धर्म हैं? धर्म नहीं, वे वास्तव में धर्म के तंत्र की सत्ताएं हैं। सभी धर्मसत्ताएं यह कहती हैं कि यदि दुनिया के सभी लोग हमारे धर्मतंत्र में आ जाएं, तो बस मानव-कल्याण हो जाए, स्वर्ग धरती पर उतर आवे। धर्मतंत्र की सत्ता वाले इतने खूंखार हो जाते हैं कि वे अभी भी कल्पना कर रहे हैं कि दुनिया हम जैसी हो जाएगी। इन लोगों ने ईश्वर की परिकल्पना को भी उससे जोड़ लिया है, उस परिकल्पना को हम गॉड कहें या खुदा कहें अथवा अन्य कोई नाम दे लें। आतंकवादी भी उसी लाइन के लोग हैं। "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में तथाकथित राष्ट्रवादी भी हैं, जो बचपन से ही बालक को मन में कुछ अवधारणाओं की प्रतिष्ठा करते हैं और साम्यवादी भी हैं, जिन्होंने सोवियत-संघ के जमाने में ब्रेनवाश करने के बहुत से प्रयोग किए थे। "जैसा होना चाहिए।" आइडियोलॉजी वाला यह पक्ष सत्तावादी होता है। यह समझता है कि सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो हम जैसा चाहते हैं, मनुष्य वैसा ही बन जाएगा। इस पक्ष के लोग अंततः व्यष्टि स्वार्थ के संगठन को जन्म देते हैं। स्वार्थों की गांठें लगती चली जाती हैं और संगठन विकसित होता चला जाता है।

धन की सत्ता वाला समूह भी इसकी ही छत्ती के नीचे अपना स्वार्थ साधन करता है, इसलिए राजसत्ताएं और धनसत्ताएं इस पक्ष को साधन प्रदान करती हैं। आतंकवाद को प्रश्रय कौन दे रहा है? ये ही शक्तियां हैं। ध्यान देने की बात यह है कि "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में एक समष्टि पक्ष भी होता है। सच तो यह है कि व्यष्टिस्वार्थों के संगठन वाला पक्ष भी समष्टि पक्ष को ही सिद्धांत आइडियोलॉजी के रूप में प्रचारित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# पूर्वोत्तर भारत: देश की राजस्व वृद्धि का नया इंजन


रजत मेहरोत्रा
वितीय सलाहकार

> स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी देश के विकास मानचित्र पर हाशिए पर रखा गया क्षेत्र माना जाता था। आज राष्ट्रीय आर्थिक विकास की एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। आठ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम का यह क्षेत्र न केवल अपनी जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अब कृषि, पर्यटन, सीमा व्यापार, हैंडलूम और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर भारत की राजस्व संरचना को मजबूत कर रहा है। यह परिवर्तन आकंड़ों और तथ्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों की कुल सम्मिलित जीएसडीपी 6.8 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसमें असम सबसे आगे है, जिसकी अकेले की जीएसडीपी 2.7 लाख करोड़ है। वहीं, सिक्किम और मिजोरम जैसे छोटे पहाड़ी राज्य भी 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन राज्यों में पारंपरिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा और केंद्र सरकार की विशेष योजनाएं अब प्रत्यक्ष राजस्व में बदल रही हैं। पूर्वोत्तर भारत को जैविक खेती के लिए आदर्श क्षेत्र माना जाता है। सिक्किम पहले ही 100 प्रतिशत जैविक राज्य घोषित किया जा चुका है। इसके अलावा मेघालय, मणिपुर और नागालैंड जैसे राज्य भी तेजी से जैविक उत्पादों की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन राज्यों ने लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन जैविक उत्पादों का उत्पादन किया, जिसमें जैविक चाय, हल्दी, अदरक और बांस जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। इन उत्पादों की देश और विदेशों में जबरदस्त मांग है। अकेले जैविक उत्पादों से क्षेत्र को 1,350 करोड़ की निर्यात आय हुआ, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि क्षेत्र के राजस्व में भी इजाफा हुआ। पर्यटन भी अब पूर्वोत्तर की आर्थिकी का अहम स्तंभ बनता जा रहा है। साल 2022-23 में पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 1.15 करोड़ घरेलू और 1.2 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। इसमें 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'देखो अपना देश' और 'होमस्टे पर्यटन' जैसी योजनाओं का योगदान रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, पर्यटन से संबंधित सेवाओं से पूर्वोत्तर ने 4800 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी आर्थिक गति लाता है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक स्थिति इसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाती है। भारत-म्यांमार, भारत-बांग्लादेश और अब प्रस्तावित त्रिकोणीय मार्ग (भारत-चीन-भूटान) से सीमा व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। असम और मणिपुर जैसे राज्य सीमा व्यापार के जरिए 1,100 करोड़ से अधिक का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 1.76 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूर्वोत्तर में चल रही हैं, जिनमें सड़क, रेलवे, जलमार्ग और हवाई संपर्क शामिल हैं। इससे लॉजिस्टिक लागत में गिरावट आई है और क्षेत्रीय उत्पादों की देश व विदेशों तक आसान पहुंच संभव हुई है। पूर्वोत्तर के हैंडलूम और हथकरघा उद्योग की बात करें तो यह न केवल सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि अब एक सशक्त आर्थिक गतिविधि भी बन चुका है। त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड जैसे राज्यों के हथकरघा उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहे हैं। 2023-24 में इन उत्पादों का कुल निर्यात 620 करोड़ के पार पहुंचा। इससे जुड़े लाखों कारीगरों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि यह क्षेत्र के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बन गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की " पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना" (एनईआईडीएस) के तहत अब तक 3,800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में वृद्धि ने पूर्वोत्तर के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया है।

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं। इन स्टार्टअप्स ने अब तक 500 करोड़ से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है, जो यह दिखाता है कि पूर्वोत्तर अब सिर्फ संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि नवाचार आधारित विकास की दिशा में भी अग्रसर है। अंततः, यह स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश की आर्थिक धारा में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो पूर्वोत्तर भारत न केवल देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देगा, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को भी दूर करेगा। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# खत्म होता दिख रहा लाल आतंक


डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूमि और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। ध्यान इस बात का रखना होगा क़ि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### हिस्ट्रीशीटरों ने अपराध न करने की खाई कसम

अतरौली, अमृत विचार। रविवार को अतरौली थाने तख्ती लेकर पहुंचे 41 हिस्ट्रीशीटरों ने अपराध से तौबा करने की कसम खाई। रविवार को तख्ती लेकर अतरौली थाने पहुंचे 41 हिस्ट्रीशीटरों ने थाना प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय सिंह के सामने कसम खाते हुए कहा कि अब जीवन कभी भी अपराध नहीं करूंगा, अपराध से दूरी बनाए रखूंगा और अपराधियों को भी अपराध से दूर रहने की प्रेरणा दूंगा।

### मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज

मल्लावां, अमृत विचार। पुरानी रंजिश में गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मल्लावां कोतवाली के हरेया शाहपुर निवासी रामदुलारे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश में गांव के खेतल, नन्हें लाल व तोताराम, रोहित गाली गलौज कर लात घूंसो डंडो से मारने पीटने लगे। उसे बचाने पहुंचे भतीजे रंजीत, भाभी रामदेवी, भतीजी शोली, बेटे राम सच्चे को भी पीटा।

### मारपीट कर घायल करने वाले भाई पर रिपोर्ट

शाहाबाद, अमृत विचार। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा धीरा में भाई को मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर आरोपी भाई के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता रामरती पत्नी बालेस्टर मिश्रा के अनुसार 28 मई की शाम उसका देवर निरदोष उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगा। पति ने रोका तो आरोपी ने डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुंदरकांड का पाठ संपन्न

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश गुप्ता के आवास पर समाजसेवी अनिल गुप्ता द्वारा ज्येष्ठ माह में सुंदरकांड पाठ का अयोजन किया गया। जिसमें आचार्य सुनील त्रिपाठी , लकी बाजपेई ने यजमान अनिल गुप्ता सापत्नी सहित पूजन कराकर फर्रुखाबाद जनपद से आए हुए गीतकारों ने सुंदरकांड पाठ कराया। वहीं ईटभट्ठा व्यवसाय विमल गुप्ता के आवास पर सुन्दर कांड पाठ कराया गया।

# जनवरी से मई के बीच हादसों में 236 ने गंवाई जान

खालिद अय्यूबी, हरदोई




**चिंताजनक**

▸▸ बढ़ती दुर्घटनाओं से सड़क पर हो रहा मौत का तांडव

**अमृत विचार।** सड़क की बढ़ी रफ्तार ने कहीं तो किसी की मांग उजाड़ दी, तो कहीं किसी की उजड़ गई दुनिया। जनवरी 2025 से अप्रैल महीने के बीच जिले में 403 सड़क हादसे हुए। जिनमें 216 लोगों की मौत हुई। अकेले मई महीने की बात करें तो इस महीने दो बड़े सड़क हादसे हुए। जिनमें कुल 14 लोगों की मौत हुई। 15 मई को कासिमपुर थाने के हरदलमऊ मोड़ पर ट्रक की टक्कर से आटो सवार 8 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। उसके ठीक 16 दिन बाद 31 मई को मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर बारात से लौट रही कार खाईं में गिर पड़ी। जिसमें दूल्हे के दो चचेरे भाइयों के अलावा उसके चचेरे बहनोई को मिलाकर 6 की मौत हुई। इसके अलावा अलग-अलग हादसों में 6 की मौत होने से मई में 20 मौत होना बताईं जा रहीं हैं। कुल मिलाकर जनवरी से मई महीने तक 236 लोगों की मौत हो चुकी है।

सड़क हादसों की बढ़ती रफ्तार की बात करें तो इसी साल जनवरी से अप्रैल के बीच करीब 403 हादसे हुए। जिसमें 216 की मौत हुई। मई में 15 की सुबह कासिमपुर थाने के हरदलमऊ मोड़ पर दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसमें ट्रक की टक्कर लगने से आटो सवार आठ की मौत हो गई थी, उसके बाद उस हादसे के 16 दिन शुक्रवार की भोर पहर मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर बारात से वापस लौट रही कार अचानक बेकाबू हुई और खाईं में जा गिरी,जिससे दूल्हे के दो चचेरे भाई जितेंद्र,आकाश,चचेरा बहनोई जौहरी, भतीजा सिद्धार्थ समेत 6 की मौत हुई थी, साथ ही पांच ज़ख्मी हुए। उनका हायर सेंटर में इलाज चल रहा है। लोगों का कहना है कि तेज़ रफ्तार और आगे निकलने की होड़ में इस तरह के हादसे हो रहें है। लोगों को खुद एहतियात बरतनी चाहिए। पुलिस व प्रशासन को भी कुछ ठोस उपाय करने चाहिए ताकि सड़कों पर जिंदगियों के लुटने का यह सिलसिला थमे या कुछ कम हो।

### सड़क हादसों के लिए जिम्मेदार हैं तीन प्रमुख कारण

जानकारों का कहना है कि बढ़ते सड़क हादसों के पीछे कुछ दो-तीन कारण ही प्रमुख हैं। जिनमें ओवर स्पीडिंग, ड्रिंक एण्ड ड्राइव और ड्राइविंग के बीच मोबाइल फोन का इस्तेमाल प्रमुख हैं। युवाओं में बेलगाम रफ्तार में ड्राइविंग करना एक सनक की तरह काम कर रही है, इसके अलावा नशा और मोबाइल फोन बात करते हुए वाहन चलाने को वह स्मार्टनेश का पैमाना मानने लगे हैं, जिसके बदले व न केवल अपनी जान गंवा बैठते हैं या हादसे के शिकार हो रहे हैं बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए समस्या पैदा कर रहे हैं।

### सड़क पर पैदल चलने में भी लगने लगा डर

बढ़ते सड़क हादसों के चलते लोगों में अब दहशत घर कर रही है। कुछ लोगों ने तो इतना तक कहा कि अब तो सड़क पर पैदल तक चलने में भी डर लगने लगा है। माना कि अगर किसी ज़रूरी काम से घर से निकलना पड़ता है तो कदम आगे बढ़ने के बजाए और पीछे खिंचने लगते हैं। मन में यही अंदेशा बना रहता है कि पता नहीं कब, कहां से कौन अचानक आकर टक्कर मार दे।

### फैक्ट फाइल

- ▸▸ 2024-जनवरी से अप्रैल में हुए 311 सड़क हादसों में 173 की मौत हो चुकी है।
- ▸▸ 2023- जनवरी से अप्रैल के बीच सबसे ज़्यादा 327 सड़क हादसे हुए, जिसमें 203 की मौत हुई थी।
- ▸▸ 2022-जनवरी से अप्रैल के दौरान 270 सड़क हादसे हुए,जिसमें 134 की मौत हो चुकी है।

# राज्यपाल का आगमन आज प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल सोमवार को जिले में आएंगी। उनके आगमन से पूर्व पुलिस व प्रशासन सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने में देर रात तक चला रहा। अधिकारियों ने ड्यूटी पर लगने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों की बैठक कर उन्हें ब्रीफ किया। राज्यपाल आनंदी बेन सोमवार को जनपद भ्रमण पर आएंगी।



आनंदी बेन पटेल, राज्यपाल।

सुबह 9:34 बजे जिला कारागार पहुंचेंगी। 9:37 बजे महिला बैरक का भ्रमण कर कैदियों के साथ संवाद करेंगी। 9:50 बजे जीजीआईसी की बालिकाएं स्वागत गीत पेश करेंगी। 9:55 बजे महिला कैदियों व उनके बच्चों को सामग्री वितरित करेंगी। 10 बजे माध्यमिक शिक्षा विभाग की छात्राओं से संवाद करेंगी। 10:10 बजे विचार व्यक्त करेंगी। इसके बाद स्टेटस क्लब पहुंचेंगी। उनके आगमन को देखते हुए रविवार को पूरे दिन तैयारियां चलती रहीं। स्टेटस क्लब में पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफ किया, जिसको कहां तैनात होना क्या कार्य करना है विस्तार से समझाया गया। राज्यपाल के आगमन से पहले रविवार को पूरे दिन पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के कर्मचारी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने में जुटे रहे।

# भीषण धूप व गर्मी से परेशान रहे लोग

## दिनभर आते-जाते रहे बादल, 39 डिग्री दर्ज किया गया जिले का तापमान

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** इस वर्ष गर्मी के मौसम में सर्वाधिक तापमान रविवार का रहा। जिले में रविवार को 39 डिग्री सेल्शियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं चार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। दिनभर बादलों का आना जाना बना रहा, लेकिन बिना बरसे ही चले गए, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा।

बताते चले कि गर्मी व धूप का कहर दिनोंदिन बढ़ता चला जा रहा है। गर्मी का आलम यह है कि दोपहर में मुख्य बाजारों में सन्नाटा छा जाता है। गर्मी और गर्म हवाओं का क्रम रविवार को भी जारी रहा। मौसम की स्थानीय वेधशाला प्रभारी के अनुसार रविवार को न्यूनतम 39 व अधिकतम 28.0 डिग्री सेल्शियस तापमान रहा। चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं के चलते बाजारों में इक्का दुक्का ही लोग नजर आए। धूप में लोग सिर ढक कर ही घरों के बाहर निकले। शाम होते ही चौराहों पर ठंडी तासीर की खाद्य पदार्थों की दुकानों पर शाम होते ही लोगों का जमावड़ा लग गया।



धूप से बचाव के लिए चेहरे को ढककर जाती युवती। अमृत विचार

### पिछले चार दिन का तापमान

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम | हवा |
|---|---|---|---|
| ▸▸ 1 जून | 39.0 | 28.0 | 4 |
| ▸▸ 31 मई | 40.0 | 27.5 | 4 |
| ▸▸ 29 मई | 39.6 | 27.5 | 4 |
| ▸▸ 28 मई | 37.0 | 26.5 | 4 |

नोट- तापमान ( डिग्री सेल्शियस में )



### हीटवेव से फसलों के बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

वर्तमान समय में हीटवेव को देखते हुए जिला कृषि अधिकारी सतीश चन्द्र पाठक ने किसानों को इससे फसलों को बचाने के लिए उपाय बताये हैं। बताया कि हीटवेव ( लू ) का प्रकोप जारी है, जिससे फसलों एवं स्वयं को बचाना आवश्यक है, क्योंकि लू के मौसम में फसलें झुलसने का खतरा रहता है, इससे फसल को बचाने के लिये मल्चिंग एक बेहतरीन उपाय है। मल्चिंग के माध्यम से खेत में वास्पोत्सर्जन को रोककर नमीं को बनाये रखा जा सकता है। मल्चिंग के रूप में फसल अवशेष जैसे घास फूस, पुआल, सूखी पत्तियाँ, मल्च शीट आदि से ढककर छोटे पौधों को तेज धूप व लू के प्रकोप से बचाया जा सकता है।

# जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर 1694 अभ्यर्थियों ने दी बीएड प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बीएड प्रवेश परीक्षा नगर के चार परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। 1914 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसमें 220 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। नकलविहीन शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए प्रशासनिक अमला पूरे दिन मुस्तैद रहा। सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिल सका।

बीएड प्रवेश परीक्षा जिले के सीएसएन कालेज, राजकीय इंटर कालेज, जीडीसी व आरआर इंटर कालेज पर आयोजित की गईं। परीक्षा में 1694 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। 220 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से दूरी बना ली। परीक्षा को लेकर प्रशासन काफी अलर्ट रहा। सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में पहुंच सके। केंद्रों के आसपास फोटो कापी की दुकानें बंद रहीं। महिलाओं में सिर में लगाने वाले क्लिप तक उतार कर परीक्षा कक्ष में जाना पड़ा। परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर कर्मचारी काफी सजग रहे। मजिस्ट्रेटों ने भी दोनों पालियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने केंद्रों पर पहुंच कर व्यवस्था को देखा। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस लीं।



परीक्षार्थियों की तलाशी लेते सुरक्षा कर्मी। अमृत विचार

# कार में लिफ्ट देने का झांसा दे महिला के जेवर और नकदी लेकर हुए फरार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बस स्टैंड पर वाहन के इंतजार में खड़ी महिला को लिफ्ट देने का झांसा देकर लाखों के जेवर व नकदी पार कर दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को घटना की लिखित जानकारी दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के अनुसार वाहन चालक को तलाश कर रही है।

मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर निवासी पीड़िता मनोरमा गुप्ता पत्नी रामकृष्ण गुप्ता अपनी पुत्री अर्चना गुप्ता और बहन आशा गुप्ता के साथ हरदोई में बहन के यहां जा रही थी। रविवार दोपहर शाहाबाद में बस स्टैंड के निकट वाहन के इंतजार में खड़ी हो गई। तभी एक ईको कार चालक ने गाड़ी रोककर हरदोई जाने के लिए पूछा, उसके हां करने पर चालक ने महिला और उसकी पुत्री को कार की अगली सीट पर बिठा दिया। बहन बीच वाली सीट पर बैठ गई। चालक ने उसका बैग भी बीच की सीट के नीचे रख दिया। कार में दो लोग पहले से सवार थे। चालक ने डाक बंगले के सामने सभी को उतार दिया। शक होने पर महिला ने बैग देखा दो बैग में रखी सोने की दो चेन, एक जोड़ी सोने के झाले और 2700 रुपए की नगदी गायब थी। महिला ने कोतवाली आकर घटना के बारे में अवगत करवाया। लेकिन शाहाबाद पुलिस ने तुरंत कार सवारों की तलाश करने के बजाय पीड़िता से लिखित तहरीर लिखवाई। जिससे कार सवार भागने में सफल रहे। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी चेक किए। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।



जानकारी देती पीड़ित महिला।

### नहर में कूदी किशोरी को युवकों ने बचाया

हरदोई, अमृत विचार। आत्महत्या करने के इरादे से किशोरी ने शारदा नहर में छलांग लगा दी। उसे नहर में कूदता देख आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े। कुछ युवकों ने जान की बाज़ी लगाकर किशोरी को नहर से बाहर निकाला। उसके बाद उसे पुलिस की मौजूदगी में घर वालों के सुपुर्द कर दिया गया। रविवार को किशोरी सुरसा थाने के शारदा नहर के मझिला पुल पर पहुंची और नहर में छलांग लगा दी। वहां मौजूद कुछ युवकों ने तुरंत नहर में कूदकर किशोरी को बाहर निकाल लिया। जिससे उसकी जान बच गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किशोरी के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की और परिजनों को सूचना दी। वह मोना गांव की निवासी थी। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की।




कार्यक्रम में बोलते संगठन मंत्री विजय प्रताप। अमृत विचार

### देश की रक्षा के लिए बजरंगी तैयार, सेना के साथ योगदान देने में पीछे नहीं रहेगा परिषद : विजय

हरदोई, अमृत विचार। शहर के एक लॉन में आयोजित बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया, जिसमें 251 लोगों ने त्रिशूल दीक्षा ग्रहण की। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने कहा कि बजरंग दल के प्रत्येक बजरंगी को उसके कर्तव्य का ज्ञान है वह यकीन दिलाते हैं ज़रूरत पड़ने पर एक-एक कार्यकर्ता सेना के साथ मिलकर देश के गद्दारों को उन्ही की भाषा में सबक सिखाने के लिए तैयार है फिर भले ही दुश्मन सीमा पर हो या देश के अंदर बैठा आतंकवाद प्रेमी हो। विश्व हिंदू परिषद ने सदैव राष्ट्र हित की लड़ाई लड़ी है और भविष्य में भी संगठन अपने सिद्धांतों पर आगे बढ़ता रहेगा। जिलाध्यक्ष आशीष महेश्वरी ने कहा कि जिस तरह सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला के आतंकवादियों को जहन्नुम भेजने का काम किया है उसी तरह हमारा प्रत्येक बजरंगी ऐसे लोगों का इलाज करने में सक्षम है। मुख्य अतिथि के रूप में मालती दीदी ब्रह्माकुमारी उपस्थित रही।

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र सौंपते रूपेश अंजाना।

### प्रशिक्षुओं को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। नगर के एक कंप्यूटर सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने प्रमाण पत्र वितरित किए। नगर के गांधी इण्टर कॉलेज रोड स्थित कंप्यूटर सेन्टर में रविवार को प्रमाण पत्र वितरण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश अंजाना ने कहा कि कंप्यूटर का अच्छा ज्ञान होना आज के समय में बहुत जरूरी है। सरकार द्वारा संचालित डिजिटल भारत मिशन की सफलता के लिए भी कंप्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक है। कहा कि कंप्यूटर एक ऐसा ज्ञान है जिसकी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हमेशा जरूरत बनीं रहती है। कंप्यूटर सेंटर कोआर्डिनेटर जैद अंसारी ने नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि व पत्रकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर बुद्धसेन सोनी, नसीम अंसारी, डॉक्टर इसार, सरफराज मंसूरी, प्रदीप वैश्य, पुनीत मिश्रा सहित कंप्यूटर शिक्षक व कंप्यूटर प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### मई में 142 गुमशुदा व अगवा लोग किए गए बरामद

हरदोई, अमृत विचार। जिले के विभिन्न थानों में गुमशुदा व अपहृत लोगों के दर्ज मुकदमों में पुलिस ने 142 लोगों को बरामद किया। कोतवाली शहर में दर्ज 12 मुकदमों के, सुरसा, अरवल व बघौली में 2-2, कछौना, माधौगंज, हरपालपुर, संडीला में 7-7, बिलग्राम, बेहटा गोकुल व बेनीगंज में 5-5, सांडी में 13, मल्लावां, शाहाबाद व अतरौली में 9-9, कासिमपुर व टड़ियावां में 8-8, पिहानी व लोनार में 4-4, थाना मझिला में 6, थाना पाली व पचदेवरा में 3-3 मुकदमे दर्ज थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद सक्रियता दिखाते हुए पुलिस ने अपहृत गुमशुदा लोगों को बरामद किया।

### साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को वापस दिलाई धनराशि

हरदोई, अमृत विचार। ऑनलाइन फ्राड से लोगों को बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं। जगह-जगह ऑनलाइन फ्राड से बचने की सलाह पुलिस प्रशासन लोगों को देता रहता है। इसके बावजूद लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। मई माह में पुलिस ने 11 लोगों से ठगे गए चार लाख 22 हजार 350 रुपये वापस दिलाए। ऑनलाइन धोखाधड़ी में साइबर थाने में दर्ज तीन मुकदमे के वादी गणों को दो लाख 43 हजार 250, थाना शाहाबाद में 20 हजार 100, थाना टड़ियावां में 61 हजार, कोतवाली शहर में दर्ज दो मुकदमों के वादीगणों 13 हजार रुपये वापस कराए गए।



घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### बीडीओ की गाड़ी में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, घायल

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। हरदोई-फर्रुखाबाद मार्ग पर बीडीओ कोथावां की कार में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे बीडीओ घायल हो गए। बताते चलें कि खण्ड विकास अधिकारी कोथावां ने बताया कि रविवार को वह कार से रुपापुर से कोथावां वापस आ रहे थे, रास्ते में सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी कार में टक्कर मार दी, जिससे उन्हें काफी चोटें आई है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# श्रीराम की तरह धैर्य व सहनशीलता से करें चुनौतियों का सामना : कथा व्यास

हरदोई, अमृत विचार। बावन ब्लॉक के हसनापुर गांव में चल रही श्री मद भागवत कथा के पंचम दिवस पर परम कथा व्यास संजय मिश्र महाराज द्वारा असत्य पर सत्य की विजय की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि राम ने हमेशा सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का प्रयास किया। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी सत्य से समझौता नहीं किया और न्याय के लिए लड़ते रहे। यह सबक हमें सिखाता है कि सत्य और न्याय की जीत होती है, और हमें हमेशा इन मूल्यों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। राम ने कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और सहनशीलता का परिचय दिया। वनवास के दौरान, सीता के अपहरण के समय, और रावण के साथ युद्ध के दौरान धैर्य और सहनशीलता का प्रदर्शन किया। यह सबक हमें सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता से हम जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।



कथा सुनाते संजय मिश्र। अमृत विचार

राम ने अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए हमेशा निष्ठा दिखाई। उन्होंने अपने पिता की आज्ञा का पालन किया, अपने राज्य की रक्षा की, और अपने लोगों की सेवा की। यह सबक हमें सिखाता है कि कर्तव्य और निष्ठा से हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

इन सबकों को अपनाकर हम अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। हम अपने जीवन में सत्य और न्याय को बढ़ावा दे सकते हैं, धैर्य और सहनशीलता से चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए निष्ठा दिखा सकते हैं। राम की कहानी हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाती है,जो हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकते हैं। इन सबकों को अपनाकर हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और एक बेहतर व्यक्ति बन सकते हैं। इस बीच रामनरेश शुक्ला, राजकुमार मिश्र मधुर शुक्ला, हर्षित, शशांक आदि बहुत से श्रोता मौजूद रहे।

**निर्देश** थानों व कोतवाली में पीस कमेटी का आयोजन कर पुलिस ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को दिए निर्देश

# कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले भर में बकरीद त्योहार को लेकर जगह-जगह कोतवाली व थानों में पीस कमेटी का आयोजन किया जा रहा है। सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और किसी भी प्रकार का अवरोध न उत्पन्न होने दें।

पिहानी संवाददाता के अनुसार कस्बे कोतवाली में बकरीद त्योहार को लेकर पीस कमेटी का आयोजन किया गया। कोतवाल विद्यासागर पाल ने शासनादेश का उल्लेख करते हुए प्रतिबंधित पशुओं एवं खुले में कुर्बानी न करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पिहानी कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी बैठक में हिंदू, मुस्लिम समुदाय, धर्म गुरुओं के अलावा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बकरीद त्योहार को लेकर शासनादेश के बारे में बताया। सड़क पर नमाज अता नहीं की जाएगी। कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें। ध्यान रहे कोई भी व्यक्ति प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करें। कोतवाल ने कहा कि ध्यान रहे कुर्बानी करते समय रील व वीडियो न बनाएं, न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें, यह अपराध है।

बघौली संवाददाता के अनुसार बघौली थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी बैठक में हिंदू मुस्लिम समुदाय के धर्म गुरुओं के अलावा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बकरीद त्योहार को लेकर शासनादेश के बारे में बताया गया। थाना अध्यक्ष ने साफ तौर से कहा कि सड़क पर नमाज अता नहीं की जाएगी। कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें। ध्यान रहे कोई भी व्यक्ति प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करें। थानाध्यक्ष ने कहा कि ध्यान रहे कुर्बानी करते समय रील न बनाएं, न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें, यह अपराध है। सभी लोग मिलजुलकर त्योहार मनाएं किसी भी प्रकार का अवरोध न उत्पन्न होने दें।



कोतवाली में पीस कमेटी करते कोतवाल विद्यासागर पाल। अमृत विचार

### नगर के नालों की शुरू हुई साफ-सफाई

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका ने अभी से ही इंतजाम करने शुरू कर दिए है। नगर पालिका के लगभग तीन दर्जन सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर शहर के सभी बड़े नालों व नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है। बरसात के मौसम में नाले व नालियों की समुचित सफाई न होने के कारण कई स्थानों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। इस समस्या को संज्ञान में लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने हाल ही में हुई बोर्ड की बैठक में बरसात से पहले नालों की समुचित सफाई के निर्देश दिए थे।

# जर्जर खंभा बदलने के कार्य के चलते गुल रही बिजली

## जर्जर स्थिति में हैं नगर के करीब 15 स्थानों पर लगे लोहे के पोल

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** बीते दिनों आई तेज आंधी में सहजनी के पास निर्मल नगर इलाके में 33 केवी हाईटेंशन लाइन का पोल झुक गया था। यह पोल जर्जर हालत में था और खतरा बना हुआ था। रविवार को विभाग द्वारा इसे बदला गया, लेकिन इसके चलते नगर की बिजली आपूर्ति दोपहर से लेकर शाम तक बाधित रही, जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार दोपहर 1 बजे पोल बदले जाने के कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।

दोपहर दो बजे रोस्टिंग का समय हो गया, जिसके दौरान पुराने झुके हुए पोल को हटाकर उसकी जगह नया पोल लगाया गया। पोल बदलने का कार्य तीन घंटे तक चला और अपराह्न साढ़े तीन बजे बिजली



निर्मल नगर के सामने जर्जर पोल बदलते कर्मचारी। अमृत विचार

आपूर्ति बहाल की गई। लेकिन तभी फिर से तेज हवाएं चलने लगीं, जिससे बिजली की आपूर्ति में बार-बार रुकावट आने लगी और स्थिति शाम पांच बजे जाकर सामान्य हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई जगहों पर लोहे के पोल बेहद जर्जर हो चुके हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। आंधी और बारिश के मौसम में इन पोलों से करंट या गिरने का खतरा बढ़ जाता है।

इस संबंध में उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि नगर के करीब 15 स्थानों पर लगे लोहे के पोल जर्जर स्थिति में हैं। इनका चिन्हांकन कर लिया गया है और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। जैसे ही नए पोल का स्टॉक आएगा, सभी जर्जर पोलों को बदल दिया जाएगा, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पीएचसी स्वास्थ्य मेले में 109 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी दवाइयां

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्र, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 109 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई।



स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर।

# 134 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बीएड प्रवेश परीक्षा

▸▸ परीक्षा देने के लिए 982 परीक्षार्थी थे पंजीकृत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** शहर के डीएसएन पीजी कॉलेज व पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोतीनगर बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र बने थे। जिसमें डीएसएन में 505 व जीजीआईसी में 477 को मिलाकर 982 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा दो पॉलियों में कराई गई। दोनों पोलियो में वही परीक्षार्थी रहे। पहली पॉली में सुबह 9 से 12 में जीजीआईसी में 477 में 421 की उपस्थिति व 56 की अनुपस्थिति रही। इसी केंद्र पर दूसरी पॉली में 2 से 5 में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 420 और अनुपस्थिति 57 रही। जबकि डीएसएन में पंजीकृत 505 परीक्षार्थियों में दोनों पॉलियों में उपस्थिति परीक्षार्थियों की संख्या 428 और अनुपस्थित की संख्या 77 रही। दोनों केंद्रों पर परीक्षा के लिए नोडल समन्वयक द्वारा नियुक्त दो-दो आब्जर्वर के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा पर नजर बनाए रहे। परीक्षा की निगरानी केंद्रों पर लगे सीसीटीवी के अलावा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कैमरों से की गई। एनसीसी कार्यालय गांधी नगर में बनाए गए। कंट्रोल रूम से भी केंद्रों पर नजर रखी गई। सुरक्षा के दृष्टिगत केंद्रों पर पुलिस का कड़ा पहरा भी रहा।

# श्मशान घाट का टिनशेड उड़ने से समस्या

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर लाखों रुपये की लागत से बना टिनशेड आंधी और तेज हवाओं के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। मई माह में आई लगातार आंधियों से टिनशेड की कई टीनें उड़ चुकी हैं, जिससे दूर-दराज से अंतिम संस्कार में शामिल होने आने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रविवार को आंधी आने से मौसम बदला और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

श्मशान घाट पर बीते वर्ष नगर पालिका ने लगभग 40 लाख रुपये की लागत से टिनशेड और अन्य निर्माण कार्य कराए थे। लेकिन सवा साल में ही निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। पंडों ने बताया



आंधी के कारण उड़ी मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट की टिनशेड। अमृत विचार

कि तेज आंधी से टिनशेड की कई टीनें उखड़ गई हैं और कुछ लटक रही हैं, जो कभी भी गिरकर किसी को घायल कर सकती हैं। ऐसे में अंतिम संस्कार कराने में खतरा बढ़ गया है। पंडों का कहना है कि पहले ही गर्मी में लोगों को घाट पर बैठने के लिए छांव नहीं मिल पा रही थी, अब टिनशेड के उड़ जाने से लोगों को खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार कराना पड़ रहा है। वहीं रविवार शाम को भी आंधी आई, जिससे मौसम जरूर बदला और लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन श्मशान घाट की स्थिति और बिगड़ गई। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि श्मशान घाट की उखड़ी टीनों को जल्द ही ठीक कराकर दुबारा लगवाया जाएगा, ताकि लोगों को अंतिम संस्कार में कोई असुविधा न हो।

# तेज हवा से मार्ग पर गिरा पेड़, वृद्धा घायल व लगा जाम

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचारः** कस्बे के मुख्यमार्ग पर तहसील के पास रविवार शाम चिल्वल का भारी भरकम पेड़ गिरने से अफरा तफरी मच गई। पेड़ गिरने की आवाज सुन सड़क से गुजर रहे वाहन चालों ने भागकर अपने को सुरक्षित किया। वहीं चपेट में आई एक बृद्ध महिला घायल हो गयी। विद्युत पोल टूटने से सैकड़ों घरों की आपूर्ति ठप हो गयी। मार्ग अवरुद्ध होने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस और नगर पंचायत के प्रयासों से दो घंटे बाद जाम खुल सका। कस्बा स्थित तहसील कैम्पस के सामने करीब सौ साल पुराना चिल्वल का पेड़ रविवार की शाम हवा के झोंके के साथ धराशाही हो



मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक एसएन त्रिपाठी व अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई।



मुख्यमार्ग पर गिरे पड़े से लगा लंबा जाम। अमृत विचार

गया।भारी भरकम पेड़ मुख्यमार्ग पर जा गिरा।पेड़ गिरने की आवाज और नागरिकों के शोर मचाने पर मार्ग से गुजर रहे वाहन भाग कर अपने को सुरक्षित किया वही कई वाहन जहां के तहाँ खड़े हो गए।सड़क किनारे सवारियों का इंतजार कर रहे दो ई रिक्शा चपेट में आने से छतिग्रस्त हो गए जबकि पास में ही पत्थर काट रही कस्बे के बबर अली खेड़ा मोहल्ला निवासी बृद्ध महिला रध्धो घायल हो गयी उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। वही पेड़ की चपेट में आने से विधुत पोल व तारो के टूटने से तहसील, अस्पताल एवं करीब एक सैकड़ा घरों की आपूर्ति वाधित हो गयी।दोनो ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गयी।मुख्यालय जाने के लिए एम्बुलेंसों को करीब 10 किलोमीटर चक्कर लगाकर जाना पड़ा।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक एसएन त्रिपाठी और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई मौके पर पहुंच कर कर्मियों और नागरिकों की मदद से दो घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद जेसीबी से पेड़ का मलवा हटाकर मार्ग का आवागमन चालू कराया।पेड़ गिरने से किसी के हताहत न होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली।बता दें कि अक्सर तहसील के समीप जाम की स्थित बनी रहती है लेकिन आज रविवार का अवकाश होने के कारण जाम की स्थिति नही बन सकी थी जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

# दुल्हन तो घर आई लेकिन ससुराल की खुशियां चली गईं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** उम्मीद ही नहीं थी कि ऐसी भी शादी होगी, जहां घर में खुशियों का नही बल्कि मातम का बसेरा हो जाएगा, पीहर की दहलीज़ लांघने के बाद दुल्हन के ससुराल पहुंचते ही हर तरफ खुशियां ही खुशियां नज़र आती है, लेकिन पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम में ऐसा कुछ नज़र नहीं आया, वहां अजब सी वीरानी छाई हुई थी।बारात से वापस लौट रहे दूल्हे के चचेरे भाइयों, उसके बहनोई और रिश्तेदारों की मौत से हंसी-ठिठोली सब छीन ली, सिर्फ और सिर्फ सिसकियां ही सुनाई दे रहीं थीं।

बताते चले कि शुक्रवार को पटियानीम निवासी नीरज की बारात मझिला थाने के कुसुमा गांव गई थी, वहां द्वारचार के बाद खाना-पीना



शादी वाले घर में छाई वीरानी। अमृत विचार



मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते पूर्व विधायक राजपाल कश्यप।

फॉलोअप

और दूसरी रस्में हो रहीं थीं, उसी बीच नीरज के चचेरे भाई जितेंद्र व आकाश के अलावा जितेंद्र का बेटा सिद्धार्थ, बहनोई जौहरी, रिश्तेदार उदयवीर ड्राइवर रामू उर्फ अरुण की अर्टिगा कार से वापस लौटने लगे। उसी दौरान दूसरे रिश्तेदार भी कार पर सवार हो गए, कार भुप्पापुरवा पर पहुंची, उसी बीच बेकाबू हो कर खाईं में गिर गई, जिसमें जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ, जौहरी, उदयवीर और ड्राइवर रामू उर्फ अरुण की दर्दनाक मौत हो गई थी। उसी दिन हादसे का शिकार हुए बारातियों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके बाद नीरज अपनी दुल्हन को विदा कराकर घर आया। दुल्हन तो आई लेकिन उसके साथ खुशियां नहीं आई। बल्कि वहां हर तरफ सिसकियां ही सुनाई पड़ रहीं थीं। दुल्हन के आने पर कोई रस्म नहीं हुई और न ही कोई रिवाज़ अपनाया गया। हादसे में अपने दोनों बेटों और पोते को खोने वाला दूल्हे का चाचा रघुवीर एक कोने में सिसक रहा था। वहीं जौहरी, उदयवीर व रामू उर्फ अरुण के घर में भी वीरानी छाई हुई थी।

### पूर्व राज्यमंत्री ने परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

मझिला के भुप्पापुरवा मोड़ पर हुए हादसे का शिकार होने वालों के घर मातम पसरा हुआ है, उसी बीच शनिवार की शाम को पूर्व राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) डा.राजपाल कश्यप रघुवीर के घर पहुंचे, जहां उन्होने उसे ढ़ाढ़स बंधाया, उसके बाद भगवंतपुर के रामू उर्फ अरुण और किलकिली के जौहरी के घर वालों से मिल कर उन्हे ढ़ाढ़स बंधाया, साथ ही सरकार से हर मुमकिन मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## युवक ने पत्नी व उसकी बहन की बेटी को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम सरहेजू में पत्नी और उसकी बहन की पुत्री को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पिहानी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की है। पीड़िता रामदेवी पत्नी कन्हैया के अनुसार उसका पति शराब पीता है और उसे मारता पीटता है। उसकी तीन छोटी पुत्रियां हैं। उसकी बहन की पुत्री लक्ष्मी इस समय उसके पास रह रही थी।30 मई की शाम को 7 बजे विपक्षी पति उसके भाई छोटू और पिता कमलेश ने घर का दरवाजा बंद कर बेल्टों और लोहे की रॉड से उसे और उसकी बहन की पुत्री को बुरी तरह मारपीटा। किसी तरह दोनों ने पड़ोसी के घर में घुसकर जान बचाई।

# संदिग्ध हालात में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। टड़ियावां थाने के जपरा गांव निवासी 25 वर्षीय सर्वजीत उर्फ छोटे पुत्र सोबरन का शव रविवार की सुबह उसके कमरे में फांसी पर लटका मिला। पिता सोबरन ने बताया कि उसके तीन बेटों में से दूसरे नंबर का सर्वजीत उर्फ छोटे था। उसकी बहू कोमल अपनी बेटी रामजानकी को लेकर 10-12 दिन पहले मायके कुदन्ना थाना टड़ियावां गई हुई थी। शनिवार की रात में सर्वजीत ने खाना खाया। उसके बाद छत पर कमरे में सोने चला गया। रविवार की सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला। उसे आवाज़ दी गई, लेकिन उसका कोई जवाब न आने पर कमरे में झांककर देखने पर शव लटका दिखाई दिया। वहां पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

परिजनों के अनुसार सर्वजीत की पत्नी कोमल गर्भवती है। उसकी एक बेटी है, घर वाले बेटे के लिए दुआएं कर रहे थे। सर्वजीत उर्फ छोटे के यार-दोस्त उससे पहले ही दावत मांग चुके थे, कुछ ही महीनें में काजल की दोबारा गोद भरने वाली थी, लेकिन उससे पहले उसकी मांग सूनी हो गई। इस तरह पति की मौत होने की खबर सुनते ही पत्नी पछाड़ मार कर बेहोश हो कर गिर पड़ी, उसे बड़ी मुश्किल से संभाला गया।

# सड़क हादसों में घायल दो लोगों की हालत गंभीर

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। गंभीर हालत में दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना में कटरा-बिल्हौर मार्ग पर स्थित पसनेर गांव निवासी अशोक (58) रविवार को बिलग्राम जाने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। तभी सांडी मार्ग से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इसी तरह नगर के मोहल्ला सैयदवाड़ा मोड़ पर एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ला खुर्दपुरा निवासी 18 वर्षीय राजा पुत्र जलील बाइक से घर जा रहा था। सैयदवाड़ा के निकट मोड़ पर बाइक अनियंत्रित हो गई। दुर्घटना में राजा सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## संदिग्ध हालात में पड़े मिले युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** गांव में रह रहा युवक दो दिन से लापता था। रविवार की सुबह वह खेत में पड़ा मिला। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर के शहाबुद्दीनपुर गांव निवासी कल्लू (38) मजदूरी कर जीवन यापन करता था। उसकी पत्नी मोनिका तीन बेटों के साथ लखनऊ में रहती है। कल्लू गांव में अकेले रहता था। उसके छोटे भाई अनिल ने बताया कि शुक्रवार की रात से भाई गायब हो गया था, उसकी तलाश की जा रही थी, रविवार की सुबह गांव से कुछ दूर खेत में वह पड़ा मिला।

# दरगाहों से मिलता है इंसानियत का पैगाम : अफसर मियां

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** सिलसिला-ए-चिश्तिया के सूफ़ी बुजुर्ग हज़रत शाह सय्यद मोहम्मद अहमद चिश्ती रह. का सालाना उर्स मुबारक अक़ीदत के साथ विगत रात सम्पन्न हुआ।

नगर के मोहल्ला मंगल बाजार में स्थित दरगाह हज़रत सागर मियां रह. में आयोजित तीन दिवसीय उर्स में सज्जादनशीन मुईज़ उद्दीन साग़री चिश्ती ने क़दीमी तबर्रुकात की ज़ियारत कराकर उर्स का आगाज़ किया। उर्स में शामिल मुख्य अतिथि ख़ाक़ाहे नसीरया बिलग्राम के सज्जादा नशीन सय्यद अफ़सर



उर्स में अमन चैन का संदेश देते मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु। अमृत विचार

मियां नसीरी ने कहा कि हर दौर में औलियाए कराम ने अमन का सन्देश दिया है इनकी दरगाहों पे आने वालों को रूहानी फैज़ के साथ इंसानियत का भी पैग़ाम मिलता है। सज्जादानशीन मुईज़ उद्दीन साग़री चिश्ती ने कहा कि औलिया ए कराम के उर्स व कुल शरीफ में शिरकत करने से दिल को सुकून और मुहब्बत का सबक मिलता है जिससे इंसान में इंसानियत का जज्बा पैदा होता है। इस अवसर उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सदस्य वली मोहम्मद, नगर पालिका अध्यक्ष मो. रईस अन्सारी व पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री, युवा भाजपा नेता नौशाद नदवी सूफ़ी नूरुल सफ़वी, सूफ़ी इस्हाक़ अली खान के आलवा जायरीन मौजूद रहे।

## पत्नी के हत्यारोपी युवक का बाग में पड़ा मिला शव

**हरदोई, अमृत विचार।** दो महीने पहले जमानत पर जेल से रिहा हुआ हत्यारोपी पति अचानक लापता हो गया। उसके चौथे दिन शनिवार को उसका शव एक बाग में पड़ा मिला। देखने से पता चल रहा था उसका पैर किसी जंगली जानवर ने नोंच खाया। शव की शिनाख्त उसके कपड़ों से की गई। मझिला थाने के कन्झाई मजरा संतरहा निवासी रामसेवक (35) बुधवार को अचानक लापता हो गया था। बड़े भाई लालाराम ने बताया कि उसकी तलाश की जा रही थी। उसी बीच शनिवार को चौथे दिन पता चला कि पिहानी कोतवाली के बंदरहा गांव के एक बाग में किसी युवक का शव पड़ा है। लालाराम जब मौके पर पहुंचा तो उसने शव की शिनाख्त अपने भाई रामसेवक के रूप में की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। भाई लालाराम ने बताया कि रामसेवक की शादी सीतापुर जिले के सीलापुर थाना महोली की प्रीती के साथ हुई थी। उसके एक बेटा है। वर्ष 2022 में रामसेवक ने पत्नी प्रीती की हत्या कर दी थी। जिसमें उसे जेल हो गई थी। दो साल बाद जेल से रिहा होकर वह वापस आया था। उसके बाद करीब आठ महीने तक लापता रहा। उसके बाद फिर जेल चला गया। जहां से दो महीने पहले ही जमानत पर छूट कर बाहर आया था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटना की जांच में जुट गई है।

आयोजन | श्रीसरस्वती सदन में हुआ काव्य गोष्ठी का आयोजन

# तीन रंगों में शामिल चमन के लिए, सिर...

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन के तत्वावधान में रविवार को वरिष्ठ साहित्यकार श्रवण तिवारी श्रवण की अध्यक्षता में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवा रचनाकार विपिन त्रिपाठी की वाणी वंदना से हुआ। तत्पश्चात उन्होंने काव्य पाठ करते हुए कहा कि कोई मजहब नहीं सिखाता, आपस में लड़ना -मरना। युवा कवि वैभव शुक्ल ने देशप्रेम की बात करते



काव्य गोष्ठी में बोलते कवि। अमृत विचार

हुए कहा कि तीन रंगों में शामिल चमन के लिए/ सिर हमारा झुकेगा वतन के लिए। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार श्रवण तिवारी ने हिन्दी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हम सबका ही अवगाहन हो हिन्दी, भारत का भी आवाहन हो हिन्दी, जन जन का संबोधन हो हिन्दी, बन जाए वैश्विक उद्बोधन हिंदी। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम संयोजक श्रवण मिश्र राही ने आगत रचनाकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यसमिति सदस्य गिरीश डिडवानिया, सीमा गुप्ता 'असीम', धीरज श्रीवास्तव, मुकुल वर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन सदन के मंत्री मनीष कुमार मिश्र ने तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के सह संयोजक कुलदीप द्विवेदी ने किया।

# मानक के विपरीत कराया जा रहा आरसीसी रोड का निर्माण कार्य

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका द्वारा कस्बे में कराई जा रही आरसीसी रोड निर्माण कार्य में मानक के विपरीत हो रहा कार्य वार्डवासी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। कस्बे के चौकी चौरहा से इमामबाड़ा चौराहा तक आरसीसी रोड का निर्माण कार्य हो रहा है जो कि मो. मुंशीगंज पश्चिमी, सैयदबाड़ा दो वार्डों में पड़ती है।

मुंशीगंज निवासी पुनीत दीक्षित ने सोशल मीडिया पर मानक के विपरीत हो रहे रोड निर्माण कार्य वीडियो बनाकर वायरल की है, वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम जी शर्मा ने सहायक अभियंता से शिकायत की है, वहीं सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया है शिकायत की गई है। सोमवार दोपहर अधिशासी अधिकारी के साथ रोड निर्माण की जांच की जाएगी। अगर कोई भी गलत कार्य पाया गया तो भुगतान नहीं किया जाएगा।



मानक के विपरीत कराया जा रहा मार्ग निर्माण।

## एक नजर

### सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव, पुलिस कर रही जांच

**संवाददाता परियर उन्नाव अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के पावा-अतहा मार्ग के बीच पखरीरा मोड़ के पास सड़क किनारे खंती में 55 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रविवार देरशाम क्षेत्र के गांव अतहा निवासी 55 वर्षीय शिवप्रसाद पुत्र खेम्मन का शव अतहा-पावा मार्ग के बीच खंती में पड़ा ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों के अनुसार वह काफी दिनों से बीमार चल रहा था। वह घर में अकेला रहता था। उसकी पत्नी की 22 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। अकेला लड़का झारखंड गैर जनपद में रहकर मजदूरी करता है। पुलिस ने लड़के को सूचना कर दी है। चौकी प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की पुष्टि हो सकेगी।

### युवती पर हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली स्थित अकरमपुर में शनिवार देररात गैर समुदाय के युवक ने छेड़खानी करने का विरोध करने पर युवती को चाकू मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बताते दें कि शनिवार देररात अकरमपुर निवासी एक हिन्दू युवती को उसके भाई के गैर समुदाय के दोस्त अनवार नगर निवासी सफात उर्फ बबलू ने घर में अकेली पाकर उससे जबरदस्ती करने की कोशिश की। युवती के विरोध करने पर बबलू ने आक्रामक होकर युवती पर चाकू से हमलाकर उसे गंभीर घायल कर दिया था। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### युवती को भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**अमृत विचार, बांगरमऊ :** कोतवाली के दरोगा वीरेंद्र विक्रम सिंह ने फोर्स के साथ शनिवार सुबह एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में वांछित जसवंत निषाद पुत्र मुल्लू निवासी गांव रनिया मऊ थाना फतेहपुर चौरासी को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड स्थित गांव सिरधर पुर मार्ग मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

### जान से मारने की धमकी देने वाले पड़ोसियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, बांगरमऊ :** नगर के मोहल्ला मुन्नू मियां तलैया में गाली देने से मना करने पर दबंग पड़ोसियों ने महिला को लात-घूंसों से पीट दिया और जान से मार डालने की धमकी भी दी। मोहल्ला मुन्नू मियां तलैया निवासी पंकज की पत्नी बबली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बीती शनिवार दोपहर मोहल्ले के बाबूलाल व गोबिंद उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पिटाई से वह घायल हो गई। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### प्रेमी संग भागी किशोरी, मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार उन्नाव :** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत कस्बा क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोरी शनिवार को छोटी बहन के साथ दवा लेने गई थी। तभी वह बहन को बहाना बता अपने प्रेमी के साथ भाग गई। किशोरी की मां ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बा निवासी किशोरी शनिवार सुबह अपनी छोटी बहन के साथ दवा लेने चौराहे पर गई थी। छोटी बहन को उसने सामान खरीदने के लिए भेजा था।

# हादसों में दो लोगों की मौत, एक घायल

## लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित ढाबे के सामने हाईवे पार कर रहे वृद्ध को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रक ने लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित एक ढाबा के सामने हाईवे पार कर रहे वृद्ध को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने के लिए काफी मशक्कत की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव मोर्चरी भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित दुर्गा ढाबा के सामने सड़क पार कर रहे 70 वर्षीय वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने उसके शव को हाईवे से किनारे किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का काफी प्रयास किया। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी में रखवा दिया। वृद्ध चेकदार टी शर्ट पहने हुए था।

### बंदर को बचाने में साले की मौत, जीजा गंभीर

बारासगवर थानाक्षेत्र में बंदर के अचानक सड़क पर आने से स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई जबकि, उसका बहनोई गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने के बाद शव मोर्चरी भेजा है। इसकी जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। बारासगवर थानाक्षेत्र के गांव पृथ्वी खेड़ा निवासी सुलभ (41) अपने बहनोई मिथलेश मिश्रा के साथ स्कूटी से धानीखेड़ा जा रहा था। रास्ते में अचानक एक बंदर सड़क पर आ गया और स्कूटी उससे टकरा गई। इससे स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और स्कूटी सवार जीजा-साले भी सड़क पर गिर गए। इसमें सुलभ के सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौके पर मौत हो गई। वहीं, मिथलेश को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। सुलभ खेती पर जीवन यापन करता था। उनके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में एक बहन है। पुलिस के अनुसार जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

## अवसाद में युवक ने घर में फांसी लगा दी जान


विपिन।

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ले गढ़ी निवासी एक निजी विद्युत कर्मी रविवार दोपहर घर का दरवाजा अंदर से बंद कर कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी पर लटक गया। परिजन किसी तरह घर के अंदर पहुंचे। किंतु तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मोहल्ला गढ़ी निवासी अशोक का 26 वर्षीय बेटा विपिन प्राइवेट बिजली कर्मी था। रविवार को परिवार के लोग घर से बाहर गए थे। तभी विपिन ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और आंगन में पड़े लोहे के जाल के कुंडे के सहारे प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से फांसी लगा ली। जब परिजन वापस लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद देख किसी तरह छत पर चढ़े और जाल खोलकर देखा तो वहां विपिन का शव फंदे से लटका था। यह देख उनमें चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार विपिन की 5 साल पहले शादी हुई थी। किंतु आपसी विवाद के चलते चार महीने बाद ही पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी और दोनों ने लिखापढ़ी में संबंध विच्छेद का फैसला कर लिया था। तभी से विपिन का दिमागी संतुलन बिगड़ हुआ था। वह एक-दो बार आत्महत्या के इरादे से मकान की छत से छलांग भी लगा चुका था। उसका पिता अशोक नगर पालिका में संविदा कर्मचारी हैं। जबकि उसकी दादी कलावती विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त हैं। जवान बेटे की मौत से पिता, दादी व छोटा भाई गोलू रो-रोकर बेहाल है। परिजन घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे है।


एक्सप्रेस-वे पर पलटा पड़ा ट्रक व फैली मक्का। अमृत विचार

# मक्का लदा ट्रक एक्सप्रेस-वे पर पलटा, यातायात बाधित

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर मक्का लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को मामूली चोटें आ गईं। हादसा होते ही एक्सप्रेस-वे पर मक्का की बोरियां फटकर सड़क पर बिखर गईं। सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम ने मक्का व ट्रक किनारे करवाकर आवागमन बहाल कराया। राजस्थान प्रांत के जिला सापड़ा के थाना पंडेहेट अंतर्गत गांवजाजपुर निवासी राजू मीणा पुत्र मोतीलाल ट्रक में मक्का लादकर लखनऊ से आगरा की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में रविवार दोपहर एक्सप्रेस-वे पर स्थित गांव देवखरी के पास अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें मक्का की बोरियां फटकर मार्ग पर बिखर गईं और चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने क्षतिग्रस्त ट्रक व बिखरी पड़ी मक्का को मार्ग के किनारे करवाकर आवागमन बहाल कराया।

# अंतिम संस्कार में गए लोगों पर बंदरों ने बोला हमला, कई घायल

संवाददाता फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

**अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के गांव गोरीमऊ में एक वृद्धा की अंतिम यात्रा में रविवार सुबह एकत्र हुए ग्रामीणों पर बंदरों ने हमला बोल दिया। इसमें बंदरों ने मृतका के पौत्र व गांव के बीडीसी को काटकर जख्मी कर दिया।

बता दें कि गांव निवासी रामरती 85 पत्नी स्व. रामसनेही का बीमारी के चलते बीते शनिवार निधन हो गया था। इसके बाद रविवार सुबह घर पर उसकी अंतिम यात्रा के लिए परिजन सहित गांव के लोग एकत्र हुए। तभी अचानक कई बंदरों ने मौजूद लोगों पर अचानक हमला कर दिया। इसमें मृतका के पौत्र सोनू व बीडीसी भईयालाल को बंदरों ने काटकर जख्मी कर दिया। इस दौरान मची भगदड़ में कई अन्य ग्रामीण भी घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां इलाज के बाद सभी को घर भेज दिया गया। प्रधान रंजना पांडेय ने बताया कि गांव में बंदरों ने पहली बार हमला किया है। इसकी शिकायत वन विभाग में की जाएगी।

# किसान की हत्या के तीसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली

**फॉलोअप**

▸▸ पुलिस ने पूछताछ के लिए दो संदिग्धों को उठाया

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा गांव में खेत में संदिग्ध हालात में मृत पाए गए किसान की मौत की गुत्थी तीसरे दिन भी नहीं सुलझ सकी है। पुलिस की तीन टीमें लगातार जांच कर रही हैं, इसके साथ ही अब एसओजी को भी खुलासे के लिए लगाया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि के बाद पुलिस ने इसे हत्या मानते हुए जांच की दिशा बदल दी है। जिस पर पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ के लिये उठाया है। गांव निवासी शिव नारायण निषाद (60) का शव शुक्रवार सुबह खेत में चारपाई पर पड़ा मिला था। मृतक के मुंह और नाक से खून निकल रहा था, जिससे प्रथम दृष्टया ही हत्या की आशंका जताई गई थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जहां दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद एएसपी व सीओ ने मौके का निरीक्षण कर तीन टीमें गठित कर दीं। अब एसओजी की टीम भी जांच में जुट गई है और ब्लाइंड मर्डर की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए हर पहलु खंगाले जा रहे हैं। पुलिस मृतक के परिवार और आसपास के लोगों के मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच कर रही है। इसके साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या किसी से पारिवारिक या व्यक्तिगत रंजिश थी। तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है। अब तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली जा रही है।

बीटीएस लोकेशन के जरिए यह पता किया जा रहा है कि वारदात के समय घटना स्थल के आसपास कितने मोबाइल एक्टिव थे, ताकि संदिग्धों की पहचान हो सके। वहीं पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ के लिये उठाया है। जिससे जल्द हत्या का खुलासा हो सकता है। इस संबंध में इंस्पेक्टर पी.के. मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

# स्टंट करने वाले छह युवक दबोचे गए, दो भागे

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** अजगैन क्षेत्र में 6 बाईक सवार टोल-टैक्स बैरियर के पास बीते कई दिनों से स्टंट कर रहे थे। जिससे वहां से निकलने वाले वाहन सवारों को हादसा होने का भय बना रहता था। इस लेकर कई बार शिकायत हुई तो रविवार को पुलिस ने घेराबंदी कर 4 बाईकों के साथ 6 लोगों को पकड़ा। जबकि दो बाईक सवार वहां से भाग गये। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। बता दें कि लखनऊ-कानपुर हाईवे पर 6 बाईकों से कुछ युवक रोज शाम और सुबह स्टंटबाजी करते हैं और उनकी इन स्टंटबाजी का एक बाइक सवार वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर अपलोड करता है। इन स्टंट का विडियो देखकर और बच्चे भी स्टंट करने लगते है जिससे उन्हें चोटें भी आ रही हैं। बीते कई दिनों से हाईवे पर स्टंटबाजी की सूचना पुलिस को मिल रही थी। अजगैन कोतवाली निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि सूचना पर इन बाइक सवारों की घेराबंदी की गई तो दो बाईक सवार भागने सफल रहे। जबकि, पुलिस ने 4 बाईकों में सवार 6 लोगों को पकड़ लिया। जिसमें वेदान्श पुत्र विजयपाल निवासी मुंशीपुरवा थाना किदवई नगर कानपुर, निहाल उर्फ शानू निवासी कस्बा गाजीपुर थाना गाजीपुर फतेहपुर, शिवम पुत्र श्यामू निवासी गुमटी आईआईटी कानपुर नगर, रिशभ शर्मा पुत्र विजयबहादुर निवासी जूही पुरन पुरवा थाना बारादेवी कानपुर, अर्जुन कश्यप पुत्र कमलेश निवासी लाल बंगला चन्द्रनगर कानपुर व परवेज पुत्र लल्लन निवासी बाबुपुरवा थाना किदवई नगर शामिल हैं।

# नौकरी का झांसा देकर हड़पे लाखों रुपये मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार :** एक महिला ने अपने रिश्तेदार को उसकी बेटी की नौकरी बैंक मैनेजर के पद पर लगवाने का झांसा देकर 7 लाख रुपए हड़प लिये। पीड़ित ने कहा कि पैसा मांगने पर महिला व लोकवाणी केंद्र संचालक ने उसे जान से मार डालने की धमकी दी।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मेला आलमशाह निवासी जुगराज पुत्र कालीचरन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके लड़के के साले रूपचंद की पत्नी सुनीता निवासी गांव गौसगंज नेवादा थाना कासिमपुर हरदोई को उसने दो बार में 2-2 लाख रुपए दे दिया। बाद में गांव गौसगंज में संचालित लोकवाणी केंद्र के संचालक विनीत के खाते में 3 लाख 25 हजार रुपए स्थानांतरित किये।

काफी दिन बीतने के बाद जब उसकी बेटी को नौकरी नहीं मिली तब उसे ठगी का एहसास हुआ और उसने सुनीता व विनीत से पैसे वापस मांगे। इस पर दोनों ने उसे जान से मार डालने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने 25 दंपतियों में कराई सुलह



जोड़े के साथ मौजूद महिला सिपाही व परिजन।

**अमृत विचार उन्नाव :** एसपी दीपक भूकर पुलिस के निर्देश पर जिले के सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराए और उन्हें खुशी-खुशी उनके घरों को विदा किया गया। इसमें महिला थाना से 7, थाना सोहरामऊ से 5, अचलगंज, बांगरमऊ, गंगाघाट, सफीपुर, फतेहपुर चौरासी, औरास से 2-2 व थाना बिहार से 1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र समिति डा. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. अवसार अली, डॉ. सगीर अहमद, पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, महिला सिपाही पूजा यादव, श्वेता, पूनम राजपूत, सोनम, लक्ष्मी सिंह, ज्योति, नीतू, शीलू, सेविका, शकुंतला, रूपाली, राधिका यादव का विशेष योगदान रहा।

# रंगदारी न देने पर ठेकेदार के भतीजे पर जानलेवा हमला, 8 पर रिपोर्ट

▸▸ पुलिस ने 5 नामजद व 3 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोपीनाथपुरम मोहल्ले में रंगदारी न देने पर दबंगों ने नगर पालिका ठेकेदार के भतीजे पर जानलेवा हमला कर दिया। घायल अवस्था में पीड़ित को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

पुलिस ने पांच नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोपीनाथपुरम निवासी नगर पालिका परिषद गंगाघाट के पंजीकृत ठेकेदार राजकिशोर पांडेय ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनके भतीजे अभय पांडेय द्वारा तीन दिन पहले ऋषिनगर स्थित जगदंबा पार्क के पास निर्माण कार्य की निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान 28 मई को दोपहर लगभग 2 बजे आशू मिश्रा वहां पहुंचा और रंगदारी के रूप में एक लाख रुपये की मांग करने लगा। जब अभय ने इसका विरोध किया, तो उसी दिन शाम करीब 7:20 बजे आशू मिश्रा अपने साथियों दिव्यांश दीक्षित, आयुष तिवारी, निखिल यादव, वैभव मिश्रा और तीन अज्ञात लोगों के साथ मौके पर आया और हमला कर दिया। दबंगों ने अभय पर लात-घूंसे, ईंट-पत्थरों और कट्टे की बट से वार किए, जिससे उसके शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं, खासतौर पर बाएं कान पर गंभीर चोट लगी।

पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे, तब हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो भी स्थानीय लोगों ने बना लिया है। पुलिस ने अभय का मेडिकल परीक्षण कराते हुए संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# फोरलेन व गलियों में अन्ना जानवरों से बढ़ रहे हादसे

**लापरवाही**

▸▸ पालिका की ओर से नहीं चल रहा अन्ना जानवरों को पकड़ने का अभियान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


फोरलेन पर खड़ा अन्ना जानवरों का झुंड। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में अन्ना जानवरों की बढ़ती संख्या लोगों की जान पर बन आई है। फोरलेन, चौराहों और गलियों में घूमते सांड और मवेशियों से आए दिन हादसे हो रहे हैं। शनिवार को उन्नाव में एक युवक को सांड ने पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया।

इसी तरह शुक्लागंज में भी अन्ना जानवरों के झुंड खुलेआम घूमते देखे जा सकते हैं, जिससे वाहन चालकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के फोरलेन, नवीन पुल, मिश्रा कॉलोनी, कंचन नगर, मरहला चौराहा, आजाद मार्ग, बैराज मार्ग, रविदास नगर, पोनी रोड, ब्रह्म नगर सहित कई इलाकों में अन्ना मवेशियों का आतंक देखा जा सकता है। सुबह-शाम इन रास्तों से गुजरना राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरनाक बन गया है। इन मवेशियों की चपेट में आकर कई बार गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा कई दिनों से आवारा जानवरों को पकड़ने का कोई अभियान नहीं चलाया गया है।

कान्हा गौशाला में पहले ही क्षमता से अधिक गौवंश रखे जा चुके हैं, जिस कारण वहां और जानवरों को रखने की व्यवस्था नहीं है। वहीं बिंदा नगर पर पहले भी सांड की चपेट में आकर लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ऐसे में लोगों में भय का माहौल है। नगर पालिका गंगाघाट के एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने कहा कि जल्द ही अभियान चलाकर आवारा और पलातू गौवंशों को पकड़वाया जाएगा। साथ ही, जो पशुपालक जानवर छोड़ते पाए जाएंगे, उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं बकरीद : एसडीएम

संवाददाता, बांगरमऊ


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोगों से बात करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में बकरीद के मद्देनजर रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें उप जिलाधिकारी शुभम यादव ने दोनों समुदायों से शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में बकरीद मनाने की अपील की।

उपजिलाधिकारी ने नगर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों से बकरीद को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने हिदायत दी कि शासन से प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी कतई न करें और जो मशविरा बैठक में दिया गया है उसे नमाज के बाद अन्य लोगों को भी बताएं। सीओ अरविंद कुमार ने कहा कि बकरीद पर कोई भी नई परंपरा न डालें और नमाज सड़क पर न पढ़ें। इसके अलावा जानवरों की कुर्बानी बंद जगह में ही करें और उसका मलबा, खून व निष्प्रयोज्य अंग रास्तों व नाले-नालियों में न फेंकें। बल्कि उसे गड्ढे में दफनाएं। त्योहार पर पूरे दिन असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी।

यदि कोई अफवाह फैले तो इसकी सूचना तुरंत तहसील व पुलिस को दें। बैठक में कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह, गंजमुरादाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी सलीम कुरैशी, शहंशाह खां, संत कुमार दिवाकर, मनीष तिवारी, मो. आफाक, डॉ. राम बिहारी वर्मा, फजलुर्रहमान, मोनिस अंसारी, इरफान अंसारी, इसरार खान, हाजी लईक खां, फुरकान अंसारी, हफीज सभासद, कृष्णा बाजपेयी सभासद, अजहरुद्दीन उर्फ शेखू व अमित दिवाकर प्रधान आदि शामिल रहे।

# शर्बत वितरण से राहगीरों को राहत


भगवान श्री राम की पूजा अर्चना करते पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** ब्रह्मसभा शुक्लागंज व रामनाम लेखन महायज्ञ समिति के तत्वावधान में रविवार को डीएसएम पब्लिक स्कूल, राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूजा-अर्चना कर भीषण गर्मी से राहत की कामना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य तेज धूप व गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाना था। सैकड़ों लोगों को शीतल शरबत वितरित कर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर आशुतोष शुक्ल, ओम प्रकाश दीक्षित, अंजनी अग्निहोत्री, श्रीकांत त्रिवेदी, राजीव मिश्र, विजय शंकर तिवारी, सत्य कुमार उपाध्याय, बालेश शर्मा, अवनीश शुक्ला, डा. तारकेश्वर पांडेय, उमाशंकर यादव, श्रीकांत त्रिवेदी, बबलू बाजपेई, सत्य कुमार उपाध्याय मौजूद रहे।

### युवक से मारपीट में 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के परमसुख खेड़ा में शनिवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परमसुख खेड़ा निवासी मोहन ने बताया कि शनिवार सुबह मोहल्ले के मंटानी, राकेश, धना और नितिन उससे पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज की।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने राधा कृष्णा फार्मेसी, हसनापुर गंज मुरादाबाद में प्रिंसिपल के रूप में दिनांक 01.07.2024 को ज्वाइनिंग की थी और दिनांक 04.03.2025 को इस्तीफा दे दिया था तथा 01.04.2025 को रिलीविंग ली थी। मेरे इस्तीफा देने के बाद भी ऑन लाईन पोर्टल पर मेरा नाम शो हो रहा है। मेरे द्वारा इस विद्यालय से अपनी सेवायें समाप्त कराने के बाद अब मेरी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **मुकेश कुमार पुत्र श्री वीरभान मलिक निवासी बण्डा जिला शाहजहाँपुर।**

# मुस्लिम तुष्टिकरण को ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- ऐसा करके माताओं-बहनों का अपमान कर रहीं कर दीदी

कोलकाता, एजेंसी



बंगाल में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अमित शाह।

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा, 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में तृणमूल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। भाजपा नेता ने दावा किया, जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने आरोप लगाया, मुर्शिदाबाद दंगों के दौरान गृह मंत्रालय बीएसएफ की तैनाती पर जोर देता रहा, लेकिन तृणमूल सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया, ताकि हिंसा जारी रहे। अगर बीएसएफ के जवान तैनात होते तो हिंदुओं की सुरक्षा होती। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद ही आखिरकार बीएसएफ को भेजा गया।

## शाह का बारिश प्रभावित पूर्वोत्तर को हरसंभव मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में गुरुवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए।

## सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

मुंबई, एजेंसी

- फोर्स वन और मुंबई पुलिस ने भी लिया हिस्सा, रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी
- गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर किया अभ्यास

गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्चस्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

बयान के मुताबिक, दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। बयान में कहा गया, इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था।

सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कठोरता से पालन किया जाए।

### एक नजर

**हिमाचल प्रदेश: सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया था।

**सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्ति को हिरासत में लिया**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोशल मीडिया मंचों का गलत इस्तेमाल कर शांति भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सालियान-सुरनकोट गांव निवासी एजाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, यह कदम पुलिस की सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक व्यवस्था और सभी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मुठभेड़ में बब्बर खालसा से जुड़े दो सदस्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- आतंकवाद-वसूली माड्यूल का भंडाफोड़, मुठभेड़ में एक घायल

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस की गोली से एक सदस्य घायल भी हुआ है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था। फौजी के दो साथियों करजप्रीत सिंह और गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फौजी ने दोनों को एक पिस्तौल मुहैया कराई और अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गुरलाल को पिस्तौल की बरामदगी के लिए ले गई।

## गद्दारों ने तेजस्वी व मेरे बीच फूट डालने की कोशिश की: तेजप्रताप

**पटना।** पार्टी से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। राजद पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

तेजप्रताप ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा।

## नासिक-त्र्यंबकेश्वर में अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला

नासिक/मुंबई, एजेंसी

- नासिक में साधुओं और महंतों ने की बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा

नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को दो प्रमुख तीर्थ नगरी में पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी नदी में पहला अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है। पिछला सिंहस्थ कुंभ मेला वर्ष 2015-16 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया गया था। कुंभ पारंपरिक रूप से नासिक-त्र्यंबकेश्वर, प्रयाग, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित किया जाता है।

## समय से पहले मानसून आने से मई में बिजली खपत चार प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बारिश ने कूलर और एसी जैसे उपकरणों द्वारा होने वाली बिजली खपत की कम

मई में भारत की बिजली खपत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घटकर 148.71 अरब यूनिट रह गई। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और मानसून का समय से पहले आना है।

पिछले साल मई में बिजली की खपत 155.15 अरब यूनिट दर्ज की गई। मानसून के समय से पहले आने और मौसमी बारिश ने मई में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग को भी प्रभावित किया। आईएमडी के अनुसार, मानसून अपने सामान्य समय से आठ दिन पहले यानी 24 मई, 2025 को केरल तट पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मई के दौरान विशेष रूप से कूलर और एयर कंडीशनर (एसी) जैसे उपकरणों द्वारा बिजली की खपत को कम कर दिया है। मई में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति पिछले महीने घटकर लगभग 231 गीगावाट रह गई, जो मई 2024 में लगभग 250 गीगावाट थी। मई, 2024 में एक दिन में सबसे ज्यादा मांग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछली सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी।

### बचाव अभियान



त्रिपुरा के अगरतला के बाहरी इलाके में बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव कर्मी नाव के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सहायता करते हुए। एजेंसी

## सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने संसद सत्र बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनजर सैन्य एवं विदेश नीति से संबंधित रणनीति पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की रविवार को मांग की। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि सरकार सभी दलों और पूरे देश को विश्वास में ले तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे।

कांग्रेस महासचिव जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को वह बताना चाहिए था कि जो जनरल चौहान ने सिंगापुर में कहा है। उन्होंने कहा, चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर पर कुछ महत्वपूर्ण बयान सिंगापुर में दिए हैं। बेहतर होता कि सरकार ने पहले सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को इस बारे में जानकारी दी होती। जनरल चौहान के बयानों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद के दौर में व्यापक रणनीतिक विदेश नीति और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद की तत्काल बैठक बुलाने के मामले को बल मिलता है।



### एक नजर

**रिकॉर्ड मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना एलआईसी**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रहा था।

**केनरा बैंक का बचत खातों में न्यूनतम शेष पर जुर्माना खत्म**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

# भारत को गति देने के लिए काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है।

कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं।

## एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं। एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। एडीबी ने कहा कि उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। कांडा ने एडीबी समर्थित दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का दौरा किया और उन महिलाओं से बात की जिनकी आजीविका परियोजना से जुड़े प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर हुई है।

## बीते वित्त वर्ष में विनियमित इकाइयों पर आरबीआई ने 353 जुर्माने लगाए

मुंबई, एजेंसी

- सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है।

ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश, धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश, सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग, और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। इसके अलावा, आरबीआई ने 37 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)/परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों पर कुल 7.29 करोड़ रुपये और 13 आवास वित्त कंपनियों पर 83 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

## भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, पर प्रति व्यक्ति आय में काई अच्छा सुधार नहीं: गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूर्व वित्त सचिव ने कहा- प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित

पूर्व वित्त सचिव सुभाषचंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी विकसित और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है। गर्ग ने यह भी कहा कि आईएमएफ के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, आईएमएफ देशों के जीडीपी को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है।

वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।

## सरकार ने पड़ोसी देशों से एफडीआई मंजूरी तेज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीन सहित पड़ोसी देशों के एफडीआई आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रियाओं को काफी सुव्यवस्थित किया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं और नियमित रूप से अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंजूरी तय समयसीमा के भीतर मिले। सरकार ने 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया था। ये देश हैं चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं। इन देशों से लंबित एफडीआई प्रस्तावों की संख्या काफी कम है।

**सिंगापुर फिर बना भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत**

**नई दिल्ली।** सिंगापुर पिछले सात साल से एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है।

## ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

मुंबई, एजेंसी



- मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहना मुख्य कारण

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।







**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# बारिश से विलंब से शुरू हुआ मैच पूरे 20 ओवर का होगा मुकाबला

## मुंबई इंडियंस का पहला विकेट गिरा, रोहित शर्मा 8 रन बनाकर लौटे पवेलियन

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में पूरे बीस ओवर डाले जायेंगे जबकि बारिश के कारण खेल सवा दो घंटे विलंब से शुरू होगा। बीसीसीआई ने बताया कि मैच नौ बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा और कोई ओवर कम नहीं किया जाएगा। इससे पहले बारिश के कारण खेल की शुरूआत में विलंब हुआ । पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

खबर लिखे जाने तक मुंबई इंडियंस ने चार ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए थे। ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा महज आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जॉनी बेयरस्टो और तिलक वर्मा बल्लेबाजी कर रहे हैं।



बारिश बंद होने का इंतजार करते कवर मैन। ● एजेंसी



मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा रन पूरा करते हुए। ● एजेंसी

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी गई श्रद्धांजलि

**फिट इंडिया संडे**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियां, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा, यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ-फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएँगे। आपकी गति 'सात से 34 किमी प्रति घंटे तक और आपकी दूरी दर्ज की जाएगी, और आपके कार्बन क्रेडिट जोड़े जाएंगे।

श्री मांडविया ने इस अवसर पर अभिनेत्री शरवरी को 'यंग फिट इंडिया आइकन' की उपाधि से सम्मानित किया। यंग फिट इंडिया आईकन से सम्मानित किये जाने पर शरवरी ने कहायह अभियान बहुत बड़ा है। साइकिल चलाना मुझे स्कूल की गर्मियों की छुट्टियों की याद दिलाता है



**जयपुर :** पहली तिब्बती पेशेवर मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर तेनजिन पेमा जयपुर में एक वर्कआउट करती हुईं। ● एजेंसी

# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा : सबा करीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं।

उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।



सबा करीम व शुभमन गिल। ● एजेंसी

## मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी :** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## मेरा लक्ष्य विश्व शीर्ष-50 में पहुंचना है : घोरपड़े

**अहमदाबाद :** भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी यशस्विनी घोरपड़े ने 2024 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करते हुए इस खेल में तेजी से प्रगति की है और उसी वर्ष वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो गईं।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 84वें स्थान पर काबिज घोरपड़े अब पहले शीर्ष 75 और फिर शीर्ष 50 में पहुंचकर अगले वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपना स्थान पक्का करना चाहती है। घोरपड़े ने 'पीटीआई' से कहा जब मैंने अंडर-15 में पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी, तब मैं आठवीं कक्षा में थी और फिर मैंने अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। पिछले साल मैंने घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही।

# रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया सरोज से होगी सगाई

**जौनपुर, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की



मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।

आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रिंकू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। सपा विधायक के करीबियों के अनुसार, शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगी। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय लिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।

## खेल डायरी

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद 23वें स्थान पर खिसके

**डबलिन :** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमशः 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर बढ़त है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

**नई दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।

### गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी

**स्टावेंजर :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।



फ्रेंच ओपन में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना इटली की जैस्मीन पाओलिनी को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

# स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी**

एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। यूक्रेन की 13वीं वरीयता स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक या 2022 विंबलडन चैंपियन एलिना रयबाकिना की चुनौती होगी। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए टाई ब्रेकर तक चले इस सेट को अपने नाम किया।

**नोवाक जोकोविच चौथे दौर में पहुंचे :** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है।

## बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब सोमवार को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

**म्यूनिख, एजेंसी**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।



चैंपियंस लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी हवा में उड़ रहे थे।

## फ्रांस में चैंपियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत

**पेरिस :** पेरिस सेंट जर्मेन की चैंपियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। फ्रांस में आतिशबाजी में एक पटाख एक पुलिस अधिकारी को लगा जिससे वह कोमा में चला गया है। पेरिस में 201 लोग घायल हुए हैं।

# ईरान की परमाणु गतिविधियां सभी समझौतों के भीतर

दुबई, एजेंसी



• ईरान के बढ़ते यूरेनियम भंडार की रिपोर्ट पर विदेश मंत्री ने आईएईए प्रमुख से की बात

ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार सुबह संयुक्त राष्ट्र (संरा) की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के निदेशक से फोन पर बात की। इसके पहले अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट में कहा था कि ईरान संवर्धित यूरेनियम के भंडार में बढ़ोतरी कर रहा है जो हथियार बनाने योग्य स्तर का है। टेलीग्राम पर अब्बास अराघची ने लिखा कि उन्होंने वियना स्थित आईएईए के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी से बातचीत में ईरान के सहयोग पर जोर दिया।

आईएईए ने फोन कॉल के बारे में पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया है। आईएईए की गोपनीय रिपोर्ट में सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि ईरान अब ऐसी सामग्री का उत्पादन करने वाला परमाणु हथियार से रहित एकमात्र देश है। रिपोर्ट में इसे गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। अराघची ने ग्रॉसी से बातचीत में इस चीज पर जोर दिया कि ईरान की सभी परमाणु गतिविधियां समझौतों के ढांचे के भीतर हैं और आईएईए द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। आईएईए ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि ईरान के कई स्थानों पर (जिन्हें तेहरान परमाणु स्थल घोषित करने में विफल रहा है) आईएईए निरीक्षकों द्वारा यूरेनियम की मौजूदगी का पता लगाने के मामले में उसके साथ ईरान का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा है।

# रूस में विस्फोट से दो पुल ढहे, सात लोगों की मौत

**मॉस्को।** पश्चिमी रूस में शनिवार रात में विस्फोटों से दो पुल ढह गए और दो ट्रेन पटरी से उतर गईं। इनमें से एक घटना में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने हालांकि विस्फोटों के कारणों के बारे में नहीं बताया। यूक्रेन की सीमा से लगे ब्रायंस्क क्षेत्र में स्थित पहला पुल शनिवार को एक यात्री ट्रेन के ऊपर गिर गया, जिससे कई लोग हताहत हुए। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे पास के कुस्र्क क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने से दूसरी ट्रेन भी पटरी से उतर गई। कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशतेन ने टेलीग्राम पर बताया कि विस्फोट के कारण पुल ढहने की इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना से आग लग गई।

# बढ़ती उम्र और नींद

भागदौड़ भरी जीवनशैली में देर रात तक जागना आम है। युवा से लेकर कामकाजी लोग तक, कई कारणों से देर तक जागते हैं- चाहे वह मोबाइल फोन हो, काम का दबाव हो या मनोरंजन। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आदत आपके दिमागी स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है? हाल ही में किए गए एक बड़े अध्ययन से यह सामने आया है कि जो लोग देर रात तक जागने के आदी हैं, उनकी दिमागी क्षमता उम्र के साथ तेजी से घटती है। इसके उलट, सुबह जल्दी उठने वालों में यह गिरावट अपेक्षाकृत धीमी होती है। नींद की नियमितता, जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों का हमारे मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर सीधा असर होता है। हाल ही में नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ग्रोनिंगन द्वारा किए शोध में यह बात सामने आई है कि रात में देर तक जागने वालों की दिमागी क्षमता उम्र के साथ घटती है। इसमें 23,800 लोगों को शामिल किया गया, जिनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता का विश्लेषण 10 वर्षों तक किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य पर दबाव



### क्रोनोटाइप और सोना-जागना

शोध के अनुसार, व्यक्ति का क्रोनोटाइप– यानी वह दिन के किन हिस्सों में ज्यादा सक्रिय रहता है– यह तय करता है कि उसकी नींद और जागने की आदतें कैसी हैं। देर रात तक जागने वाले लोगों का सोने–जागने का चक्र देर से शुरू होता है, जबकि सुबह जल्दी उठने वाले लोग जल्दी सोते और उठते हैं।

### जीवनशैली-मस्तिष्क पर असर

शोध में पाया गया कि देर तक जागने वाले लोग अधिक धूम्रपान करते हैं, शराब का सेवन ज्यादा करते हैं और कम शारीरिक गतिविधि करते हैं, जिससे उनकी दिमागी सेहत पर नकारात्मक असर पड़ता है।

### उम्र के साथ-साथ नींद के चक्र में बदलाव

बचपन में अधिकतर बच्चे जल्दी उठते हैं, किशोरावस्था में देर से जागने लगते हैं और 20 की उम्र के बाद फिर धीरे–धीरे सुबह उठने की प्रवृत्ति लौटने लगती है। हालांकि यह बदलाव सभी में नहीं होता।

### सलाह-समाधान

शोधकर्ताओं की सलाह है कि जितना संभव हो, व्यक्ति को अपने प्राकृतिक नींद चक्र के अनुसार जीवनशैली अपनानी चाहिए। जब शरीर मेलाटोनिन नहीं बनाता, तब जबरदस्ती सोने की कोशिश न करें। यदि कोई व्यक्ति रात में जागने का आदी है, तो उसे काम शुरू करने का समय भी उसी के अनुसार होना चाहिए, ताकि मस्तिष्क को पूरा आराम मिल सके और दीर्घकालिक मानसिक समस्याएं न हों।

### उच्च शिक्षित लोगों में नींद की समस्या

शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि अच्छी शिक्षा पाने वाले कई लोग, जो सुबह जल्दी नौकरी पर जाते हैं, उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिलती। इससे मस्तिष्क को पूरा विश्राम नहीं मिल पाता, और उनकी मानसिक क्षमता धीरे–धीरे घटने लगती है। शोध में यह भी स्पष्ट हुआ कि 25% मामलों में दिमागी गिरावट का कारण धूम्रपान और खराब नींद होती है।

### सोने की आदतों का रखें ध्यान

इस शोध का सार यही है कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नींद की आदतों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि दिमाग को भी रोज विश्राम की जरूरत होती है।

## एक नजर

### धूल भरी आंधी में फंसा इंडिगो का विमान

**नई दिल्ली।** रायपुर से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट को उस समय बड़ी परेशानी हुई, जब वह दिल्ली एयरपोर्ट के पास पहुंचते ही तेज धूल भरी आंधी में फंस गई। इस खराब मौसम और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं के कारण विमान की लैंडिंग से ठीक पहले वापस उड़ान भरना पड़ा। दिल्ली में धूल भरी तेज आंधी से रनवे पर विजिबिलिटी काफी कम हो गई। पायलट ने ऐसे में वापस उड़ान भरने का फैसला किया। पायलट ने कई बार हवाई अड्डे के आस–पास चक्कर लगाए। वहीं मौसम सामान्य होने पर पायलट ने विमान को सुरक्षित दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा।

### जर्मनीः अस्पताल में लगी आग, 3 की मौत, 50 झुलसे

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मन शहर हैम्बर्ग के होहेनफेल्ड जिले में अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से तीन मरीजों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य झुलस गये। स्थानीय अधिकारियों ने आज इस घटना की पुष्टि की। हैम्बर्ग अग्निशमन विभाग के अनुसार इस हादसे में दो मरीजों की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है।

### फ्रांसः जीतने की खुशी मनाने के दौरान दो की मौत

**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट–जर्मन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया। राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने बताया कि शनिवार रात म्यूनिख में हुए फाइनल के बाद पीएसजी स्ट्राइकर पार्टी के दौरान डैक्स शहर में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।

### तुर्की-पाकिस्तान सीमा पर आईएस सरगना हिरासत में

**अंकारा।** कुख्यात आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस–रूस में प्रतिबंधित) के सरगना को गुप्त खुफिया अभियान के दौरान पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर हिरासत में लिया गया। तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तुर्की और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के अभियान में ओजगुर अल्तुन को पकड़ा गया, जो आईएस मीडिया और रसद का प्रभारी है। तुर्की राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने तुर्की के खिलाफ आईएस की साजिशों तथा आतंकवादी अभियानों को विफल किया है।

# पाकिस्तान आतंकवाद को दे रहा बढ़ावा, ग्रे लिस्ट में डालें : ओवैसी

## अल्जीरिया में बोले- पाकिस्तानी जेल में बंद आतंकी लखवी पिता बन गया, इतनी ढील

अल्जीयर्स, एजेंसी



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। वह अल्जीरिया के दौरे पर हैं, जहां वह भारत के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की जेल में बंद कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी कैद के दौरान पिता बन गया, जो यह दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को कितनी ढील देता है। किसी भी जिम्मेदार देश में आतंक के आरोपों में बंद व्यक्ति को ऐसी छूट नहीं दी जाती। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा बढ़ा। उन्होंने एफएटीएफ और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की ताकि आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्दोष लोगों की हत्या इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है और पाकिस्तान अब 'तकफीरवाद' का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की विचारधारा आईएसआईएस और अल-कायदा जैसी संगठनों से मेल खाती है, जो धर्म के नाम पर हिंसा को सही ठहराती है, जबकि इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता। प्रतिनिधिमंडल में बैजयंत पांडा, निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला हैं। यह दल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा कर रहा है।

### सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्रिटेन और स्पेन

**लंदन/मैड्रिड।** भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का संदेश लेकर रविवार को लंदन और स्पेन पहुंचा। लंदन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रविशंकर प्रसाद कर रहे हैं और स्पेन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व द्रमुक सांसद कनिमोई करुणानिधि कर रही हैं। लंदन गया प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष लिंडसे होयल, हिंद–प्रशांत के लिए ब्रिटेन के विदेश कार्यालय मंत्री कैथरीन वेस्ट, सांसदों, थिंक टैंक और भारतीय समुदाय से बातचीत करेगा। वहीं स्पेन गया प्रतिनिधिमंडल वहां के नेताओं, अधिकारियों, भारतीय प्रवासियों से मुलाकात करेगा तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने को लेकर भारत के नजरिए से उन्हें अवगत कराएगा।

### थरूर का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्राजील

**ब्रासीलिया।** शशि थरूर का प्रतिनिधिमंडल रविवार को ब्राजील पहुंचा जो भारत की नीतियों से वहां के नेताओं को अवगत कराएगा। प्रतिनिधिमंडल का दूतावास प्रभारी संदीप कुजूर ने स्वागत किया। ब्राजील में भारतीय दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ब्राजील के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों से मुलाकात करेगा, जिनमें राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार सेल्सो अमोरिम, विदेश मामलों की महासचिव मारिया लौरा दा रोचा, ब्राजील की सीनेट में भारत–ब्राजील मैत्री मोर्चे के प्रमुख सीनेटर नेल्सन ट्रैड और ब्राजील के 'चैंबर ऑफ डेप्युटीज' की विदेश मामलों और राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष फिलिप बैरोस शामिल हैं।

### पाकिस्तान से बातचीत पीओके वापस लेने पर

**कुआलालंपुर।** मलेशिया गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान से अगली बातचीत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) वापस लेने पर होनी चाहिए। हम दशकों से पाकिस्तान से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन एक चीज बरकरार है–पाकिस्तान के साथ गतिरोध।

### झूम उठा शिमला



शिमला ग्रीष्मोत्सव 2025 की धूमधाम भरी शुरुआत रविवार को हुई, जब शहर के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी–धजी महिलाओं ने रंग–बिरंगे लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक पेश करते इन नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एजेंसी

# भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु

नई दिल्ली, एजेंसी



• एक्सिओम स्पेस के चौथे मिशन के तहत अंतरिक्ष स्टेशन जाने को शुक्ला तैयार

भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स–4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन–9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे से पहले नहीं होगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

एक्सिओम–4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा, अन्य चालक दल में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं, जो इतिहास में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दोनों यूरोपीय देशों की पहली यात्रा और 40 वर्षों में दूसरा सरकार प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम–4 मिशन की कमांडर होंगी। अंतरिक्ष यात्री कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में 14 दिन बिताने की योजना बना रहे हैं, जहां वे विज्ञान और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करेंगे।

# इजराइली सेना की गोलीबारी से गाजा में 31 फलस्तीनियों की मौत, 69 घायल

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा पट्टी में खाद्य सामग्री लेने के लिए सहायता केंद्र पर जाते समय 31 लोगों की मौत हो गई और 69 से अधिक लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों और कई प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली बलों ने इजराइल समर्थित संस्था द्वारा संचालित सहायता स्थल से एक किलोमीटर दूर भीड़ पर गोलीबारी की। सेना ने कहा कि उसे मानवीय सहायता वितरण स्थल के भीतर इजराइली सेना की गोलीबारी से हुई हानि के बारे में जानकारी नहीं है। मामले की अभी समीक्षा की जा रही है। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा सहायता आपूर्ति का वितरण किए जाने के दौरान अराजकता की स्थिति रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने सहायता वितरण स्थलों के पास भीड़ पर गोलीबारी की। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रविवार से पहले सात लोग मारे गए तथा 69 से अधिक घायल हो गए।

### हमास युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहाः इजरायल



**यरुशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है। यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को दी। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया, हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।

# आईसीटी ने हसीना पर कई अपराधों के लगाए आरोप

ढाका, एजेंसी



• छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में हसीना की भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य अपराधों के लगाए गए आरोप

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों पर पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में उनकी कथित भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य आरोपों को लेकर अभ्यारोपित किया। रविवार की कार्यवाही का मतलब है कि हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू किया जाएगा। यह कार्यवाही विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना सरकार के सत्ता से हटने के 10 महीने बाद शुरू हुई।

न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता में आईसीटी की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब अभियोजन पक्ष की टीम द्वारा औपचारिक रूप से आरोपियों पर क्रूर बल का प्रयोग करके प्रदर्शनों को नियंत्रित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। न्यायाधिकरण ने अभ्यारोपित करने की कार्यवाही 145 पृष्ठों के अभियोग पत्र पर सुनवाई करने के बाद शुरू की और हसीना तथा तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामले में तीसरे आरोपी एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून इस समय हिरासत में हैं और उनकी उपस्थिति में मुकदमा चलेगा। अभियोजन पक्ष ने हसीना पर विरोध को क्रूरता से दबाने के लिए पूर्ण अधिकार का प्रयोग करने का आरोप लगाया। अन्य दो लोगों पर उकसावे, मिलीभगत और अपराध में सहायता करने का आरोप लगाया गया है।

### बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट ने जमात ए-इस्लामी पार्टी को किया बहाल

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी जमात–ए–इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया। अंतरिम सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध हटाने के आठ महीने बाद, न्यायालय ने चुनावों में इसकी भागीदारी का रास्ता साफ कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश सैयद रफात अहमद की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की अपीलीय शाखा ने आयोग को पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह चुनाव आयोग को तय करना है कि जमात अपने पारंपरिक 'तराजू' चुनाव चिह्न का उपयोग करके चुनाव लड़ सकती है या नहीं। चुनाव आयोग ने उच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुरूप दिसंबर 2018 में जमात का पंजीकरण रद्द कर दिया था, जो 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध कर रही थी।

# संघर्ष समाप्त करने का अंतिम निर्णय रूस और यूक्रेन को लेना है: अमेरिका



• अमेरिकी प्रवक्ता ब्रूस बोलीं- दोनों पक्षों के बीच बातचीत की दी सुविधा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अमेरिका ने रूस और यूक्रेन को बातचीत की मेज पर बैठाने के लिए काम किया है, लेकिन संघर्ष को कैसे समाप्त किया जाए, इसका फैसला उन पर निर्भर है।

ब्रूस ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता पर अपने विचारों के बारे में सार्वजनिक रूप से कहा है, जिस पर वह टिप्पणी नहीं कर सकती हैं, लेकिन समझौते की शर्तें अंततः यूक्रेन और रूस के बीच निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत की सुविधा दी है, जो अमेरिकी जरूरतों से अवगत थे, लेकिन परिणाम उन पर निर्भर करेगा। अमेरिका नहीं चाहता कि रूस-यूक्रेन वार्ता महीनों और सालों तक खिंचे, क्योंकि हर दिन मायने रखता है। ट्रंप ने तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए पारस्परिक रूप से सहमत और व्यावहारिक समाधान पर पहुंचने में दोनों पक्षों की असमर्थता पर अमेरिका की निराशा को बार-बार व्यक्त किया है और कहा है कि यदि कोई समाधान नहीं निकलता है, तो अमेरिका शांति वार्ता से बाहर निकल जाएगा।

### रूस का यूक्रेन के सैन्य केंद्र पर हमला, 12 की मौत

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रविवार को मिसाइल से किये गए हमले में कम से 12 यूक्रेनियाई सैनिक मारे गए जबकि 60 से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की थलसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। हमला अपराह्न 12:50 बजे हुआ। उसने दावा किया कि हमले के समय कोई सैन्य तैयारी नहीं हो रही थी। यूक्रेन की थलसेना ने बताया कि हमले की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए एक जांच आयोग का गठन किया गया है, जिसमें इतने कर्मी हताहत हुए हैं। यूक्रेन का यह प्रशिक्षण केंद्र अग्रिम मोर्चे से 1,000 किलोमीटर दूर है। इस स्थान को रूस के टोही और हमलावर ड्रोन निशाना बनाने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है और एक स्थान पर सैनिकों के जमावड़े के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरत रही है, क्योंकि अग्रिम मोर्चे पर आसमान रूसी ड्रोन से भरे हैं जो निशाने की तलाश में रहते हैं।

# नेपाल में राजशाही समर्थकों का प्रदर्शन पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृह मंत्री कमल थापा और आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी नेपाल सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के समर्थक प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे और जब लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री के आवास बलुवाटर की ओर बढ़े तो पुलिस से झड़प हो गई।

चिंताजनक — उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे

# लालच देकर नाबालिगों को लक्ष्य बनातीं अवैध साइट

• रिपोर्ट के अनुसार, ये मंच, 28% जीएसटी व टीडीएस से मुक्त हैं

• अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब

नई दिल्ली, एजेंसी



अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर आने वाले आक्रामक वित्तीय प्रोत्साहन और रैपिड-फायर (तत्काल सवाल-जवाब आधारित) सट्टेबाजी उत्पाद, नाबालिगों और कमजोर उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे हैं। इससे ये लोग इन सट्टेबाजी के आदी बन रहे हैं।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ये मंच, वैध संचालकों द्वारा लगाए जाने वाले 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से मुक्त हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक आकर्षक भुगतान और विनियमित साइट पर प्रतिबंधित तत्काल हार-जीत वाले गेम के साथ लुभाते हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि इन अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब है।

सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'फिक्सिंग द ऑड्सः ए पॉलिसी ब्लूप्रिंट फॉर कर्बिंग इलीगल ऑनलाइन गैंबलिंग इन इंडिया' से पता चला है कि अवैध जुआ संचालक युवा वयस्कों, उच्च खर्च करने वालों और विशेष रूप से जुए के नुकसान के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों को लक्षित करने के लिए नियामकीय खामियों का फायदा उठा रहे हैं। सीयूटीएस इंटरनेशनल के विश्लेषण के अनुसार, केवल एक वर्ष में शीर्ष 15 अवैध जुआ मंच और उनकी 'मिरर' (वैसी ही दिखने वाली) साइट पर 5.4 अरब से अधिक लॉग-इन हुए, जो समस्या के पैमाने को रेखांकित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2025 के लिए परीमैच की ट्रैफिक हिस्सेदारी अमेजन.इन, विकिपीडिया.ओआरजी, गूगल.को.इन, एक्स.कॉम, हॉटस्टार.कॉम, फ्लिपकार्ट.कॉम, लिंक्डइन.कॉम, कोरा.कॉम और रेडिट.कॉम जैसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले मंच से भी आगे निकल गई।

### जांच के बाद 357 साइट की गईं ब्लॉक

रिपोर्ट कहती है, अप्रैल, 2024 और मार्च, 2025 के बीच कुल ट्रैफिक का 66 प्रतिशत से अधिक (3.5 अरब से अधिक विजिट) प्रत्यक्ष ट्रैफिक के माध्यम से है। इसका अर्थ है कि उपयोगकर्ता मैन्युअल रूप से यूआरएल दर्ज कर रहे हैं, बुकमार्क का उपयोग कर रहे हैं, या निजी चैनल से लिंक प्राप्त कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने 22 मार्च, 2025 को विदेशी ऑनलाइन इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी, जिसमें 700 की जांच की जा रही है। अबतक, 357 अवैध या गैर–अनुपालन वाली वेबसाइट/यूआरएल को ब्लॉक किया गया है और अन्य मजबूत पहल के अलावा 2,000 बैंक खातों पर भी रोक लगाई गई है।